जबलपुर
गुरुवार 15 जनवरी 2026

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



# इसे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सद्भाव का प्रतीक बताया

## दिल्ली में पोंगल उत्सव में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन और भाजपा अध्यक्ष नड्डा हुए शामिल



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन, वीरेंद्र सचदेवा, मनोज तिवारी और अन्य लोग भी पहुंचे

**केंद्रीय राज्य मंत्री मुरुगन के आवास पर था कार्यक्रम**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोंगल पर केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन के दिल्ली स्थित आवास पर कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन समेत भाजपा के कई बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल हुए। उपराष्ट्रपति और नबीन ने पोंगल को भारत की सांस्कृतिक विरासत, कृतज्ञता, एकजुटता और समृद्धि का प्रतीक बताते हुए सभी को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। नबीन ने कहा कि मैं नई दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन की ओर से आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुआ।




पोंगल के कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन भी शामिल हुए।

### प्रकृति का ख्याल रखूंगी: बांसुरी

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने सभी को पोंगल पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुरुगन के आवास परकार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आए। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पोंगल अन्नदाता की मेहनत, धरती माता और भगवान सूर्य की कृपा का पर्व है। देश के युवाओं को भी संदेश दिया कि हम बढ़-चढ़कर प्रकृति का ख्याल रखें। इसी मूलमंत्र को मैं आत्मसात करके यहां से निकली हूं।

### पोंगल मूल रूप से तमिलों का त्योहार: नागेंद्रन

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने कहा कि पोंगल तमिल लोगों का त्योहार है। यह तमिल लोगों की कला और संस्कृति का उत्सव है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने कहा कि हम बहुत खुश हैं क्योंकि प्रधानमंत्री चौथी बार पोंगल मना रहे हैं। हर पोंगल पर, वह तमिलनाडु के लोगों को शुभकामनाएं देते हैं। हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' में पक्का विश्वास करते हैं।



**अहमदाबाद।** यहां उत्तरायण उत्सव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पतंग उड़ाते हुए।

## खबर संक्षेप

### आदित्य साहू बने झारखंड भाजपा के अध्यक्ष

**रांची।** आदित्य साहू को भाजपा की झारखंड प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया है। केंद्रीय चुनाव पदाधिकारी जुएल ओराम ने उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। ओराम ने भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के लिए झारखंड से 21 सदस्यों के निर्वाचन की भी घोषणा की। इनमें कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास आदि हैं।



### चीनी मांझे की चपेट से डॉक्टर की मौत

**जौनपुर।** जिले में बुधवार को चीनी मांझे की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना पंचहटिया स्थित प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास हुई। मृतक की पहचान डॉक्टर समीर हासिमी के रूप में हुई है। गर्दन कटने से काफी खून बह रहा था, जिससे मौके पर मौत हो गई।




### भ्रष्टाचार केस में दुबे को लोकपाल से क्लीनचिट

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के ख़िलाफ़ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाले लोकपाल ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। दुबे को शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की भी छूट दी है। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने दुबे और उनके परिवार के खिलाफ बेहिसाब संपत्ति की शिकायत की थी।



### एयरलाइन ने किफायती सेवा का आफर दिया

**नई दिल्ली।** देश की दो बड़ी एयरलाइन कंपनी नए साल में यात्रियों के लिए ऑफर दिए हैं। यात्रियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स पर किफायती किराए के साथ कई जरूरी सेवाओं पर आकर्षक छूट मिल रही है।इंडिगो की सेल 13 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक टिकट बुकिंग के लिए खुली रहेगी।



## पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर सुनवाई

# कलकत्ता हाईकोर्ट से लगा ममता सरकार को झटका, अदालत ने उनकी याचिका खारिज की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

**टीएमसी को डेटा सुरक्षा चाहिए**

पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई की गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में बुधवार को सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने ईडी के इस बयान को रिकॉर्ड किया कि उसने 8 जनवरी को फर्म के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस से कुछ भी जब्त नहीं किया था। ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू कहा कि एजेंसी ने जो कुछ भी अपने कब्जे में लिया था, उसे सीएम ममता ले गईं। इससे पहले ईडी ने हाई कोर्ट को बताया कि पिछले हफ्ते राजनीतिक परामर्श फर्म के डायरेक्टर जैन के घर और ऑफिस पर हुई तलाशी के सिलसिले में दायर याचिकाओं को टाल दिया जाए। वहीं टीएमसी के वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि पार्टी सिर्फ अपने डेटा की सुरक्षा चाहती है।

### ईडी ने कहा- कुछ भी जब्त नहीं किया




कलकत्ता उच्च न्यायालय

### ईडी का दावा: अदालतों ने इसे संज्ञेय अपराध माना था

9 जनवरी को ईडी ने दावा किया है कि इस घटना में राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व की सीधी भागीदारी थी और पुलिस बल का दुरुपयोग किया गया। एजेंसी ने आग्रह किया है कि वह सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने और मुख्यमंत्री सहित सभी संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच करने का निर्देश दे। सीबीआई की जांच जरूरी है, क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने लगातार यह माना है कि जहां राज्य में ऊंचे और शक्तिशाली लोग संज्ञेय अपराधों को करने में शामिल होते हैं, वहां जांच सीबीआई को ट्रांसफर कर दी जानी चाहिए। ईडी ने जबरदस्ती ले गए सभी डिजिटल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, स्टोरेज मीडिया और दस्तावेजों को तत्काल जब्त करने, सील करने, की मांग की थी।

### टीएमसी ने भी दायर की थी याचिका

इस मामले को लेकर टीएमसी ने आई पैक पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। टीएमसी बंगाल में एसआईआर के खिलाफ आवाज उठा रही है और विरोध कर रही है।

### हाई कोर्ट से बोले एसएसजी राजू

## यहां आसमां नहीं फटने वाला फिलहाल रोक दीजिए सुनवाई

सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने आई- पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर हो रही छापेमारी के दरमियान नाटकीय तौर पर एंट्री की थी और सरकारी काम में बाधा डाला। ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेड वाली जगहों पर गईं और अहम सबूत ले गईं। दूसरी तरफ, ममता की तरफ से दावा किया गया कि ईडी के छापे अवैध थे और जांच एजेंसी ने सारी सीमएं लांघ दी थी। इस दौरान टीएमसी ने ईडी द्वारा जब्त किये गये चुनाव संबंधी उसके डाटा की सुरक्षा के लिए अदालत से गुहार लगाई।



### सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध

ईडी ने उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका का हवाला देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। ईडी की तरफ से पेश हुए राजू ने कोर्ट को बताया कि एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की हैं। इसलिए हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई न करे। उन्होंने दलील दी, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में आ सकता है। लिहाजा, इस मामले की सुनवाई को टाल दिया जाए। आज सुनवाई नहीं होने से कोई आसमान फटकर नहीं गिरने वाला है।

### आई- पैक की गैरमौजूदगी पर भी उठे सवाल

एएसजी राजू ने आई- पैक की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म को कोर्ट में पेश होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पूरी याचिका चुनाव से जुड़े तर्कों पर आधारित है, न कि किसी अधिकार के उल्लंघन पर। किसी के घर से किसी का डेटा ज़ब्त किया गया है, उन्हें तो कोर्ट आना चाहिए था। आई -पैक को यहां आना चाहिए था।

### बंगाल में एसआईआर पर रार

## 50 बीएलओ ने दिया इस्तीफा बीडीओ ऑफिस में तोड़फोड़

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का ब्लॉक में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर हालात लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं।इसके नाम पर आम लोगों को परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए फरक्का ब्लॉक के सभी बूथ लेवल ऑफिसर ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा बुधवार सुबह फरक्का ब्लॉक इलेक्शन ऑफिसर को सौंपा। करीब 50 बीएमलओ ने इस्तीफा दिया है। बीएलओ का आरोप है कि आयोग की ओर से ठोस दिशा निर्देश के बार बार पॉट्सएप के जरिए बदलते हुए आदेश भेजे जा रहे हैं। कहा गया था कि केवल फॉर्म भरने से प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, लेकिन बाद में सुनवाई के नाम पर आम लोगों को बार बार फोन कर बुलाया जाने लगा।



### इस्लाम के आने पर भी सवाल

एसआईआर प्रक्रिया के तहत हुई सुनवाई के दौरान फरक्का बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि करीब 30 से अधिक बीएलओ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रक्रिया को लेकर अपनी आपत्तियां रखीं। यह प्रतिनिधिमंडल फरक्का के तृणमूल कांग्रेस विधायक मोनिरुल इस्लाम के नेतृत्व में पहुंचा था।

### बुलंदशहर में भी मिली गलती

## 56 लोगों के वोट सपा नेता के पते पर दर्ज, जांच की

**बुलंदशहर।** यहा पहासू कस्बा क्षेत्र के पठान टोला मोहल्ला में एक गली के 56 लोगों के वोट मुस्लिम परिवार के पते पर बन गए। इसमें मोहल्ला निवासी सपा के नगर अध्यक्ष सगीर अहमद ने बीएलओ व अन्य लोगों से शिकायत की। बुधवार को बीएलओ ने मोहल्ले में पहुंच कर वोट संशोधित करने के लिए दोबारा फार्म भरवाए।

### दोबारा फार्म भरवाए: सपा

सगीर ने मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। बीएलओ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। अन्य लोगों की वोट को संशोधित करने के लिए दोबारा फार्म भरवाए। बीएलओ गजेंद्र सिंह का कहना है कि वाल्मीकि समाज के कुछ लोगों की वोट में पते में गड़बड़ी थी।

### उत्तर भारत की लड़कियों पर बोले मारन

## रसोई में काम व बच्चे पैदा करो तो भाजपा ने माफी की मांग की

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

डीएमके सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन के उत्तर भारत की लड़कियों पर बयान से सियासी विवाद बढ़ गया है। चेन्नई के कायद ए मिल्लत सरकारी वुमेंस कॉलेज के समारोह में मारन ने कहा कि कई उत्तर भारतीय राज्यों में लड़कियों को अक्सर घर पर रहने और घरेलू कामों पर ध्यान देने को कहा जाता है, लेकिन तमिलनाडु में लड़कियों को एजुकेशन और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मारन ने महिला शिक्षा के क्षेत्र में तमिलनाडु की तरक्की का श्रेय द्रविड़ आंदोलन और डीएमके सरकार की नीतियों को दिया। मारन ने कहा, हमारी सरकार लैपटॉप का इस्तेमाल कर लाभार्थी पढ़ाई और साक्षात्कार के लिए दिए हैं। उत्तर भारत के राज्यों में महिलाओं को नौकरी न करने के लिए कहा जाता है और उन्हें घर में रहकर रसोई में काम करने और बच्चे पैदा करने के लिए कहा जाता है। भाजपा ने माफी की मांग की है।



### प्रयागराज से गंगासागर तक उल्लास



**देशभर में मकर संक्रांति-पोंगल की धूम**

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति और पोंगल पर पूरे देश में उल्लास रहा। संगम नगरी प्रयागराज से लेकर हरिद्वार की हरकी पौड़ी तक में गंगा स्नान और आस्था की डुबकी लगाकर लोगों ने पावन पर्व की शुरुआत की। यहां लाखों लोगों ने डुबकी लगाई। पतंगों से सजे आसमान ने पूरे देश में इस पर्व की रौनक बढ़ा दिया।

### आईआईटी मद्रास में पहुंचे प्रधान

## अगले माह हो रही एआई समिट की मेजबानी की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बुधवार को पोंगल समारोह में भाग लेने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास पहुंचे। उन्होंने घोषणा की कि भारत अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रतिष्ठित एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करेगा। दुनिया भर के देश शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपना रहे हैं। पूरा ईकोसिस्टम, समाज के सभी वर्ग और सरकार एवं समाज के सभी जरूरी हितधारक इस बात पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स या विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में एआई जैसी क्रांतिकारी तकनीक को कैसे लागू किया जाए? पिछले साल सरकार ने हमें शिक्षा में एआई के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र प्रदान किया है। आगामी शिखर सम्मेलन के दौरान केंद्र की प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से यह दौरा किया गया था।



### कर्नाटक में बवाल के बीच शिवकुमार ने दी सफाई

# राहुल के साथ नेतृत्व परिवर्तन पर नहीं हुई कोई बात

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को साफ किया कि मंगलवार को जब उनकी राहुल गांधी के साथ बात हुई थी, उसमें कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दरअसल राहुल गांधी, जब मंगलवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे थे तो शिवकुमार उनसे अकेले में बातचीत करते नजर आए थे। जिसके बाद फिर से राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कयास शुरू हो गए थे। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि मैं कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता, हमारी बातचीत प्रोटोकॉल के तहत हुई थी। ये सब बातें सार्वजनिक तौर पर नहीं की जा सकतीं। नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई बात नहीं हुई। राहुल ने हमें अच्छा काम करने के लिए कहा और हम उसी हिसाब से काम करेंगे।



**सीएम की कुर्सी को लेकर रार**

## मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष ने डीके से अकेले की थी बात

### राहुल ने सिद्धारमैया-शिवकुमार को दिल्ली बुलाया

कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान का अभी भी अंत नहीं हुआ है। अब कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है। कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच लंबे समय से कुर्सी को लेकर खींचतान जारी है। बीते दिनों भी दोनों नेता दिल्ली गए थे, लेकिन उस समय भी कोई फैसला नहीं हो सका था। दोनों नेता हालांकि सार्वजनिक तौर पर किसी भी मतभेद से इनकार करते हैं।




राहुल गांधी और सिद्धारमैया

### फिर दिल्ली जाएंगे दोनों नेता: विधायक अशोक बोले

बुधवार को बंगलूरू में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस विधायक अशोक पत्तन ने कहा कि बुधवार को राहुल गांधी ने दोनों नेताओं (सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार) को दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं है। तारीख तय होने के बाद दोनों नेता दिल्ली जाएंगे।

### नीति आयोग का 'निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024'

## निर्यात की तैयारी मामले में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष 5 राज्यों में, महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश ने नीति आयोग के 'निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024' में मजबूत स्थिति दर्ज कराते हुए देश के शीर्ष 5 बड़े राज्यों में जगह बना ली है। नीति आयोग के इस व्यापक मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश निर्यात तत्परता और प्रदर्शन के मामले में चौथे स्थान पर रहा है। यह रिपोर्ट देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की निर्यात क्षमता को परखने के साथ-साथ उनके बीच 'प्रतिस्पर्धी संघवाद' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसमें राज्यों का प्रदर्शन देखा जाता है।

### इसमें राज्यों की निर्यात क्षमता को परखा जा रहा

### तमिलनाडु दूसरे तो गुजरात तीसरे स्थान पर




सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम के अनुसार महाराष्ट्र 68.01 के स्कोर के साथ बड़े राज्यों की श्रेणी में पहले पायदान पर रहा है। तमिलनाडु दूसरे और गुजरात तीसरे स्थान पर काबिज है। उत्तर प्रदेश ने चौथा स्थान हासिल किया है।आंध्र प्रदेश पांचवें स्थान पर रहा। इसमें 'लीडर्स', 'चैलेंजर्स' और 'एस्पिरेंट्स' जैसी श्रेणियों में बांटा गया है।

**छोटे राज्यों में उत्तराखंड प्रथम**

छोटे राज्यों, उत्तर-पूर्वी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में उत्तराखंड ने पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर दूसरे और नगालैंड तीसरे स्थान पर रहे हैं।

जबलपुर
गुरूवार, 15 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष-12
वर्ष : 20, अंक : 257
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 24
न्यून. 9

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरूवार 15 जनवरी 2026

पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पोंगल उत्सव में हिस्सा लिया और गो सेवा की

## कहा-पोंगल अब वैश्विक त्यौहार 'प्रकृति' हमारे जीवन का हिस्सा


पूजन करते पीएम

*अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री एल. मुरुगन के निवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने गो सेवा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोंगल अब एक वैश्विक त्योहार बन गया है और तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा धरोहर है। पीएम मोदी ने बताया कि पोंगल लोगों को यह सिखाता है कि प्रकृति के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए।

### पोंगल प्रकृति, सूर्य, पशुओं और किसानों के प्रति कृतज्ञता

प्रधानमंत्री ने देशभर में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू जैसे त्योहारों के प्रति उत्साह की भी सराहना की और तमिल भाइयों-बहनों को शुभकामनाएं दीं। पोंगल, तमिल समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह प्रकृति, पोंगल प्रकृति, सूर्य सूर्य, पशुओं और किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

नर्मदापुरम और शिप्रा में मकर संक्रांति का मुख्य स्नान

# सेठानी घाट और राम घाट पर आस्था की डुबकी


सेठानी घाट का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान भास्कर (सूर्य) की आराधना का पर्व मकर संक्रांति इस साल दो दिन मनाया जा रहा है। पारंपरिक मान्यता के चलते बुधवार को भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नर्मदापुरम के सेठानी घाट- विवेकानंद घाट और उज्जैन के राम घाट समेत सभी घाटों पर पहुंचकर नर्मदा स्नान किया और पूजन-पाठ किया। हालांकि, धर्मशास्त्रों के अनुसार पर्व का मुख्य पुण्यकाल गुरुवार को रहेगा। बुधवार को मकर संक्रांति 14 जनवरी की रात 9.29 मिनट से शुरू हुई है, जो 15 जनवरी की दोपहर 1.29 मिनट तक रहेगी। आचार्य पंडित सोमेश परसाई ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व का पुण्य और फल 15 जनवरी का स्नान करने और दान करने से ज्यादा मिलेगा। आचार्य ने बताया कि मकर संक्रांति पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में आते हैं।

*आज भी मकर संक्रांति दोपहर 1.29 मिनट तक रहेगी*

### शुरू होंगे शुभ काम, गर्मी भी बढ़ेगी

इस दिन से गर्मी भी तिल के समान बढ़ने लगती है। सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं, जिससे शुभ काम होने लगते हैं। पंडित परसाई के अनुसार इस बार षटतिला एकादशी भी 14 जनवरी को थी। इसलिए दो दिन उत्सव मनाया जा सकता है।




### अब यूपीआई से निकलेगा पीएफ का पैसा




नई दिल्ली। करोड़ों नौकरीपेशा लोगों के लिए ईपीएफओ बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। अब पीएफ निकासी की प्रक्रिया यूपीआई पेमेंट जितनी आसान होने वाली है। ईपीएफओ अगले 2-3 महीनों में यूपीआई आधारित निकासी सिस्टम शुरू करने की तैयारी में है, जिसके लिए एनपीसीआई के साथ मिलकर तकनीकी ढांचा तैयार किया जा रहा है। शुरुआत में यह सुविधा भीम ऐप पर मिल सकती है, जहां आधार और बैंक वेरिफिकेशन के बाद तुरंत क्लेम प्रोसेस हो जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से निकासी की एक सीमा तय की जाएगी। सफल परीक्षण के बाद इसे गूगल पे और फोन पे जैसे अन्य ऐप्स पर भी शुरू किया जा सकता है।

प्रेस कांफ्रेंस : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में राष्ट्रीय परियोजनाओं की प्रगति की दी जानकारी

# प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप-प्रगति प्लेटफार्म से अटकी निवेश परियोजनाएं फिर शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप (पीएमजी) और प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) प्लेटफार्म की शुरुआत होने से देश में अटकी हुई निवेश परियोजनाओं को पुनः सक्रिय किया गया है। इस संस्थागत व्यवस्था से केंद्र और राज्य के सभी हितग्राहियों को एक मंच पर लाकर निर्णय-निर्माण प्रक्रिया को तेज किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, स्पष्ट नीति-निर्देश एवं प्रो-एक्टिव गवर्नेंस से भी देश में दशकों से लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना संभव हुआ है। राजनैतिक आपाधापी के साथ, व्यवस्थाओं में हो रहे सुधार को समझना सभी के लिए जरूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने तीन दिनी दौरे पर 18 जनवरी को दावोस के लिए रवाना होंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में पत्रकारों से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की उपलब्धियों को साझा की। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) पर प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के एक-एक सवालों का जवाब दिया। इस मौके पर जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना समेत कई वरिष्ठ अफसर मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजेंटेशन भले ही मुख्य सचिव ने दिया है, पर जवाब वे ही देंगे।

*सीएम ने कहा कि पहले जहां सामान्यत: बड़ी योजनाएं कागजों पर तो बहुत भव्य दिखती थीं, लेकिन धरातल पर साकार होने से पहले ही विभागों के आपसी तालमेल की कमी के कारण निष्प्रभावी हो जाती थीं*

**दूरदर्शी नेतृत्व से दशकों से लंबित परियोजनाओं को शुरु करना हुआ संभव**


जानकारी देते सीएम डॉ.यादव

*मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) पर प्रेजेंटेशन दिया*

### केंद्रीय मंत्रालयों के जरिए 209 बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात मिली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के जरिए 209 बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात मिली है। इनमें से 2 लाख 61 हजार 340 करोड़ निवेश वाली 108 केंद्रीय विकास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। मप्र में अभी 5 लाख 24 हजार 471 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 101 परियोजनाएं क्रियान्वयन के अधीन हैं। केंद्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मप्र ने 97 प्रतिशत सफलता हासिल की है। इन परियोजनाओं में रेल मंत्रालय की 14, सड़क परिवहन मंत्रालय की 13, विद्युत मंत्रालय की 5 और नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।

### केंद्र सरकार किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करती

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यों के बीच राजनैतिक दृष्टि से भले ही दलों में मतभिन्नता हो, लेकिन राष्ट्र के विकास की दृष्टि से सभी राज्यों का अपना महत्व है। केंद्र सरकार चुनाव के बाद राज्यों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करती। तेलंगाना इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने बताया कि अभी कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी मौजूद थे।

### मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच सीधा संपर्क स्थापित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रेलवे की 285 किमी लंबी जबलपुर-गोंदिया गेज परिवर्तन परियोजना से मप्र और महाराष्ट्र के बीच सीधा और अधिक क्षमता वाला रेल संपर्क स्थापित हो गया है। इससे प्रदेश के जबलपुर, बालाघाट, मंडला, सिवनी जिले की कनेक्टिविटी नागपुर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों से बढ़ गई है। अब जबलपुर से सीधे गोंदिया, कोलकाता और चेन्नई के लिए ट्रेन उपलब्ध रहेगी। मप्र को 18.5 हजार करोड़ लागत की इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन की सौगात भी मिली है।

मकर संक्रांति पर दुखद घटनाएं

# प्रदेश में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से 7 के 'गले' कट गए

*रीवा में पतंगबाजी करते समय बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया, मौत*


इलाज कराते पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मकर संक्रांति पर प्रदेश में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से अलग-अलग जगह 7 लोग घायल हो गए। इंदौर में चार, उज्जैन में दो और इटारसी में एक युवक घायल हुआ है, वहीं रीवा में पतंगबाजी के दौरान एक बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। पहला मामला इंदौर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र का है। यहां तीन इमली इलाके में बाइक से जा रहे हेमराज चौरसिया का चाइनीज मांझे से गला कट गया। सड़क पर खून बहने लगा। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेमराज चांदमारी ईंट का भट्टा में रहते हैं। पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। बुधवार को मांगलिया स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहे थे, तभी हादसा हो गया। दूसरा हादसा इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां नंदानगर निवासी महेश सोनी का चाइनीज मांझे से गला कट गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना भी इंदौर के जूनी इंदौर की है। यहां तिल्लौर निवासी प्रेम भंडारी दूध बांटने जा रहे थे, तभी जूनी इंदौर ब्रिज से जाते समय अचानक उनके सामने चाइनीज मांझा आ गया। उनके गले में 8 टांके लगाए गए हैं। चौथी घटना भी इंदौर की है। यहां चाइनीज मांझे से रामानंद नगर में रहने वाले घनश्याम वसुनिया के चेहरे पर चोट आई। उन्हें करीब 10 टांके आए हैं। घनश्याम के मुताबिक, वह खुद पतंग लेने जा रहा था, तभी सामने से मांझा आ गया। उसने बचने की कोशिश की, लेकिन दाढ़ी पूरी तरह से कट गई।

### उज्जैन में युवक का गला कटा, महिला भी घायल

उज्जैन में भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से एक युवक का गला कट गया, जबकि एक महिला के दोनों पैर घायल हो गए। दोनों को चरक भवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं रीवा में मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय 15 वर्षीय कुश चौरसिया नाम का लड़का हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई।

इंदौर में थार कार से कर रहा था तस्करी

# भोपाल का स्कूल संचालक ड्रग्स सप्लाई करते गिरफ्तार

*सेंट माइकल स्कूल प्रिंसिपल है अबान*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच और कनाडिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भोपाल के अबान शकील को गिरफ्तार किया गया है। टीम ने अबान के पास से करीब 5.15 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त किया है। अबान भोपाल के सेंट माइकल स्कूल का संचालक व प्रिंसिपल बताया जा रहा है। अबान अपनी लग्जरी कार थार से इंदौर में नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहा था। इंदौर पुलिस को सूचना मिली थी कि भोपाल का एक तस्कर कनाडिया क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप लेकर आने वाला है। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने एक महिंद्रा थार कार को रोका और तलाशी में भोपाल के अबान शकील से 5.15 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई। कार को कब्जे लेकर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सेंधवा में तायल बंधुओं के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

# भोपाल के नाबार्ड बैंक से 13 करोड़ का कर्ज लिया, शेल कंपनियों में डाल दिया


घर के बाहर सुरक्षा तैनात

*जामली गांव में एक कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर परियोजना के नाम पर लिया था लोन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेंधवा

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को सेंधवा में नाबार्ड बैंक भोपाल से जुड़े 13 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई की। सीबीआई टीम ने पुलिस बल के साथ शहर की जगन्नाथपुरी कॉलोनी स्थित उद्योगपति अशोक तायल के निवास सहित तायल बंधुओं के विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान घरों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा और किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। सीबीआई टीम ने रामकटोरा क्षेत्र में जोशी बंधुओं के घर पर भी दबिश दी है। कोलकाता स्थित सीबीआई इकाई ने सेंधवा के प्रमुख उद्योगपतियों में शामिल तायल बंधुओं के खिलाफ इस संबंध में एफआईआर दर्ज की थी।

### समय-सीमा बढ़ाकर बैंक को गुमराह किया

सीबीआई के अनुसार आरोपियों ने परियोजना पर खर्च करने के बजाए फर्जी समझौतों के जरिए ऋण की राशि को अन्य शेल कंपनियों और खातों में स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने समय-समय पर परियोजना की समय-सीमा बढ़वाकर बैंक अधिकारियों को गुमराह भी किया। सितंबर 2024 में यह लोन खाता एनपीए घोषित हो गया। जिसके बाद ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई को जांच के लिए पत्र लिखा गया।

छिंदवाड़ा में लावारिस मिठाई खाने से तीसरी मौत

# दादा-पोती की गई जान, परिजन बोले- विवाद के चलते साजिश की गई, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के जुन्नारदेव में होटल में छोड़ी गई लावारिस मिठाई खाने से बुधवार को तीसरी मौत हो गई। मंगलवार देर रात बीमार खुशबू को छिंदवाड़ा से नागपुर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह 6:30 बजे उसने दम तोड़ दिया। उसके शरीर के सभी अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। जानकारी के अनुसार, पीएचई विभाग के पास स्थित एक होटल में कोई मिठाई की थैली छोड़ गया था। जब कोई थैली लेने नहीं लौटा तो पीएचई गार्ड दशरू यदुवंशी (53) ने मिठाई का डिब्बा निकाल लिया। उसने वहीं मौजूद सुंदर लाल कथूरिया (72), उनकी पत्नी संतोषी बाई और पोती खुशबू के साथ मिठाई खा ली। इसके बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई। 11 जनवरी को गार्ड की मौत हो गई। इसके दो दिन बाद मंगलवार को सुंदर लाल ने दम तोड़ दिया।


पीड़ित

### खुशबू मायके में रह रही थी

मृतक खुशबू की बहन मुस्कान खरे का कहना है, खुशबू का ससुराल पक्ष से पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसके बाद वह पिछले एक माह से मायके में रह रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई। आशंका है कि परिवार के खिलाफ साजिश की गई है। जुन्नारदेव थाना प्रभारी राकेश बघेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। होटल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रहे हैं। साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

सूर्य के उत्तरायण में जाते ही मौसम में घुली गर्माहट

# 14 डिग्री तक रात का पारा, 15 जिले 10 डिग्री के ऊपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी दिन और रात का तापमान लगातार बदल रहा है। रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त और दिन में घट बढ़ जारी है। इसी क्रम में बुधवार को अधिकांश जिलों में रात का पारा बढ़कर 14 डिग्री तक पहुंच गया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 से अधिक है, जबकि सबसे गर्म रहे पांच जिलों में रात का तापमान 13 से 14 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन और रात में दशमलव दो और चार डिग्री की कमी के साथ दिन का पारा 26.8 और रात का 9.8 डिग्री रहा। दिन में यह सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब नया पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इससे प्रदेश में मौसम बदलेगा। कुछ जगह बादल छाएंगे। बारिश और बौछारें की संभावना अभी नहीं है। दो दिन बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

**प्रदेश में सबसे अधिक रात का पारा नर्मदापुरम में 14 डिग्री रहा सीहोर 13.7 धार 13.6 आगर 13.3 और बड़वानी 13.2**


रायसेन का दृश्य, सुबह 9.32 बजे

### बदली हवाएं, पारा सामान्य से अधिक

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं उत्तरी से बदलकर उत्तर पूर्वी और पश्चिमी हैं। इससे दिन और रात के तापमान में बदलाव जारी है। कहीं तापमान बढ़ रहा है, तो कहीं मामूली कमी दर्ज हो रही है। यह क्रम दो दिन और चल सकता है। इसी क्रम के बीच तीन दिनों से प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन और रात का तापमान अब सामान्य से अधिक है, जिससे सर्दी और कोहरे में कमी आई है।

### 30 डिग्री का दिन, 5 डिग्री तक रात

बुधवार को प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान खंडवा में 30.1 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम रात का पारा शहडोल में 4.8 डिग्री रहा। पश्चिमी मप्र में दिन अधिक गर्म रहा। यहां औसत अधिकतम पारा 27 डिग्री रहा। पूर्वी मप्र में यह 25 डिग्री तक रहने से अपेक्षाकृत कम गर्माहट महसूस की गई। वहीं, रात में भी अधिकांश जिलों में तेज सर्दी का असर नहीं रहा है।

## जम्मू-कश्मीर की वीरांगनाएं

# सरहद की महिलाओं ने थामी बंदूक आतंकियों के लिए बनीं अडिग चुनौती

*इन बहादुर महिलाओं की सक्रियता से आतंकियों के लिए इन क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित करना कठिन होता जा रहा है। स्थानीय स्तर पर मजबूत निगरानी और त्वरित सूचना तंत्र के कारण सुरक्षा बलों को भी समय रहते कार्रवाई में मदद मिलती है। अब तक महिला वीडीजी से मिले परिणामों को बेहद सकारात्मक माना जा रहा है*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों में सैकड़ों महिला विलेज डिफेंस गार्ड (वीडीजी) सदस्य आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। 1990 के दशक की शुरुआत से इन क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों का सामना कर रहीं ये महिलाएं आज अपने गांवों की सुरक्षा का मजबूत और भरोसेमंद स्तंभ बन चुकी हैं। सीमावर्ती और दुर्गम इलाकों में इनका योगदान सुरक्षा तंत्र को नई मजबूती दे रहा है।

**» कई जिलों में महिलाएं विलेज डिफेंस गार्ड बनीं**

**» गांवों को सुरक्षित रखने का दिया गया है प्रशिक्षण**


महिलाओं को प्रशिक्षित करती भारतीय सेना

### साहस का जीवंत उदाहरण

*महिला विलेज डिफेंस गाड्र्स केवल सुरक्षा का प्रतीक ही नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी मिसाल बन चुकी हैं। हथियार उठाकर गांवों की रक्षा करने वाली ये महिलाएं आत्मनिर्भरता, साहस और राष्ट्रभक्ति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। उनके इस योगदान से आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा मिल रही है।*

### आपात स्थितियों से निपटने में सक्षम

*इन गांवों को सुरक्षित रखने के लिए महिला वीडीजी सदस्यों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें हथियार संचालन, गश्त, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और आपात स्थितियों से निपटने की रणनीतियां सिखाई जाती हैं। सुरक्षा बलों के मार्गदर्शन में ये महिलाएं न केवल चौकसी बरतती हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर तुरंत प्रतिक्रिया देने में भी सक्षम हैं। महिला वीडीजी सदस्य देश की सुरक्षा को लेकर उतनी ही सजग और प्रतिबद्ध हैं जितने उनके पुरुष साथी। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवाद से लड़ने की रणनीति और तरीके सिखाए जाने के बाद इन महिलाओं ने खुद को पूरी तरह सक्षम साबित किया है। उनकी सतर्कता और साहस ने कई बार आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम किया है।*

### पुरुषों के पलायन से बढ़ी जिम्मेदारी

कठोर सर्दियों और सीमित रोजगार के कारण इन जिलों के कई पुरुष सदस्य रोज़गार की तलाश में उत्तराखंड, दिल्ली और मुंबई जैसे राज्यों की ओर पलायन कर जाते हैं। ऐसे में कई गांवों में बुजुर्गों के अलावा कोई पुरुष सदस्य नहीं बचता, जिससे ये इलाके आतंकवादी गतिविधियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।

### आतंकियों के लिए बढ़ती चुनौती

इन बहादुर महिलाओं की सक्रियता से आतंकियों के लिए इन क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित करना कठिन होता जा रहा है। मजबूत निगरानी और त्वरित सूचना तंत्र के कारण सुरक्षा बलों को भी समय रहते कार्रवाई में मदद मिलती है। अब तक महिला वीडीजी से मिले परिणामों को बेहद सकारात्मक माना जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### नशे में धुत होने से डूबे जुबिन: सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर।** सिंगापुर की पुलिस ने एक अदालत को बताया कि असमिया गायक जुबिन गर्ग ने लाइफ जैकेट पहनने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने बताया कि जुबिन अत्यधिक नशे में थे और इसी वजह से लाजरस द्वीप के पास डूब गए थे। मुख्य जांच अधिकारी ने बताया कि जुबिन ने पहले लाइफ जैकेट पहनी थी, लेकिन बाद में उसे उतार दिया और फिर दूसरी लाइफ जैकेट पहनने से भी इनकार कर दिया। वे बहुत ज्यादा नशे में थे और कई गवाहों ने उन्हें नौका की ओर वापस जाते हुए बिना लाइफ जैकेट के तैरने की कोशिश करते देखा, तभी बेहोश हो गए और वे पानी में डूब गए।



### 20 साल की राजकुमारी स्पेन पर करेंगी राज

**मैड्रिड।** स्पेन में 150 वर्षों में पहली बार वहां एक महारानी का राज होगा। स्पेन के राजा किंग फेलिप छठे और रानी लेटीजिया की 20 साल की बेटी राजकुमारी लियोनोर स्पेन की पहली रानी बनेंगी। लियोनोर ने वेल्स के अटलांटिक कॉलेज से उच्च शिक्षा हासिल की है। साथ ही वे स्पेन की सेना, नौसेना और वायुसेना में भी ट्रेनिंग पूरी कर चुकी हैं, जो स्पेन के राजघराने के सदस्यों को करनी अनिवार्य होती है। राजकुमारी लियोनोर स्पेनिश और फ्रेंच समेत इंग्लिश, मंदारिन, अरबी आदि भाषाएं बोल सकती हैं। साथ ही वे एक प्रशिक्षित पायलट हैं।



---

## ईरान में उग्र प्रदर्शनकारियों पर नकेल कसेगी सरकार

# अदालत में त्वरित सुनवाई और 'फांसी' के दिए संकेत

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में जारी व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच वहां की न्यायपालिका ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तेज सुनवाई और फांसी के संकेत दिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के मुख्य न्यायाधीश घोलामहुसैन मोहसेनी-एजेई ने बुधवार को सरकारी टीवी पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि यदि कोई कार्रवाई करनी है तो उसे तुरंत और तेजी से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा अगर किसी काम को दो-तीन महीने बाद किया जाए, तो उसका असर नहीं रहता। अगर कुछ करना है, तो तुरंत करना होगा। ईरानी सरकार ने पहले प्रदर्शनकारियों को मौत की सजा देने की घोषणा की थी। अब इस घोषणा के बाद पहली बार किसी प्रदर्शनकारी को सजा-ए-मौत दी जाने जा रही है।

सरकार ने 26 वर्षीय इरफान सुल्तानी को फांसी पर लटकाने का फैसला किया है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, इरफान को कभी भी फांसी दी जा सकती है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'मदद आ रही है' और उन्होंने ईरान में रह रहे अमेरिकियों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी है।


ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान ने प्रदर्शनकारियों को फांसी दी, तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। हालांकि ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि यह कार्रवाई किस तरह की होगी। ट्रंप ने कहा अगर उन्हें फांसी दी गई, तो आप कुछ ऐसा देखेंगे, जो अब तक नहीं देखा गया।


ईरान में प्रदर्शन करते लोग

### धमकी के बावजूद ट्रंप नहीं करेंगे हमला

## विशेषज्ञों ने बताए 5 कारण

*डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बावजूद अमेरिका ईरान पर सैन्य कार्रवाई से क्यों बचेगा, विशेषज्ञों ने इसके 5 प्रमुख कारण बताए हैं।*



- *अमेरिकी सेना की मिडिल ईस्ट में कोई बड़ी तैनाती नहीं। खाड़ी देश सहयोग अपने बेस इस्तेमाल करवाने को लेकर उत्साहित नहीं हैं।*
- *अमेरिकी हमले से ईरान की मौजूदा सरकार को ही फायदा पहुंचा सकते हैं। ईरानी नेतृत्व विदेशी साजिश बताकर दबा सकता है।*
- *मिडिल ईस्ट इलाके में अमेरिकी सैन्य संसाधनों की स्थिति कमजोर है। अमेरिका का कोई एयरक्राफ्ट कैरियर मिडिल ईस्ट में तैनात नहीं है।*
- *अमेरिका घनी आबादी वाले इलाकों में हमला करने से बचेगा जिससे भारी जान-माल के नुकसान का कारण बनने से उसकी फजीहत हो सकती है।*
- *ईरान पहले ही चेतावनी दे चुका है कि अगर उस पर हमला हुआ तो वह अमेरिकी ठिकानों और जहाजों को निशाना बनाएगा, चाहे वे कहीं भी हों। ईरान के पास करीब 2000 भारी बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। अगर इन्हें बड़ी संख्या में दागा गया, तो ये अमेरिका और इजराइल की एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती हैं।*

### ईरान में 2571 लोगों की मौत

*अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने बदावा कि ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 2,571 हो गई है। मरने वालों में 2,403 लोग प्रदर्शनकारी थे, जबकि 147 लोग सरकार से जुड़े बताए गए हैं। इसके अलावा, 12 बच्चों की मौत की पुष्टि की गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अब तक 18,100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह आंकड़ा हाल के वर्षों में ईरान में हुए किसी भी आंदोलन की तुलना में कहीं अधिक है।*

### कतर ने शांति की अपील की

ईरान में जारी अशांति और विरोध प्रदर्शनों के बीच मध्य पूर्व में तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच कतर ने हालात को शांत करने की कोशिशों का समर्थन किया है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने ईरान के सुरक्षा अधिकारियों से फोन पर बातचीत के बाद कहा कि दोहा तनाव कम करने और शांतिपूर्ण समाधान की सभी कोशिशों के साथ खड़ा है।

### ट्रंप और नेतन्याहू हत्यारे: लारीजानी

ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव और पूर्व संसद अध्यक्ष अली लारीजानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी किया। उन्होंने ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर सीधा आरोप लगाया। लारीजानी ने लिखा हम ईरान के लोगों के मुख्य हत्यारों के नाम बताते हैं। 1- ट्रंप। 2- नेतन्याहू।'

### संघर्ष जारी रखें: पहलवी



*निर्वासित युवराज रेजा पहलवी ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में लिखा मेरे देशवासियों, दुनिया अब आपकी आवाज और हिम्मत को सुन ही नहीं रही बल्कि इसका जवाब भी दे रही है। संघर्ष जारी रखें, जो आपने अभी तक किया है।*

### सभी अमेरिकी ठिकाने वैध लक्ष्य: बाकर



ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर घालीबाफ ने चेतावनी दी है कि हमले की स्थिति में इजराइल और क्षेत्र में सभी अमेरिकी ठिकाने और संपत्तियां वैध लक्ष्य होंगे। ईरान इन्हें विदेशी समर्थित खतरे के रूप में पेश कर और कठोर दमन को वैध ठहरा सकता है।

---

## द्विपक्षीय संबंधों को करेंगे मजबूत

# विदेश सचिव और चीन की उप मंत्री के बीच अहम भेंट


सुन हाईयान और विक्रम मिसरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के अंतरराष्ट्रीय विभाग (आईडीसीपीसी) की उप मंत्री सुन हाईयान से मुलाकात की। सुन हाईयान 12 से 14 जनवरी तक भारत के दौरे पर हैं। बैठक के दौरान भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने और उन्हें दोबारा मजबूत करने में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। बातचीत में व्यापार, व्यवसाय और जन-केंद्रित संपर्कों को प्राथमिकता देते हुए नए साल में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर चीनी पक्ष ने भारत को इस वर्ष ब्रिक्स (ब्रिक्स) की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

### चीन को भारतीय निर्यात में वृद्धि

*चीनी सीमा शुल्क ने बुधवार को बीजिंग में जारी वार्षिक व्यापार आंकड़ों में बताया कि चीन को होने वाले भारतीय निर्यात में 2025 के दौरान सालाना आधार पर 5.5 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि इस अवधि में व्यापार घाटा 116.12 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक 2025 में द्विपक्षीय व्यापार भी 155.62 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। चीन को होने वाला भारतीय निर्यात पिछले साल जनवरी से दिसंबर के बीच बढ़कर 19.75 अरब डॉलर हो गया। यह 9.7 प्रतिशत की वृद्धि है, जो राशि के मामले में 5.5 अरब डॉलर बैठती है। वहीं दूसरी ओर, भारत को होने वाला चीनी निर्यात पिछले वर्ष 12.8 प्रतिशत बढ़कर 135.87 अरब डॉलर हो गया। दोनों देशों के बीच व्यापार में तेजी आ रही है और कुल द्विपक्षीय व्यापार 2025 में 155.62 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।*

### » आपसी आदान-प्रदान बढ़ाएंगे

सुन हाईयान ने अपने भारत दौरे के अनुभव साझा किए, जिनमें भारतीय मीडिया, थिंक टैंक और राजनीतिक दलों के साथ हुई उनकी बातचीत शामिल रही। उन्होंने विदेश सचिव को बताया कि चीनी पक्ष विदेश मंत्रालय और आईडीसीपीसी के बीच चल रहे कार्यक्रम के तहत आपसी आदान-प्रदान को और बढ़ाने का इच्छुक है। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने अपने शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को लागू करने और भारत-चीन संबंधों को सामान्यीकरण (नॉर्मलाइजेशन) की राह पर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

---

## सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर बोले रक्षा मंत्री

# सैनिक देश के मजबूत स्तंभ, उनकी देखभाल करना हमारा नैतिक कर्तव्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'ऑपरेशन पवन' में भारतीय सेनाओं ने अद्भुत साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। कई सैनिकों ने कर्तव्य पथ पर चलते हुए वीरगति प्राप्त की। उनका साहस और बलिदान हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। बुधवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 1987 से 1990 के बीच श्रीलंका में शांति, स्थिरता और क्षेत्रीय सद्भाव बनाए रखने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन पवन' में भारतीय सेना के कई वीर जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया।

### सैनिक कभी रिटायर नहीं होता

*राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी सैनिक के लिए रिटायरमेंट केवल एक शब्द है। सैनिक कभी रिटायर नहीं होता। वर्दी का रंग, कार्यस्थल या आसपास के लोग बदल सकते हैं, लेकिन दिल में देशभक्ति और सेवा की*


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### शांति सैनिकों के योगदान को मिल रही पहचान

राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'ऑपरेशन पवन' में भाग लेने वाले शांति सैनिकों के योगदान को खुले मन से स्वीकार कर रही है और हर स्तर पर उसे मान्यता देने की प्रक्रिया चल रही है। 2015 में श्रीलंका यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने इंडियन पीस कीपिंग फोर्स मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी। नेशनल वॉर मेमोरियल में भी इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के योगदान को पहचान दी है।


---

## इंडियन पासपोर्ट की रैंकिंग ऊपर उठी

# अब 55 देशों में वीजा फ्री घूम सकेंगे भारतीय, सूची में 80वें स्थान पर भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026 की सूची जारी हो गई है, जिसमें भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में अच्छा सुधार दिखा है। अब भारतीय पासपोर्ट 80वें नंबर पर है, जो पिछले साल (2025) में 85वें नंबर पर था। यानी एक साल में पासपोर्ट की रैंकिंग 5 नंबर सुधर गई है। 85वीं रैंक पर नाइजर और अल्जीरिया भी हैं। भारतीय पासपोर्ट धारक अब 55 देशों में वीजा फ्री एंट्री, वीजा ऑन अराइवल या इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन के साथ सफर कर सकते हैं। पिछले साल यह संख्या 57 थी, लेकिन अब रैंक में सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट की यह रैंकिंग पिछले कुछ सालों में स्थिर या गिरावट के बाद सुधार का संकेत है। 2006 में भारत 71वें स्थान पर था, लेकिन बाद में गिरावट आई। सूची में सिंगापुर का पासपोर्ट प्रथम स्थान पर है, जिसे 192 देशों में वीजा फ्री एक्सेस है। जापान और साउथ कोरिया दूसरे नंबर पर है, जिसे 188 देशों में एंट्री मिली है।



भारतीय पासपोर्ट

---

## थाईलैंड में ट्रेन पर गिरी क्रेन, 22 की मौत



**बैंकॉक।** थाईलैंड में बुधवार को एक भीषण रेल हादसा हुआ, जब बैंकॉक से देश के उत्तर-पूर्वी इलाके की ओर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन पर कंस्ट्रक्शन क्रेन गिर गई। इस हादसे में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 55 से अधिक यात्री घायल हो गए। थाई पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9 :05 बजे नाखोन रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुई। हादसे का स्थान थाई राजधानी बैंकॉक से लगभग 230 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

---

## भारतीय छात्रों को पढ़ाएगी 500 साल पुरानी स्कॉटिश यूनिवर्सिटी

### योग्य छात्रों को ट्यूशन फीस में 2 लाख रुपए की छूट

# मुंबई में खोला कैंपस, सितंबर 2026 से शुरू होगा पहला बैच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्कॉटलैंड की एबरडीन यूनिवर्सिटी दुनिया के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है। इसका इतिहास 500 से ज्यादा साल का बताया जाता है। अब इस यूनिवर्सिटी ने मुंबई में अपना कैंपस खोल दिया है।

साथ ही एडमिशन भी शुरू कर दिए गए हैं। वाइस चांसलर प्रोफेसर पीटर एडवर्ड्स की मुंबई यात्रा के दौरान इसकी घोषणा की गई। एडमिशन शुरू के साथ-साथ यूनिवर्सिटी ने 'एबरडीन पायनियर स्कॉलरशिप' भी शुरू की है, जिसमें योग्य छात्रों को 2 लाख रुपए की ट्यूशन फीस में छूट मिलेगी।


एबरडीन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. पीटर एडवर्ड्स (दाएं से दूसरे) मुंबई यात्रा के दौरान

### डिग्री प्रोग्राम के लिए स्कॉलरशिप

यूनिवर्सिटी की ओर से एडमिशन शुरू करने के साथ ही 'एबरडीन पायनियर स्कॉलरशिप' भी शुरू की है। इसमें सभी योग्य अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट स्टूडेंट्स को 2 लाख रुपए की ट्यूशन फीस में छूट दी जाएगी, जो कैंडिडेट्स को 31 जनवरी 2026 की राउंड 1 की डेडलाइन तक अप्लाई करेंगे। यह स्कॉलरशिप सभी डिग्री प्रोग्राम के लिए है।

### भारत में लॉन्ग टर्म विजन

1495 में एबरडीन यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई थी। अब यूनिवर्सिटी द्वारा मुंबई कैंपस के लिए पहला बैच सितंबर 2026 में शुरू किया जाएगा। एक इंटरव्यू में यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर पीटर एडवर्ड ने बताया कि भारत में उनका लॉन्ग-टर्म विजन और सफलता सीधे तौर पर स्टूडेंट्स की सफलता से जुड़ी है।

### यूजी, डिग्री और पीजी कोर्स की होगी पढ़ाई

*यूनिवर्सिटी द्वारा यूके से मान्यता प्राप्त डिग्रियां, 4 साल का स्कॉटिश अंडरग्रेजुएट मॉडल और पोस्टग्रेजुएट कोर्स की पढ़ाई कराई जाएगी। यहां कंप्यूटिंग एंड डाटा साइंस, बिजनेस मैनेजमेंट, इकोनॉमिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े कोर्सेज में डिग्री दी जाएगी। भारतीय छात्रों को यहां पर एमबीए करने का भी मौका मिलेगा। शुरुआत में टीचिंग का फोकस एआई, मैनेजमेंट, और कंप्यूटिंग और डेटा साइंस प्रोग्राम पर होगा, जो भारत की नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के हिसाब से होंगे।*

---

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी बोले

# रॉकेट मिसाइल फोर्स बदल सकती है युद्ध की तस्वीर, हमारे लिए भी जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को साल की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस दौरान उन्होंने रॉकेट मिसाइल फोर्स की जरूरत पर बल दिया ताकि पाकिस्तान और चीन की चुनौती से निपटा जा सके। बता दें, पाकिस्तान और चीन के पास पहले से ही रॉकेट मिसाइल फोर्स मौजूद है। रॉकेट मिसाइल फोर्स के तहत लंबी दूरी के रॉकेट और मिसाइलों को एक ही कमांड के तहत रखा जाएगा। इस फोर्स में पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, प्रलय बैलेस्टिक मिसाइल और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को शामिल किया जा सकता है। सेना प्रमुख ने कहा कि आज के समय में रॉकेट और मिसाइलें एक साथ जुड़ चुके हैं क्योंकि दोनों ही एक खतरनाक और निर्णायक असर डालने में सक्षम हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि हम रॉकेट मिसाइल फोर्स बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।


सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

जैसा कि आप जानते हैं कि पाकिस्तान पहले ही एक रॉकेट मिसाइल फोर्स बना चुका है और चीन के पास भी ऐसी कमांड है। यह समय की जरूरत है कि हम भी ऐसे बल का गठन करें। भारत ने बीते दिनों 120 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाले पिनाका रॉकेट सिस्टम का सफल परीक्षण किया था। उन्होंने कहा कि हम कई अन्य कॉन्ट्रैक्ट भी किए हैं।




## खबर संक्षेप

### डंपर ने मासूम को रौंदा, दो टुकड़े हुए, मां के पैर कटे




**टीकमगढ़।** यहां तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार 7 साल की मासूम के दो टुकड़े हो गए। वहीं एक महिला और युवक के पैर कट गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मुताबिक, टानगा गांव निवासी किसना कुशवाहा (40) बाइक से लिधौरा ताल से टानगा जा रहे थे। जतारा बायपास रोड पर हादसा हो गया।

### पिता ने बेटी की गोली मारकर हत्या की



**भिंड।** एक शख्स ने अपनी 21 साल की शादीशुदा बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। उसे रात में सरसों के खेत में ले जाकर कट्टे से सीने में फायर किया। युवती की एक महीने पहले ग्वालियर में शादी हुई थी। इसके कुछ दिन बाद वह शॉपिंग का बहाना बनाकर प्रेमी के साथ भाग गई। इसी से नाराज होकर पिता ने बेटी को मौत के घाट उतार दिया। घटना मेहगांव थाना क्षेत्र के खिरिया थापक गांव की मंगलवार शाम की है।

### बंद कमरे में मिला पिता और बेटे का शव



**कटनी।** संजय नगर स्थित एक मकान में बुधवार शाम पिता और बेटे के शव संदिग्ध अवस्था में मिले। पुलिस की शुरुआती जांच में जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर मऊ निवासी विजय कुमार राय और उनके बेटे आनंद कुमार राय के रूप में हुई है।

---

मीडिया रिपोर्ट का ट्रिब्यूनल ने बुधवार को स्वतः संज्ञान लिया

एनजीटी की प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली ने पेयजल में सीवेज की मिलावट पर भी लिया संज्ञान

# इंदौर में दूषित पानी से हो चुकी 23 मौतें, एनजीटी ने मप्र सहित यूपी और राजस्थान से जवाब मांगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की प्रधान पीठ नई दिल्ली ने पेयजल में सीवेज की मिलावट पर मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों से जवाब मांगा है।

एनजीटी ने इंदौर में गंदे पानी से मौत होने और भोपाल में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने का भी हवाला दिया है। तीनों स्टेट के पेयजल में सीवेज की मिलावट से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर मीडिया रिपोर्ट को ट्रिब्यूनल ने बुधवार को स्वतः संज्ञान लिया है।

ये मामले प्रथम दृष्टया पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के उल्लंघन को दर्शाते हैं



फाइल फोटो

भोपाल में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने का भी हवाला दिया गया

### ये मुद्दे गंभीर पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य से जुड़े

एनजीटी ने माना कि ये मुद्दे गंभीर पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य से जुड़े हैं। प्रथम दृष्टया पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के उल्लंघन को दर्शाते हैं। न्यायमूर्ति एवं अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव, विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए सेंथिल वेल ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की संबंधित राज्य सरकारों, उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों से जवाब तलब किया है।

### मप्र में पेड़ कटाई का मामला संज्ञान में

एनजीटी की नई दिल्ली बेंच ने मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर हो रही पेड़ कटाई से संबंधित एक मीडिया रिपोर्ट को स्वतः संज्ञान में लिया है। ये गतिविधियां भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सिंगरौली, खंडवा, विदिशा और उज्जैन जैसे जिलों में की जा रही हैं।

---

ईरान में पिछले दो सप्ताह से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी

विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ

# ईरान को तुरंत छोड़ दें, जरूरी पेपर अपने साथ रखें, पूरी सतर्कता बरतें

*भारत ने ईरान में जारी हिंसा और आंदोलन के बीच अपने नागरिक को लेकर चिंता जताई है। वहां रह रहे भारतीय नागरिकों से कहा है कि सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरतें*

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

ईरान में पिछले दो सप्ताह के अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें।

आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके


ईरान में प्रदर्शन

***एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें***

### विरोध-प्रदर्शनों व अशांत क्षेत्रों से दूर रहें

सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और

### मृतकों की संख्या बढ़कर 2,572 हुई

ईरान के प्रधान न्यायाधीश ने सरकार विरोधी राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के खिलाफ त्वरित सुनवाई और फांसी की सजा का संकेत दिया है। वहीं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 2,572 हो गई है। यह आंकड़ा दशकों में ईरान में हुए किसी भी विरोध प्रदर्शन या अशांति में हुई मौतों की संख्या से कहीं अधिक है और देश की 1979 की इस्लामी क्रांति के दौरान फैली अराजकता की याद दिलाता है। मृतकों की संख्या की जानकारी मिलने के बाद, ट्रंप ने ईरान के नेताओं को चेतावनी दी कि वह किसी भी प्रकार की बातचीत समाप्त कर रहे हैं और कार्रवाई करेंगे।

### सहायता के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क में रहें

*विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था। साथ ही ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों को पूरी सावधानी बरतने और विरोध-प्रदर्शन वाले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई थी।*

---

17 को इंदौर आएंगे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

## दूषित पानी से मृत लोगों के परिजनों से मिलेंगे

गांधी प्रतिमाओं के सामने धरना देकर भजन गाएंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**


राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आएंगे और दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे। इस दिन कांग्रेस मध्य प्रदेश में मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश के हर ब्लॉक में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सामूहिक उपवास रखेंगे। साथ ही गांधी प्रतिमाओं के सामने धरना देकर भजन गाएंगे। इस दौरान इंदौर जल कांड में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि राहुल गांधी के इंदौर आगमन की तारीख एआईसीसी की तरफ से तय हो गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसकी पुष्टि कर दी है।

---

कांग्रेस विधायक बरैया का विवादित बयान

## अपनी ही श्रेणी के जनप्रतिनिधियों की तुलना मुंह बंद श्वान से कर दी

हमें कोशिश करनी चाहिए कि आदिवासी हिंदू न बन पाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**


फूल सिंह बरैया

भोपाल के समन्वय भवन में 13 जनवरी 2026 को आयोजित कांग्रेस की डिक्लेरेशन-2 ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसमें विधायक फूल सिंह बरैया ने ज्वॉइंट इलेक्टोरल प्रोसेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस व्यवस्था से चुनकर आने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति वर्ग के विधायक और सांसद उन कुत्तों की तरह हैं, जिनके मुंह पर पट्टी बंधी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने पहले ही आशंका जताई थी कि ऐसे प्रतिनिधि काटने की बात तो दूर, भौंक भी नहीं पाएंगे।

---

बस बनी आग का गोला, ड्राइवर को पता ही नहीं चला

यात्री बस के पीछे चल रहे ट्रक ड्रायवर की सूझबूझ से टला हादसा

## रायसेन में चार्टर्ड बस का टायर फटने से लगी आग, यात्री सुरक्षित


बस आग की चपेट में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन**

जिले से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली खबर सामने आई है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात बस में भीषण आग लग गई। इंदौर से रीवा जा रही जय भवानी ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमपी 07 बी 2220 तहसील सुल्तानपुर के अंतर्गत ग्राम बम्होरी में एक ढाबे के पास आग का गोला बन गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरी बस को अपनी आगोश में ले लिया। वहां से गुजर रहे ट्रक ड्राइवर ने जलती बस के आगे ट्रक लगाकर बस रुकवाई। गनीमत रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई।

### शुक्ला ब्रदर्स की बस ने मारी बाइक सवार को टक्कर

### आक्रोशित भीड़ ने बस में आग लगाई



**इंदौर।** बुधवार सुबह भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के परिवार की ट्रेवल्र्स एजेंसी की बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। वह गंभीर रुप से घायल हुआ है। इसके बाद भीड़ ने बस को आग के हवाले कर दिया।

---

जांच कमेटी के सामने पेश हुए

दलील दी: घटना के समय कोई रिकवरी नहीं हुई

## जस्टिस वर्मा-पुलिस नाकाम तो हम पर क्यों महाभियोग?

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**


यशवंत वर्मा

अपने खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया का सामना कर रहे इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा सुप्रीम कोर्ट से झटका मिलने के बाद आखिरकार संसदीय जांच समिति के सामने पेश हुए।

इस दौरान उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर जब आग लगी थी, तब वह अपने घर पर मौजूद नहीं थे। उन्होंने ये भी दावा किया कि वहां से कोई कैश बरामद नहीं हुआ। लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित जांच समिति के सामने उन्होंने अपना जोरदार बचाव किया है। जस्टिस वर्मा ने जांच कमेटी से कहा कि जब घटना हुई तब वह पहले व्यक्ति नहीं थे जो मौके पर पहुंचे थे। इसलिए उन्हें पुलिस और फायर डिपार्टमेंट की कथित लापरवाहियों के लिए ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जस्टिस वर्मा ने कहा कि अगर पुलिस अधिकारी उनके आवास को सुरक्षित रखने में नाकाम रहे तो उसका खामियाजा हम क्यों भुगतें और हमारे खिलाफ क्यों महाभियोग लाया जाना चाहिए?


---

जबलपुर के लंबे फ्लाई ओवर में खामियां

## 1053 करोड़ रु. की लागत से बना फ्लाइओवर बन गया भूलभुलैया

इस फ्लाई ओवर के इंडिकेशन में कई खामियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर**


फ्लाइओवर

भोपाल में 90 डिग्री के अजूबे फ्लाइओवर के बाद अब मप्र का सबसे लंबा फ्लाईओवर भूलभुलैया बन गया है, ये जबलपुर में करीब 7 किमी का फ्लाई ओवर है। जो करीब 1100 करोड़ की लागत से 6 साल में बनकर तो तैयार हुआ, जिसका 23 अगस्त 2025 में बाकायदा शुभारंभ हुआ था। लेकिन अब 5 महीने पूरे होने के बावजूद इसके अब तक खामियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसके बड़े-बड़े डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड में भी आगे आने वाली जगहों की दिशाएं गलत दिखाई जा रही हैं।


---

भारतीय सेना और पीएनबी के बीच समझौता

## सेना के जवानों को मिलेगा 1 करोड़ का एक्सीडेंट बीमा, बेटियों की शादी के लिए स्पेशल कवर

यह कवर किसी भी दुर्घटना की स्थिति में परिवार को बड़ी आर्थिक राहत देगा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**


फाइल फोटो

देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों की सुरक्षा और उनके परिवारों की वित्तीय स्थिरता हमेशा से प्राथमिकता रही है।

भारतीय सेना ने अपने जवानों के लिए बीमा सुरक्षा को और पुख्ता करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। भारतीय सेना और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के बीच हुए नए नवीनीकृत समझौते से अब सैनिकों और उनके परिवारों को पहले से ज्यादा व्यापक बीमा सुरक्षा मिलेगी।

### आतंकवादी हमले में अतिरिक्त सुरक्षा

समझौते में यह प्रावधान भी किया गया है कि यदि किसी सैन्यकर्मी की मृत्यु आतंकवादी हमले में होती है तो उनके परिवार को दस लाख रुपए का अतिरिक्त बीमा कवर मिलेगा। इसे सेना के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देने की व्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है।

---

दिग्विजय के बयान के बाद राज्यसभा की सीट का मुद्दा गरमाया, अन्य नेताओं में उम्मीद जागी

खाली हो रहे तीन पद, कांग्रेस को एक मिलेगा

## कमलनाथ, जीतू, अरुण, कमलेश्वर, मीनाक्षी मुख्य दावेदार अजा विभाग ने उठाई 'दलित नेता' को मौका देने की मांग

**विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**


कमलनाथ | जीतू पटवारी | अरुण यादव | कमलेश्वर पटेल | मीनाक्षी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा अगला चुनाव न लड़ने की घोषणा करने के बाद राज्यसभा की सीट का मुद्दा गरमा गया है।

हालांकि, कांग्रेस में एक वर्ग उनके बयान पर भरोसा नहीं कर पा रहा है। ऐसा मानने वाले नेताओं का कहना है कि दिग्विजय किसी रणनीति के तहत ही यह बोल रहे हैं, मौका मिलने पर वे पलटी मार सकते हैं। कांग्रेस का दूसरा वर्ग मानता है कि दिग्विजय जो कहते हैं वे करते हैं, इसलिए अब वे राज्यसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे।

### कुरियन का फिर राज्यसभा जाना तय माना जा रहा

अप्रैल में मप्र से राज्यसभा के तीन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने वाला है। इनमें कांग्रेस के दिग्वजय सिंह के अलावा भाजपा के सुमेर सिंह सोलंकी और केंद्रीय मंत्री जार्ज कुरियन शामिल हैं। सुमेर के फिर जाने में भी संशय है।

### मुरुगन, कुरियन को लेकर सज्जन ने कसा तंज

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने राज्यसभा के लिए बाहर के एल मुरुगन और जॉर्ज कुरियन का चयन करने को लेकर भाजपा की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि मुरुगन और कुरियन का मध्य प्रदेश से क्या लेना-देना है?



**डॉक्टर्स सजेशन**
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब अकसर सताए पेट में गैस की समस्या



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले काफी महीनों से मुझे गैस प्रॉब्लम हो रही है। कभी कभार तो चक्कर और वॉमिट भी होने लगता है। इससे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**
**-नरेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इसके लिए आप अपनी खान-पान और लाइफस्टाइल में बदलाव करें। अधिक ऑयली, तला-भुना खाना बिल्कुल ना खाएं। दोपहर के खाने में सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का करें और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। दूध रात में बिल्कुल ना लें। इस तरह बदलाव करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। बालों में डेंड्रफ भी हो रही है। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**
**-अंकुश, रायपुर**

सर्दियों के मौसम में बाल झड़ने की समस्या ज्यादा होती है, इसकी कई वजहें हैं। पहला डेंड्रफ अधिक होता है, लोग रोज तेज गर्म पानी से नहाते हैं, इसके साथ ही बाल ज्यादातर ढंक कर रखते हैं, इसलिए स्कैल्प को सनलाइट नहीं मिल पाती है। कोशिश करें कि नहाने के बाद थोड़ी देर धूप में बैठें। साथ ही ज्यादा गर्म पानी से ना नहाएं। पानी नॉर्मल होना चाहिए। तरह-तरह के शैंपू के इस्तेमाल से भी बचें।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे बार-बार सर्दी-जुकाम की प्रॉब्लम हो रही है। दवाई लेने पर ठीक हो जाती है, कुछ दिनों बाद फिर से यही प्रॉब्लम शुरू हो जाती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**
**-गौतम, बिलासपुर**

आजकल बड़े शहरों में होने वाले प्रदूषण की वजह से इस तरह की समस्या लोगों में देखने को ज्यादा मिल रही हैं। इससे बचने के लिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर ही निकलें और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल अधिक खाएं। कोशिश करें कि फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज और ड्रिंक न खाएं-पिएं। दही ताजा ही खाएं। इस तरह बदलाव करने से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। मैं अकसर अपने यूरीन प्रेशर पर कंट्रोल नहीं कर पाता हूं। इसकी क्या वजह हो सकती है? कृपया इसके समाधान का कोई उपाय बताएं।**
**-राकेश, रोहतक**

बढ़ती उम्र में लोगों को प्रोस्टेट की समस्या देखी जाती है, आपकी समस्या सुनकर भी यही लग रहा है। हालांकि आजकल तो कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या हो रही है। आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। अगर ज्यादा प्रॉब्लम हो रही है और ऑपरेट करने लायक होगा तो डॉक्टर जांच करने के बाद आपको सजेस्ट करेंगे। आपको कुछ एहतियात बरतने होंगे, जिनके बारे में डॉक्टर बताएंगे। बगैर जांच किए कोई भी दवा ना खाएं।

**मेरी उम्र 51 वर्ष है। जब कभी भी मैं ज्यादा चलता हूं या वॉक कर लेता हूं तो मेरे पैरों में सूजन हो जाती है। फिर अपने आप ठीक भी हो जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**
**-रामप्रकाश, बलौदा बाजार**

आपको शुगर की समस्या तो नहीं है और अगर है तो आपने शुगर जांच कराना चाहिए। कई बार शुगर बढ़ने की वजह से भी सूजन आ जाती है। हालांकि कई बार मांसपेशियों की वजह से ऐसी समस्या देखी जाती है। फिलहाल आप कोशिश करें कि कम से कम टहलें और एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो पाएगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**अवेयरनेस**
डॉ. माजिद अलीम

इन दिनों उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश राज्यों में कड़ाके की ठंड हो रही है। ऐसे में हार्ट और बीपी पेशेंट्स को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। जरा सी लापरवाही आपके हार्ट पर भारी पड़ सकती है, जो बहुत रिस्की हो सकता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि किस तरह आप अपने हार्ट की प्रॉपर केयर कर सकते हैं? इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## ठिठुरती सर्दी के दिनों में हार्ट की करें प्रॉपर केयर



जनवरी महीने की ठंड में आमतौर पर लोग सर्दी-खांसी, फीवर से ग्रस्त होते रहते हैं। लेकिन यही ठिठुरन भरी सर्दी हमारे हृदय पर भी भारी पड़ सकती है, यह हममें से ज्यादातर लोग नहीं जानते हैं। दरअसल, सर्दियों में, खासकर दिसंबर मध्य से लेकर फरवरी की शुरुआत के बीच हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी आपात स्थितियों के मामले भारत में सबसे ज्यादा दर्ज होते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि ज्यादातर लोग इसे मौसम का मामूली असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि ठंड शरीर के भीतर ऐसी कई प्रतिक्रियाएं शुरू कर देती है, जो हृदय के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं।

### ठंड का हार्ट पर असर

ठंड लगते ही शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए रक्त नलिकाओं को सिकोड़ने लगता है, इससे अचानक रक्तचाप बढ़ जाता है। दिल को उसी मात्रा में खून पंप करने के लिए तब ज्यादा जोर लगाना पड़ता है। जिन लोगों को पहले से ही हाई ब्लडप्रेशर, शुगर या दिल की बीमारी हो, उन्हें ठंड के मौसम में कोई भी खतरा मोल नहीं लेना चाहिए, क्योंकि जरा-सी लापरवाही ऐसे लोगों के लिए बहुत खतरनाक हो सकती है। कई मामलों में दिल की धमनियों में पहले से ही जमी चर्बी ठंड के कारण सिकुड़न और दबाव से टूट सकती है, जिससे अचानक हार्ट अटैक का खतरा पैदा हो जाता है।

### सुबह का समय सबसे रिस्की

जनवरी के महीने में खासतौर पर दिल के दौरे के मामले सबसे ज्यादा आते हैं और ये ज्यादातर दौरे सुबह के समय ही दर्ज होते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कम तापमान। नींद से अचानक उठना और ठंडे फर्श पर पैर रखना तथा वैसी ही स्थिति में शारीरिक गतिविधियां शुरू कर देना रिस्क बढ़ा देता है। जनवरी का महीना खासतौर पर उन लोगों के लिए बेहद खतरनाक होता है, जो सुबह 5-6 बजे जगते हैं और मॉर्निंग वॉक के लिए चल पड़ते हैं। ऐसे लोगों को पता नहीं होता कि वे अनजाने में कितना बड़ा रिस्क ले रहे हैं। दरअसल, ठंड में शरीर की धमनियां पहले से ही संकुचित होती हैं और अचानक तेज चलना या कसरत करने पर दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। इसलिए सर्दी के दिनों में सुबह की सैर टाल देनी चाहिए या फिर ऐसी जगह पर करनी चाहिए, जो चारो तरफ से बंद हो।

### बुजुर्गों के लिए ज्यादा खतरा

ठंड का असर उम्र के साथ और गहरा होता जाता है। बुजुर्गों में शरीर के तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है। कई बार उन्हें ठंड का एहसास देर से होता है। इसलिए बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए ठंड की ठिठुरन बहुत खतरनाक होती है। लेकिन इस उम्र के लोग उसे पहचान नहीं पाते। सीने में दबाव महसूस करना, सांस का रह-रहकर फूलना, असहज बेचैनी होना, इसे ठंड की वजह मानकर नहीं चलना चाहिए। ऐसी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

### ब्लड सर्कुलेशन की समस्या

ठंड में चूंकि लोग कम पानी पीते हैं, इस कारण खून गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े खून में थक्का बनने की आशंका बढ़ जाती है। यही थक्का या ब्लड क्लॉट वास्तव में हमारे दिल या दिमाग की किसी नली में अगर फंस जाता है, तो हार्ट अटैक या स्ट्रोक हो सकता है। इसके अलावा ठंड में प्रदूषण और कोहरे का असर सांस की नलियों पर पड़ता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है और उसका सीधा दबाव दिल पर पड़ता है। इसलिए सर्दियों में हार्ट अटैक बाकी सभी मौसमों के मुकाबले ज्यादा होते हैं। यही नहीं सर्दियों में हार्ट अटैक कई बार बड़े छुपे किस्म के होते हैं यानी पता ही नहीं चलता कि यह हार्ट अटैक के लक्षण हैं या किसी और समस्या के।

### तब न बरतें लापरवाही

ठिठुरती सर्दी के इस मौसम में अगर सीने में तेज दर्द की बजाय भारीपन महसूस हो, जलन होने लगे, सांस लेने में परेशानी हो और बाएं हाथ या जबड़े में अचानक दर्द महसूस हो तथा पसीना आ जाए तो यह नहीं मानना चाहिए कि यह ठंड का असर है बल्कि तुरंत मानना चाहिए कि हार्ट अटैक के लक्षण हैं और तुरंत डॉक्टरी सहायता लेनी चाहिए।

### इन बातों पर करें अमल

सर्दी के इस मौसम में भी आपका हृदय अच्छे से काम करे, हार्ट अटैक का रिस्क कम हो जाए इसके लिए कुछ बातों पर अमल करें।



- सूरज निकलने से पहले सुबह घर से बाहर खुले मैदान में वॉकिंग करने यानी टहलने से बचें। अगर जाएं तो तब ही जाएं जब धूप अच्छी तरह निकल आए।
- गर्म कपड़े ठीक से पहनें, खासकर छाती और कानों को लगातार ढंके रहें।
- जब सर्दी ज्यादा हो और प्यास बिल्कुल न लग रही हो, तब भी पानी पीते रहें। भले बहुत कम पिएं, लेकिन रह-रहकर पानी पिएं।
- ठिठुरती सर्दी के दिनों में ज्यादा एक्सरसाइज कभी न करें, बस हल्के से वार्मअप कर लें।
- अपने बीपी और शुगर की नियमित जांच करें।
- अगर आपको सीने में अचानक तेज दर्द महसूस हो, चाहे उसकी कोई वजह हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- अकेले रहने वाले बुजुर्गों को अपनी हार्ट केयर पूरी सावधानी से करनी चाहिए। *



### क्या कहते हैं हृदय संबंधी रोगों के आंकड़े

**आंकड़े बताते** हैं कि अपने देश में हर साल विभिन्न रोगों से जितनी मौतें होती हैं, उनमें से अकेले हृदय रोगों से 30 से 32 फीसदी लोगों की मौत होती हैं। कहने का मतलब कैंसर, श्वसन रोग, टीबी या संक्रमण आदि किसी भी बीमारी से कहीं ज्यादा लोग हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट से दम तोड़ते हैं। माना जाता है कि लगभग 62 लाख लोग हर साल हृदय रोगों से अपनी जान गंवाते हैं। इसका मतलब यह है कि हर दिन लगभग 17 हजार लोग हृदय रोग से दम तोड़ते हैं यानी हर घंटे 707 और हर मिनट में करीब 12 लोग हृदय रोगों के कारण खत्म हो जाते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में हृदय रोग कितनी गंभीर समस्या है। शहरी क्षेत्रों में हृदय रोग की दर 10 से 12 फीसदी है, तो गांवों में अभी भी 4 से 5 फीसदी है। हालांकि पहले हृदय रोग को शहरों की बीमारी ही माना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। देश के 25 फीसदी से ज्यादा वयस्कों को 18 साल के बाद ही हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो रही है। भारतीयों को पश्चिमी देशों के लोगों की तुलना में दस साल पहले अगर हार्ट अटैक आ रहा है तो उसकी वजह यही है कि देश के युवाओं को बड़े पैमाने पर हाइपर टेंशन ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। भारत में हृदय रोगों से बढ़ती मौतों का सबसे बड़ा कारण अस्वस्थ जीवनशैली है। जंक फूड, तैलीय खान-पान, धूम्रपान, शराब की लत और कम व्यायाम भी एक बड़ी समस्या है।

**डॉक्टर्स एडवाइस**
डॉ. समीर कौशल
डायरेक्टर एंड हेड-ऑफ्थेलमोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

ग्लूकोमा आंखों से संबंधित गंभीर बीमारी है, जिसमें लापरवाही बरतने पर रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप इसके आरंभिक लक्षणों के साथ इसे कंट्रोल करने के तरीकों के बारे में भी जानें। इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

## कभी इग्नोर ना करें ग्लूकोमा के लक्षण



वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, दुनिया भर में दृष्टिहीनता (अंधेपन) का दूसरा प्रमुख कारण ग्लूकोमा (काला मोतिया) है। हमारे देश में ही 1 से 2 करोड़ ग्लूकोमा के मरीज हैं। ग्लूकोमा से हुई आंखों को क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती। इसलिए ग्लूकोमा को हल्के में लेना नेत्रों की सेहत के लिहाज से भारी पड़ सकता है। यही कारण है कि इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने और बचाव के लिए हर साल जनवरी में 'ग्लूकोमा अवेयरनेस मंथ' का आयोजन किया जाता है।

**शुरुआत में दिखते हैं हल्के लक्षणः** ग्लूकोमा के इलाज में समस्या इसलिए आती है क्योंकि इस में शुरुआत में मरीज को कोई लक्षण नजर नहीं आते। जब तक स्पष्ट लक्षण सामने आने शुरू होते हैं, तब तक बहुत नुकसान हो चुका होता है। यहां कुछ ऐसे हल्के लक्षणों के बारे में बता रहे हैं, जिनके नजर आने पर आपको तुरंत अपनी आंखों की जांच करना चरहिए, ताकि ग्लूकोमा को शुरुआत में ही पहचान लिया जाए।

- दृष्टि का धुंधला होना।
- दृष्टि में धब्बे दिखाई पड़ना।
- पास रखी या दूर की वस्तुओं को साफ देखने में दिक्कत महसूस होना।
- सिरदर्द और आंखों में तेज दर्द होना
- प्रकाश में चारों ओर रंगीन छल्ले जैसा नजर आना।
- आंखों में लालिमा होना।
- ऑप्टिक नर्व का धीरे धीरे खराब होना।

**ऑप्टिक नर्व को होता है नुकसानः** ग्लूकोमा में आंखों की ऑप्टिक नर्व धीरे-धीरे खराब होती रहती है। आंखों मे अतिरिक्त दबाव (प्रेशर) बनता है, जिसे मेडिकल भाषा में इंट्राऑकुलर प्रेशर (आईओपी) कहा जाता है। ऑप्टिक नर्व पर लगातार दबाव पड़ने से वह नष्ट भी हो सकती हैं, जिसके दुष्परिणामस्वरूप दृष्टिहीनता भी संभव है। ऑप्टिक नर्व ही मस्तिष्क को किसी वस्तु का चित्र प्रेषित करती हैं। ग्लूकोमा के कारण एक बार जब आंखों की रोशनी क्षीण हो जाती हैं तो उसे दोबारा वापस नहीं लाया जा सकता।

वैसे तो ग्लूकोमा किसी भी आयु वर्ग में हो सकता है लेकिन इसके ज्यादातर मामले 40 वर्ष के बाद सामने आते हैं।

**ग्लूकोमा को कैसे करें नियंत्रितः** स्पष्ट लक्षण दिखने का इंतजार नहीं करना चाहिए। रोग की प्रारंभिक अवस्था में नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेकर इसे नियंत्रित कर सकते हैं। चालीस साल की उम्र के बाद सबको अपने नेत्र विशेषज्ञ के पास जाकर उनसे ग्लूकोमा के संदर्भ में परामर्श लेना चाहिए। नेत्र सर्जन आंखों में इंट्राऑकुलर प्रेशर की जांच करते हैं। जांच के जरिए अगर शुरुआती दौर में ग्लूकोमा का पता चल जाता है तो इस बीमारी को नियंत्रित करने में काफी हद तक मदद मिलती है।

**इनसे बढ़ता है ग्लूकोमा का रिस्कः** कुछ मामलों में ग्लूकोमा का रिस्क बढ़ सकता है। उनके बारे में जानना जरूरी है।

- 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ग्लूकोमा का जोखिम अधिक होता है।
- जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हृदय रोग की समस्या है, उनमें ग्लूकोमा का खतरा अधिक होता है।
- ग्लूकोमा की समस्या आनुवांशिक या जेनेटिक भी हो सकती है।
- आंख में चोट लगने से भी नेत्रों के आंतरिक भाग पर दबाव बढ़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लूकोमा का जोखिम बढ़ जाता है।
- जिन लोगों के चश्मे का नंबर ज्यादा होता है, उनके भी ग्लूकोमा होने की संभावना बढ़ जाती है।
- धूम्रपान से ग्लूकोमा का खतरा बढ़ता है और ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंच सकता है। इसी तरह लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं के उपयोग से बचें, क्योंकि ये ग्लूकोमा को बढ़ा सकती हैं।

**रोग बढ़ने से रोकने के तरीकेः** जांच के बाद ही नेत्र सर्जन ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया यही है कि इस बीमारी के कारण आंखों को जो क्षति पहुंच चुकी है, उसे आगे बढ़ने से रोका जाए। आंखों को पहले से ही जो क्षति पहुंच चुकी है, उसकी क्षतिपूर्ति या रिकवरी नहीं हो सकती। ग्लूकोमा के इलाज का सबसे जरूरी स्टेप है इंट्राऑक्यूलर प्रेशर (आईओपी) को कम करना है ताकि आंख में होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

**दवाएंः** आईओपी को कम करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं, जिन्हें नेत्र विशेषज्ञ आई ड्रॉप और टैब्लेट्स के रूप में देते हैं।

**सर्जरीः** अगर दवाइयों से इंट्राऑकुलर प्रेशर कंट्रोल नहीं होता, तब डॉक्टर सर्जरी की सलाह दे सकते हैं। ब्लॉकेज का कारण बन रहे टिश्यू को सर्जरी के जरिए हटा देते हैं। जरूरत पड़ने पर लेजर से भी इलाज किया जाता है।

**इन उपायों से आंखें रहेंगी स्वस्थः** अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ उपायों पर अमल कर सकते हैं। अगर शुरुआत से इन बातों पर ध्यान देंगे तो आपकी आंखें स्वस्थ रहेंगी, समस्याएं दूर रहेंगी।

- स्वच्छ हाथों को आपस में रगड़कर पलकों को एक से दो मिनट तक दबाएं। ऐसा करने से आंखों को राहत मिलती है।
- जहां तक संभव हो स्क्रीन टाइम को कम करें। ऐसा करना आंखों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर रहेगा।
- नियमित रूप से व्यायाम करना भी आंखों की सेहत सही रखता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### डाइट में शामिल करें विटामिन ए रिच फूड्स



**खान-पान** में विटामिन ए को महत्व देने से ग्लूकोमा ठीक नहीं होता, लेकिन आंखों की सेहत को विटामिन ए युक्त खाद्य पदार्थ लेने से कुछ हद तक स्वस्थ रखा जा सकता है। नतीजतन कालांतर में ग्लूकोमा आदि नेत्रों से संबंधित बीमारियों के होने का जोखिम कम हो सकता है। विटामिन ए गाजर में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। इसके अलावा टमाटर, हरी पत्तेदार सब्जियां, संतरा और पपीता आदि भी विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन ए एग और दूध में भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसलिए इनका सेवन अधिक करना चाहिए।




# 17 फरवरी को लगेगा साल का पहला सूर्य ग्रहण, भारत में नहीं आएगा नजर

नई दिल्ली। खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वाले लोगों के लिए फरवरी का महीना बेहद खास है। दरअसल, 17 फरवरी को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगेगा। यह एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा। यह ग्रहण दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना और अंटार्कटिका के दूरदराज के हिस्से में दिखाई देगा। सबसे खास बात यह है कि इसी दिन चीनी चंद्र नव वर्ष भी है। 17 फरवरी को सूर्य की करीब 96 फीसदी भाग चंद्रमा ढक लेगा। सूर्य आग के छल्ले जैसा दिखेगा यानी रिंग ऑफ फायर के रूप में नजर आएगा। इस नजारे को 2 मिनट 20 सेकंड तक देखा जा सकेगा।

### कब लगता है सूर्य ग्रहण?

पृथ्वी के सबसे नजदीक का सितारा सूर्य अपने स्थान पर स्थित है। सूर्य की पृथ्वी परिक्रमा करती है। चंद्रमा भी पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करता है, लेकिन चांद धरती का भी चक्कर लगाता है। कई बार चंद्रमा घूमते हुए सूर्य और पृथ्वी के बीच में आ जाता है। इससे कुछ समय के लिए सूर्य के प्रकाश को धरती पर आने से रोक देता है। इस खोगलीय घटना को सूर्य ग्रहण कहा जाता है। इस दौरान चंद्रमा की परछाई धरती पर पड़ती है। इस खगोलीय घटना के समय जिस स्थान पर परछाई पड़ती है, वहां पर आसमान में सूर्य आधा या पूरा हिस्सा ढका नजर आएगा। साल का पहला सूर्य ग्रहण वलयाकार होगा। इस सूर्य ग्रहण के दौरान धरती से चांद दूर होता है। इसकी वजह से यह सूर्य को पूरी तरह नहीं ढक पाता है। इससे आसमान में आग का गोला (नजर आता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी एक सीधी रेखा में आते हैं, तो सूर्य ग्रहण लगता है।



### किन-किन देशों में नजर आएगा सूर्य ग्रहण?

17 फरवरी को लगने वाले सूर्य ग्रहण को अटार्कटिका, अर्जेंटीना, बोत्सवाना, ब्रिटिश इंडियन ओशन क्षेत्र, चिली, कोमोरोस, इस्वातिनी (स्वाजीलैंड), फ्रांसीसी दक्षिणी क्षेत्र, लेसोथो, मेडागास्कर, मलावी, मॉरीशस, मायोटे, मोजाम्बिक, नामीबिया, रियूनियन आईलैंड्स, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिणी जॉर्जिया/सैंडविच आईलैंड्स, तंजानिया, जाम्बिया और जिम्बॉब्वे में देखा जा सकता है। हालांकि, यह सूर्य ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा।

### क्या है वलयाकार सूर्य ग्रहण?

जब चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करता है, तो उसकी दूरी भी बदलती है। कभी वह पृथ्वी के नजदीक होता, तो कभी दूर। जब चंद्रमा पृथ्वी के करीब होता है, तो यह हमें बड़ा नजर आता है। वहीं, जब यह धरती से दूर होता है तो छोटा दिखाई देता है। सूर्य ग्रहण के समय अगर चांद पृथ्वी के पास होता है, तो आकार की वजह से पृथ्वी से यह हमें सूर्य को पूरी तरह ढकता नजर आता है। लेकिन, जब यह धरती से दूर होता है, तो छोटे आकार की वजह से सूर्य के बीच के हिस्से को ही ढक पाता है। सूर्य का बाकी किनारा नजर आता है, जो आसमान में आग का छल्ला बनाता है।

### क्या है सूर्य ग्रहण का समय?

यह सूर्य ग्रहण 17 फरवरी, मंगलवार के दिन लगेगा। ग्रहण शाम 5 बजकर 26 मिनट पर शुरू होगा और इसका समापन शाम 7 बजकर 57 मिनट पर होगा। यह एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, रिंग ऑफ फायर भी कहा जाता है। इस दौरान आसमान में एक आग का छल्ला दिखाई देता है।

# जवानी में नहीं हो पाई शादी, 40 साल के बाद एक-दूजे का हुआ कपल



बच्चों ने थामा मां बाप का हाथ

कोच्चि। केरल के जयप्रकाश और रश्मि की कहानी कुछ ऐसी ही है, जो इन दिनों सोशल मीडिया पर लोगों के दिलों को छू रही है। मुण्डक्कल के रहने वाले जयप्रकाश और रश्मि किशोरावस्था में एक-दूसरे को पसंद करते थे। जयप्रकाश के दिल में जज्बात तो थे, मगर जुबां पर आने की हिम्मत नहीं। इसी बीच रश्मि की शादी हो गई और जयप्रकाश रोजगार के सिलसिले में विदेश चले गए। वक्त ने दोनों को अलग रास्तों पर ला खड़ा किया।

**तकदीर ने फिर मिलाया रास्ता** : सालों बाद, रश्मि के पति का करीब 10 साल पहले और जयप्रकाश की पत्नी का 5 साल पहले इंतकाल हो गया। तन्हाई से उबरने के लिए रश्मि सांस्कृतिक गतिविधियों और शॉर्ट फिल्मों में अभिनय करने लगीं। यहीं से किस्मत ने करवट ली। जयप्रकाश ने एक शॉर्ट फिल्म में रश्मि को देखा और परिवार के जरिये संपर्क साधा। पुरानी यादें, दबा हुआ इश्क और दिल की कसक फिर जाग उठी। सबसे खूबसूरत पहलू यह रहा कि दोनों के बच्चों ने इस रिश्ते को खुले दिल से अपनाया।. रश्मि की बेटी और दामाद, जयप्रकाश के बच्चे...सबकी रजामंदी से कोच्चि में एक सादे समारोह में शादी हुई। जयप्रकाश और रश्मि की यह प्रेम कहानी साबित करती है कि इश्क अगर सच्चा हो, तो वक्त उसका रास्ता खुद बना देता है। कभी देर से ही सही, लेकिन मोहब्बत अपना मुकाम जरूर पाती है।

# ओबेन इलेक्ट्रिक ने दमोह में खोला 85वां नेशनल शोरूम, ई-मोबिलिटी को मिलेगा बढ़ावा



**दमोह**। भारत की तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने दमोह में अपना 85वां नेशनल शोरूम शुरू किया। शोरूम का उद्घाटन पूर्व सांसद एवं कैबिनेट मंत्री जयंत मलैया, मध्य प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, लखन पटेल तथा दमोह भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की मौजूदगी में किया गया। शोरूम के साथ एक विशेष ओबेन केयर सर्विस सेंटर भी शुरू किया गया है। इस नए शोरूम के साथ ओबेन इलेक्ट्रिक के मध्य प्रदेश में शोरूम की संख्या 9 हो गई है। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2026 तक राज्य में 25 शोरूम खोलने का है। देशभर में बढ़ती मांग को देखते हुए ओबेन इलेक्ट्रिक मार्च 2026 तक 150 से अधिक आउटलेट्स खोलने की दिशा में काम कर रही है। कंपनी की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा कि टियर-2 और टियर-3 शहर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के अगले बड़े ग्रोथ सेंटर बन रहे हैं। दमोह में शोरूम की शुरुआत इसी रणनीति का हिस्सा है, जिससे स्थानीय स्तर पर मजबूत सेल्स और सर्विस नेटवर्क तैयार किया जा सके। दमोह शोरूम में ग्राहकों को ओबेन की लोकप्रिय इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल Rorr EZ Sigma उपलब्ध होगी, जो दमदार परफॉर्मेंस, लंबी रेंज और आधुनिक फीचर्स के चलते देशभर में खासा पसंद की जा रही है। ओबेन इलेक्ट्रिक का यह विस्तार भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## मर्दानी 3' के साथ रानी मुखर्जी के सिनेमा में 30 साल पूरे



**मुंबई**। बॉलीवुड की प्रतिष्ठित अभिनेत्री रानी मुखर्जी साल 2026 में अपनी सुपरहिट फ्रैंचाइज़ 'मर्दानी 3' के साथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर के शानदार 30 वर्ष पूरे करने जा रही हैं। इस खास मौके पर रानी ने कहा कि उनके करियर के 30वें साल में मर्दानी 3 का रिलीज़ होना उनके लिए लगातार मेहनत करते रहने और अच्छा काम करने की प्रेरणा है। तीन दशकों के अपने सफर में रानी मुखर्जी ने सशक्त, आत्मनिर्भर और आत्मसम्मान से भरपूर महिला किरदारों के जरिए भारतीय सिनेमा में एक अलग पहचान बनाई है। मर्दानी फ्रैंचाइज़ देश की एकमात्र सफल महिला-प्रधान थिएट्रिकल फ्रैंचाइज़ मानी जाती है, जो एक महिला पुलिस अधिकारी के साहस और संघर्ष पर आधारित है। मर्दानी 3 की रिलीज़ से पहले रानी ने एक भावुक नोट साझा करते हुए अपने करियर, दर्शकों के प्यार और सिनेमा के साथ अपने लंबे रिश्ते को याद किया। यह फिल्म न सिर्फ उनके 30 साल के करियर का जश्न है, बल्कि भारतीय सिनेमा में महिला-केंद्रित कहानियों की मजबूती का भी प्रतीक मानी जा रही है।

## टर्म इंश्योरेंसः परिवार की आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार

**जबलपुर**। भारत में टर्म लाइफ इंश्योरेंस तेजी से परिवारों की वित्तीय सुरक्षा की अहम जरूरत बनता जा रहा है। कम प्रीमियम में अधिक बीमा कवर उपलब्ध कराने वाला यह प्लान, कमाने वाले सदस्य की असमय मृत्यु की स्थिति में परिवार को आर्थिक संबल देता है। विशेषज्ञों के अनुसार, टर्म इंश्योरेंस से घर के खर्च, कर्ज की अदायगी और बच्चों की शिक्षा जैसी जिम्मेदारियां आसानी से पूरी की जा सकती हैं। वित्तीय सलाहकारों का मानना है कि टर्म इंश्योरेंस कवर वार्षिक आय का 10–15 गुना होना चाहिए और इसकी अवधि आमतौर पर 60–65 वर्ष की आयु तक रखी जानी चाहिए। कम उम्र में पॉलिसी लेने से प्रीमियम कम रहता है और लंबे समय तक सुरक्षा मिलती है। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (IAC-Life) के सदस्य ने कहा कि टर्म इंश्योरेंस दिखावा नहीं बल्कि हर परिवार की आवश्यकता है, जो भविष्य को सुरक्षित करने के साथ मानसिक शांति भी देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सही समय का इंतजार न करें और आज ही परिवार के कमाने वाले सदस्यों का टर्म इंश्योरेंस कराएं।

## ग्रो का लाभ 28 फीसदी घटकर 547 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली**। शेयर खरीद-बिक्री मंच ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 547 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का अक्टूबर-दिसंबर 2024 में शुद्ध लाभ 757 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 1,261 करोड़ रुपये हो गई। जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,004 करोड़ रुपये थी। इस बीच, स्टेट स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट ने भारत में विश्व स्तरीय क्षमताएं एवं वैश्विक निवेश उत्पाद लाने के लिए रणनीतिक साझेदारी के तहत ग्रो एएमसी में 6.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (580 करोड़ रुपये) का निवेश किया है।

## इंफोसिस के लाभ में 2 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज

नई दिल्ली। आईटी सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इन्फोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2.2 प्रतिशत घटकर 6,654 करोड़ रुपये रहा। बेंगलुरु मुख्यालय वाली इस कंपनी ने पिछले साल की इसी अवधि में 6,806 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। इन्फोसिस ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका परिचालन राजस्व आलोच्य तिमाही में 8.89 प्रतिशत बढ़कर 45,479 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 2024-25 की तीसरी तिमाही में 41,764 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के मुकाबले कंपनी का लाभ 9.6 प्रतिशत घटा, जबकि राजस्व में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## ठक्कर, एलायंस इंश्योरेंस के सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली**। एलायंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड ने आतुर शशिकांत ठक्कर को अपना सीईओ और प्रधान अधिकारी नियुक्त किया है। नेतृत्व बदलाव से कंपनी को वृद्धि के अगले चरण की योजना बनाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने अगले तीन वित्त वर्ष में 5,000 करोड़ रुपये के प्रीमियम प्रबंधन का लक्ष्य रखा है। 2024-25 को 1,500 करोड़ रुपये से अधिक के प्रबंधित प्रीमियम के साथ समाप्त किया और वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक प्रबंधित प्रीमियम को 2,500 करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

## चांदी 15,000 रुपए उछलकर 2.86 लाख के नए शिखर पर

- सोना भी 1,500 रुपए बढ़कर 1.46 लाख के पार
- चांदी में लगातार चौथी दिन रही तेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चांदी की कीमत बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में 15,000 रुपये की जबर्दस्त उछाल के साथ 2,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी जबकि सोने की कीमत भी वैश्विक बाजार में मजबूत रुझानों के अनुरूप 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि चांदी ने लगातार चौथे दिन जोरदार तेजी जारी रखी। मंगलवार को 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई चांदी बुधवार को 5.5 प्रतिशत यानी 15,000 रुपये की अभूतपूर्व तेजी के साथ 2,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर पहुंच गई। यह चांदी के भाव का अब तक का सर्वोच्च स्तर है। पिछले चार सत्रों में ही यह धातु 17.45 प्रतिशत यानी 42,500 रुपये की जबर्दस्त बढ़त हासिल कर चुकी है। आठ जनवरी को चांदी की कीमत 2,43,500 रुपये थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि चांदी ने हाल के समय में सोने की तुलना में बेहतर रिटर्न दिया है। वर्ष 2026 की शुरुआत से अब तक चांदी ने लगभग 47,000 रुपये प्रति किलो यानी 20 प्रतिशत की तेजी दिखाई है।

## भारत का वनस्पति तेल आयात आठ फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली**। भारत के वनस्पति तेल का आयात 2025-26 तेल वर्ष के दूसरे महीने दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 13.83 लाख टन हो गया। सोयाबीन तेल और सूरजमुखी तेल के आयात में वृद्धि इसकी प्रमुख वजह रही। उद्योग जगत की संस्था सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) बताया कि दुनिया के सबसे बड़े वनस्पति तेल आयातक ने दिसंबर 2024 में खाद्य एवं गैर-खाद्य तेलों सहित 12.75 लाख टन तेल खरीदा था। एसईए के अनुसार कुल मिलाकर पाम तेल का आयात दिसंबर 2025 में 20 प्रतिशत घटकर 5.07 लाख टन रह गया जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 6.32 लाख टन था। आरबीडी पामोलिन का आयात दिसंबर में शून्य रहा जबकि कच्चे पाम तेल का आयात इसी अवधि में 3.26 लाख टन से बढ़कर 5.03 लाख टन हो गया।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## लगातार दूसरे दिन घरेलू बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 245 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच आईटी और चुनिंदा बैंक शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 245 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 66 अंक की गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निकासी लगातार जारी रहने और अमेरिकी शुल्क संबंधी नई अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

*टीसीएस रहा नुकसान में : सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, मारुति, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में तेजी रही।*

*वेदांता के शेयर में छह प्रतिशत की तेजी : विभिन्न कारोबार से जुड़े वेदांता के शेयर में बुधवार को छह प्रतिशत का उछाल आया और वह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इसके साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण 2,64,224.92 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस महीने अब तक शेयर में करीब 12 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। बीएसई में शेयर बुधवार को 6.06 प्रतिशत चढ़कर 675.70 रुपये पर बंद हुआ।*

ज्योतिष

ज्योतिष - बाबा गुलशन बंगाली, प्रेम विवाह, वशीकरण, प्यार में धोखा, सौतन दुश्मन छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, गृहक्लेश, रूठो को मनाना, संतान प्राप्ति, गड़ाधन, सभी समस्याओं का समाधान- 8535014597 (रायपुर/16/जन. 25)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330


## शब्द पहेली - 6109



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6108 का हल



## सूडोकु नवताल- 6119

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |




## चाइनीज मांझे के कारोबार में नाबालिग सहित 4 पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** संक्रांति पर्व पर पतंग उत्सव में जानलेवा चाइनीज मांझे पर लगे प्रतिबंध को लेकर पुलिस अलर्ट रही। इस बीच पुलिस ने कई जगहों पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल हैं। हनुमानताल पुलिस ने ठक्करग्राम में मोहम्मद मंसूर पतंग वालें के यहां छापा मारकर 100 लच्छी और एक चरखी चायनीज मांझा जब्त किया। इसी प्रकार अधारताल पुलिस ने कंचनपुर में पप्पू साहू उर्फ कालीचण को प्रतिबंधित चायनीज मांझा बेचते हुए गिरफ्तार किया।इसी तरह रांझी पुलिस ने इंदिरा नगर में एक नाबालिग को चाइनीज मांझा बेचते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 223 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## अवैध रेत उत्खनन से भरा हाईवा जब्त

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत पाटन बायपास से चुंगी नाका तरफ आ रही एक रेत से भरी बिना नंबर के हाईवा को पुलिस ने जब्त करते हुए हाईवा मालिक व चालक को गिरफ्तार कर लिया है। माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार ने बताया कि गत शाम मुखबिर की सूचना पर थाना के सामने पाटन बायपास से चुंगी नाका तरफ आ रही एक रेत से भरी बिना नंबर की हाईवा को पुलिस ने जब्त करते हुए हाईवा चालक मालकछार शहपुरा निवासी 29 वर्षीय छोटू बर्मन को गिरफ्तार कर उसके पास से रेत से भरा हाईवा जब्त कर लिया है। हाईवा चालक के पास रेत खनन के कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं थे। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि हाईवा मालिक आशीष सिंह के कहने पर चोरी से भड़पुरा से रेत भरकर ले जा रहा था। हाईवा चालक की निशानदेही पर ठूठा रमखिरिया थाना शहपुरा निवासी हाईवा मालिक 30 वर्षीय आशीष सिंह का गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 317(5), 3(5) बीएनएस, 4/21खान खनिज अधिनियम एवं धारा 53 गौण खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही कर मामला जांच में लिया है।

### नगर निगम अधिकारियों व ठेका कंपनी के बीच मिलीभगत से गड़बड़ी का आरोप

# हाई कोर्ट ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में अनियमितता पर मांगा जवाब

**कटनी नगर निगम के पार्षद मिथिलेश जैन की ओर से दायर की गई है अपील**

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने कटनी में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में अनियमितता पर जवाब-तलब कर लिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन, नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, नगर तथा ग्राम निवेश के कमिश्नर, असिस्टेंट डायरेक्टर, कटनी नगर निगम आयुक्त, रामकी कंपनी, मैनेजमेंट आफ सालिड वेस्ट के प्लांट मैनेजर और ईओडब्ल्यू एसपी को नोटिस जारी किए हैं। सभी को चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

अपीलकर्ता नगर निगम, कटनी के पार्षद मिथिलेश जैन की ओर से दलील दी गई कि कटनी में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए वर्ष 2015 में रामकी कंपनी को ठेका दिया गया था। नगर निगम के अधिकारियों और कंपनी के बीच गठजोड़ के जरिए फर्जी बिल लगाकर कंपनी को भारी राशि का भुगतान किया जा रहा है। नगर निगम कटनी और रामकी कंपनी के बीच सात मई, 2015 को रीजनल इंटीग्रेटेड सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के तहत समझौता हुआ था। समझौते के अनुसार हर घर से कचरा संग्रहण कर नागरिकों को बिल देना अनिवार्य था। कचरे को छोटे वाहनों से सीधे कम्पैक्टर में डालकर प्लांट तक ले जाना था। कचरे का सेग्रीगेशन यानि छंटाई करना जरूरी था। बिल जारी न होने के बाद भी नगर निगम ने कम्पनी को भुगतान किया और बाद में राशि प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर जनता से वसूली की जा रही।



तीन लाख मीट्रिक टन कचरा उस कृषि भूमि पर डंप किया गया, जो प्लांट के लिए आवंटित नहीं थी। यह मास्टर प्लान का उल्लंघन था। इन अनियमितताओं की शिकायतें नगर निगम, प्रशासन, पुलिस और ईओडब्ल्यू तक की गईं। वर्ष 2023 में शिकायत दर्ज होने के बावजूद न तो प्रारंभिक जांच पूरी हुई और न ही एफआइआर दर्ज की गई। हाई कोर्ट की एकलपीठ से राहत न मिलने पर यह अपील दाखिल करके नगर निगम अधिकारियों, रामकी कंपनी के निदेशकों और प्लांट प्रभारी के खिलाफ आर्थिक अनियमितता, पर्यावरण उल्लंघन और सरकारी धन के दुरुपयोग पर केस दर्ज करने की मांग हाई कोर्ट से की गई है। कचरा ढोने वाले वाहनों से निर्माण सामग्री ढोकर वजन के आधार पर भुगतान लिया जा रहा है। इतना ही नहीं, रेलवे और आर्डनेंस फैक्ट्री के कचरे को भी उसी स्थल पर डंप कर कंपनी द्वारा तीन गुना भुगतान लिया जा रहा है।

### वाणिज्यिक न्यायालय का फैसला

## फर्म के विघटन से संबंधित पूर्व मंत्री श्रवण पटेल का वाद निरस्त

**जबलपुर ।** वाणिज्यिक न्यायालय के न्यायाधीश अजय रामावत ने पूर्व मंत्री श्रवण पटेल का वाद निरस्त कर दिया है। मामला फर्म के विघटन से संबंधित था। कोर्ट ने साफ किया कि वादी की ओर से ऐसा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह दर्शित हो कि उसनें फर्म का विघटन करनें की सूचना रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी को भी दी है। चूंकि वादी ने भागीदारी फर्म विघटन किए जाने की सूचना से सम्बंधित सूचना-पत्र एवं उसकी सभी भागीदारों पर तामीली की साक्ष्य प्रस्तुत करके फर्म के विघटन की सूचना को प्रमाणित नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि मात्र वाद प्रस्तुत कर देने के कारण वादी को न्यायालय के द्वारा कोई सहायता प्रदान नहीं की जा सकती है। इस वाद में दो वैकल्पिक एवं परस्पर विरोधाभासी तर्क प्रस्तुत किए गए थे कि फर्म या तो वर्ष 2000 में भंग हो गई थी । अथवा वर्ष 2005 में स्व. ९ परमानंदभाई पटेल, जो फर्म में 51 प्रतिशत नियंत्रक हिस्सेदार थे, के निधन के पश्चात स्वतः भंग हो गई। अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्यों के समुचित मूल्यांकन के पश्चात, विचारण न्यायालय ने दोनों ही तर्कों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार कर दिया। न्यायालय ने यह पाया कि सात फरवरी 2000 का कथित पत्र, जिसे स्व. परमानंदभाई पटेल द्वारा जारी बताया गया था, सिद्ध नहीं किया जा सका। न्यायालय ने यह निर्णीत किया कि उक्त फर्म न तो वर्ष 2000 में और न ही वर्ष 2005 में भंग हुई थी तथा आज भी अस्तित्व में है। साथ ही, न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 2000 में फर्म का व्यवसाय बीड़ी उद्योग को कभी भी वैध रूप से हस्तांतरित नहीं किया गया।

**जिला अदालत का आदेश**

## देखभाल की जगह मासूम बच्चे को प्रताड़ित करने पर सजा

**जबलपुर।** जिला अदालत मासूम की देखभाल के स्थान पर प्रताड़ित करने की आरोपित जबलपुर निवासी रजनी अहिरवार का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना नायडू बोड़े की अदालत ने इसी के साथ उसे तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 1500 रुपये जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक संजय वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 13 जून, 2022 को मुकेश कुमार विश्वकर्मा व सोनी शर्मा ने माढ़ोताल थाने में लिखित शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया था कि आरोपी महिला को बच्चे की देखभाल के लिए पांच हजार रुपये मासिक वेतन पर रखा था। एक माह पूर्व से वह बच्चे के साथ मारपीट करने लगी थी। उसे भूखा रखती थी। दिन भर का भोजन, फल व दूध खुद खा लेती थी। बाल पकड़कर घसीटने, मुक्के व नोंकदार कंघी से मारने जैसी हरकतें करती थी। गला पकड़कर उठा लेती थी। इस वजह से मृत्यु तक हो सकती थी। शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से बच्चा बीमार हो गया। उसने हंसना, खेलना और खाना छोड़ दिया। चिकित्सक की सलाह पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी आंतों में संक्रमण पाया गया। आरोपी तम्बाकू सेवन कर बच्चे को जूठा खिला देती थी। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

### मकर संक्रांति पर्व पर 19,895 मेगावाट बिजली की आपूर्ति

## प्रदेश ने रचा बिजली आपूर्ति का नया कीर्तिमान



**जबलपुर।** वर्ष 2026 की शुरुआत मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक रही। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर प्रदेश ने अब तक की सर्वाधिक विद्युत मांग को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। पर्व के दिन प्रातः 10 बजकर 36 मिनट पर प्रदेश में 19,895 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली मांग दर्ज की गई, जिसे विद्युत कंपनियों के उत्कृष्ट समन्वय से बिना किसी व्यवधान के पूरा किया गया। इस दौरान प्रदेश की समस्त विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण कंपनियों ने समन्वित प्रयास करते हुए 19,895 मेगावाट की मांग की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की, जिससे आम नागरिकों को पर्व के दिन लगातार और भरोसेमंद बिजली उपलब्ध रही।

### प्रदेश में बिजली मांग की स्थिति

एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के मुख्य अभियंता प्रदीप सचान ने बताया कि अधिकतम मांग के समय मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर एवं रीवा संभाग) में 5380 मेगावाट, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल एवं ग्वालियर संभाग) में 6382 मेगावाट तथा पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर एवं उज्जैन संभाग) में 7780 मेगावाट की मांग दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त सेज एवं रेलवे क्षेत्रों में 353 मेगावाट विद्युत मांग रही।

### इस तरह सुनिश्चित हुई आपूर्ति

रिकॉर्ड मांग की पूर्ति के समय प्रदेश के ताप विद्युत गृहों से 3369 मेगावाट, जल विद्युत गृहों से 1450 मेगावाट, प्रदेश में स्थित नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से 1466 मेगावाट उत्पादन था। एनटीपीसी, बैंकिंग एवं अन्य स्त्रोतों से कुल 13610 मेगावाट बिजली प्राप्त की गई।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश की सभी विद्युत कंपनियों और विद्युत कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम, तकनीकी दक्षता और समर्पित कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अधिकतम मांग के समय प्रदेश के सभी उत्पादन केन्द्रों, ट्रांसमिशन लाइनों एवं सबस्टेशनों से पूर्ण समन्वय के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई।

### सामूहिक नकल पर पूरी परीक्षा निरस्त होगी

# बोर्ड परीक्षा : मशिमं ने जारी किये सख्त निर्देश

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से शुरू हो रही है। इस बार परीक्षाओं को शुचितापूर्ण और पारदर्शी बनाने के लिए मंडल ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यदि किसी भी परीक्षा केंद्र पर सामूहिक नकल का मामला पुख्ता होता है, तो उस केंद्र की पूरी परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी। परीक्षा में नकल करने वाले परीक्षार्थियों पर तीन साल की जेल या पांच हजार रुपये का जुर्माना का प्रावधान है।

मंडल द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक बोर्ड परीक्षाओं में यदि कोई परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करता है या कोई व्यक्ति इसमें उसकी सहायता करता है तो तीन वर्ष की सजा का प्रावधान है। कक्षा में सामूहिक नकल या अन्य व्यक्ति द्वारा नकल करवाने पर उस केंद्र की सभी परीक्षाएं निरस्त होंगी। निर्देश के अनुसार,एक उत्तर पुस्तिका में एक से अधिक हस्तलिपि में प्रश्न हल किए हो तो व्यक्तिगत नकल प्रकरण की श्रेणी में रखा जाएगा और सभी विषयों की परीक्षा और



परीक्षाफल निरस्त किया जाएगा। साथ ही उस केंद्र के केंद्राध्यक्षों, सहायक केंद्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों को पांच साल तक परीक्षा कार्य से वंचित किया जाएगा।

### मूल्यांकन के दौरान भी कड़ी निगरानी

माशिमं ने स्पष्ट किया है कि सामूहिक नकल की पहचान केवल परीक्षा हाल तक सीमित नहीं रहेगी। यदि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय किसी एक परीक्षा केंद्र की कम से कम 10 उत्तर पुस्तिकाएं एक ही तरीके (समान उत्तर और समान शैली) से लिखी हुई पाई जाती हैं, तो इसे सामूहिक नकल की श्रेणी में माना जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित केंद्र की परीक्षा को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाएगा।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध

मंडल द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक बोर्ड परीक्षाओं में यदि कोई परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, या कोई व्यक्ति इसमें उसकी सहायता करता है तो तीन साल की सजा का प्रविधान है। अनुचित साधनों का प्रयोग करते पाए जाने पर विद्यार्थी की पूरी परीक्षा निरस्त होगी। बोर्ड परीक्षा में कैलकुलेटर का उपयोग अनुचित साधन की श्रेणी में माना जाएगा। साधारण केलकुलेटर, साइंटिफिक कैलकुलेटर, पेजर, सेल्युलर फोन, कंप्यूटर के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## चाकूबाज कट्टे के साथ गिरफ्तार

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत भानतलैया में एक आटो चालक रुपयों के अवैध मांग करने और मारपीट करने वाले एक शातिर बदमाश को पुलिस ने देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया। हनुमानताल थाना प्रभारी सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि प्रेम सागर करिया पाथर रोड हनुमानताल निवासी 36 वर्षीय आटो चालक राजेंद्र सिंह ठाकुर उर्फ शिव ठाकुर से भानतलैया प्रेमसागर रोड के पास अनिकेत केवट एवं प्रकाश उर्फ चपटा, सूजल केवट, नमन केवट ने उसकी आटो रोके और आटो चलाने के एवज में 500 रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर अनिकेत ने डण्डे से उसके आटो के कांच तोड़ दिये, वह आटो से उतरकर भागने लगा तो नमन एवं सुजल ने उसे पत्थर मारा, अनिकेत एवं प्रकाश ने चाकू से हमला कर पैर एवं कमर, में चोटें पहुंचा दी तथा रिपोर्ट करने पर चारों ने जान से मारने की धमकी दी।




## आदेश का पालन करें या पीएस राजस्व व कलेक्टर चले आएं : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रायसेन जिले के 63 किसानों की जमीन के सीलिंग विवाद से जुड़े एक पुराने मामले में सख्ती बरती। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने राजस्व बोर्ड के आदेश का 15 दिन के भीतर पालन करने के निर्देश दिए। इसके लिए कलेक्टर की ओर से मांगी गई 90 दिन की मोहलत देने से कोर्ट ने मना कर दिया। कोर्ट ने ताकीद दी कि यदि तय अवधि में आदेश का पालन नहीं हुआ, तो 29 जनवरी को होने वाली आगामी सुनवाई में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव और रायसेन कलेक्टर को स्वयं कोर्ट में हाजिर होना होगा। याचिकाकर्ता रायसेन जिले की बाड़ी तहसील के ग्राम गडरवास निवासी 86 वर्षीय किसान हिमाचल सिंह सहित 62 अन्य किसानों की ओर से याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि कुल 363.18 एकड़ भूमि के सीलिंग विवाद पर राजस्व बोर्ड ने दो दिसंबर 2002 को रायसेन कलेक्टर को मामले की पुनः सुनवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद करीब दो दशक बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन नहीं हुआ, जिस पर यह याचिका दायर की गई।

### तीन को चेतावनी, किसानों के हित में सख्त कार्रवाई

# धान उपार्जन में अनियमितता, दो संस्थाएं ब्लैक लिस्टेड



**जबलपुर।** जिले में धान उपार्जन के दौरान अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद जिला उपार्जन समिति ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर राजस्व, खाद्य, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की संयुक्त जांच टीम ने उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया।

जाँच में पाई गई गंभीर अनियमितताओं के आधार पर शहपुरा तहसील के पारस वेयर हाउस, सहजपुर (संस्कार ग्राम संगठन, बिल्हा) और सिहोरा तहसील के अपराजिता संकुल स्तरीय संगठन फनवानी को दो वर्ष के लिए ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। ब्लैकलिस्टेड संस्थाओं के कमीशन में 10 प्रतिशत की कटौती करने का भी निर्णय लिया गया। विशेष रूप से, संस्कार ग्राम संगठन ने नॉन एफएक्यू धान का उपार्जन किया, जबकि फनवानी द्वारा संचालित केंद्र में कुछ बोरियों में किसान का नाम और कोड अंकित नहीं था और तौल में कमी पाई गई। इसके अलावा, सर्वेयर द्वारा रिपोर्ट किए गए दोषों पर फनवानी के कमीशन में 2 प्रतिशत की कटौती भी की गई।

सख्त प्रकृति की अनियमितता न पाये जाने पर तीन अन्य संस्थाओं के कर्मचारियों को चेतावनी दी गई है।

### इनमें शामिल हैं

- जीवन ज्योति ग्राम संगठन, मझगंवा (सिहोरा तहसील, द्वारकाधीश वेयरहाउस)
- जनशक्ति संकुल संगठन, कुशनेर (पनागर तहसील, श्री राज वेयरहाउस)
- पंचशील ग्राम संगठन, अमगवां (सिहोरा तहसील, विदित एग्रो पार्क)
- जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि इन संस्थाओं और केंद्रों को अगले खरीफ और रबी विपणन वर्षों (2026-27 एवं 2027-28) में उपार्जन का कार्य नहीं करने दिया जाएगा। इस कार्रवाई का उद्देश्य किसानों के हित की रक्षा करना और उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## इस बार भी नहीं रुक पाया धान घोटाला

**हरिभूमि ने पहले ही चेताया था**

# लगातार निरीक्षण के बाद गड़बड़ी, कहीं यह अधिकारियों की मिलीभगत तो नहीं...?

हरिभूमि, जबलपुर।


हरिभूमि

जिनके खिलाफ एफआईआर, वे कर रहे हैं औचक निरीक्षण

किसकी शह पर पल रहे हैं यह लोग

**क्या इस बार भी धान खरीदी में होगा बड़ा घोटाला?**

बीते लंबे समय से जबलपुर जिले में हो रही समर्थन मूल्य की खरीदी में व्यापक घोटाले लगातार उजागर हुए हैं जिला प्रशासन एवं जिला उपार्जन समिति हर बार यह दावा करती है कि इस बार हम किसी प्रकार का कोई घोटाला नहीं होने देंगे लेकिन कहावत वही ढाक के तीन पात वाली हो जाती है। दरअसल इन दिनों जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जोरों पर है।

मझौली के श्रीजी वेयर हाउस में धान उपार्जन में व्यापक हेराफेरी की शिकायत के उपरांत हुई जांच के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि इस बार भी धान उपार्जन में गड़बड़ी नहीं रुक पाई है। हालांकि हरिभूमि ने खरीदी शुरू होने के बाद ही जिला प्रशासन को चेताया था, हरिभूमि द्वारा अपने 23 दिसंबर के अंक में शीर्षक क्या इस बार भी होगा धान खरीदी में बड़ा घोटाला। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जब उपार्जन मामले में फरार आरोपी सर्वेयरों का निरीक्षण करेगें तथा वह खरीदी में लिप्त रहेंगे तो क्या कहा जा सकता है। इसमें स्पष्ट है कि अधिकारियों की मिलीभगत शामिल हो सकती है। दरअसल जिले में चल रही धान उपार्जन में श्रीजी वेयर हाउस में स्टेक में बड़ी धांधली सामने आई है, यहां पर 20-22 किलो की धान की बोरी मिली है जो कि वास्तविक वजन से आधी बताई है, कुछ बोरियों में जरूर 38 किलो धान मिली है,जबकि प्रत्येक बोरी में धान की मात्रा 40.650 किलो होना चाहिए। सूत्रों का कहना है कि जिले में चल रही धान उपार्जन में भारी मात्रा में गड़बड़ी की जा रही है, श्रीजी वेयर हाउस में मिली बोरियों हेराफेरी के बाद अब जितनी जगहों पर उपार्जन हो रहा है सभी की जांच होना चाहिए, क्योंकि इस प्रकार की हेराफेरी सिर्फ एक वेयर में नहीं बल्कि जिले के अधिकांश स्थानों पर है।

### खरीदी केंद्रों की हो सेंपलिंग

कहा जा रहा है कि उपार्जन केंद्रों में चल रही धान की खरीदी की जो स्टेक वेयर हाउसों में लग चुके हैं उनकी सेंपलिंग की जाए तो अधिकांश धान नान एफएक्यू निकलेगी। खरीदी केंद्रों में जमकर धांधली की गई है। धान उपार्जन में नान एफएक्यू धान को भी सर्वेयरों द्वारा पास किया गया है। व्यापक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी धान की खरीदी में भले ही जिला प्रशासन द्वारा मॉनिटरिंग की गई है, परंतु वास्तविकता इससे परे दिखाई दे रही है।

### 15 -20 रुपये/क्विंटल कमीशन

धान उपार्जन में हो रही हेराफेरी की वजह अधिकारियों का भ्रष्टाचार है। प्रत्येक क्विंटल पर सभी का कमीशन बंधा हुआ है। इसकी खबर हरिभूमि द्वारा पहले की प्रकाशित की जा चुकी है। सूत्रों का कहना है कि जिले में 20 रुपये प्रति क्विंटल तक कमीशन लिया जा रहा है। इसमें प्रत्येक अधिकारी का अपना हिस्सा है। नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा की जा रही इस खरीदी में सबसे ज्यादा हिस्सा रखा गया गया है जबकि सर्वेयर देने वाली कंपनी का अपना हिस्सा होता है।

### जांच कर कार्यवाही की जाएगी

ये बात सही है कि अभी इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, सहकारिता, फूड और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम इस मामले में बनाई गई है, जांच जारी है। जांच प्रतिवेदन आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

प्रमोद कुमार मिश्रा
जिला आपूर्ति नियंत्रक

## मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की हाईकोर्ट में पेशः शहर के नालों के पानी की जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

# नालों का पानी अत्यंत दूषित, वाटर पाइप लाइन में मिल गया तो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होंगी

**जबलपुर।** नाले के गंदे व विषैले पानी से सब्जी उगाने के मामले में हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लेकर दायर की गई जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने नालों के पानी की जांच रिपोर्ट पेश की। इसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, शहर के सभी नालों के पानी में भारी मात्रा में सीवेज मिलता है। जिसके कारण वह 'अत्यंत दूषित' है। यह पानी पीने, निस्तार और सिंचाई के लिए पूर्णतः अनुपयोगी है। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि नालों का यह पानी वॉटर पाइप लाइन में मिल गया तो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होंगी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए सरकार को कहा कि घरों से निकलने वाले सीवेज को सीधे नालों में जाने से तत्काल रोकें और इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाएं। प्रदूषण बोर्ड के सुझावों पर तत्काल अमल करके रिपोर्ट पेश करें। मामले पर अगली सुनवाई 2 फरवरी को होगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि जबलपुर में 174 मेगालीटर प्रतिदिन वेस्ट वॉटर नालों में जाता है। जिसमें से नगर निगम द्वारा 13 सीवेज प्लांट्स के जरिए केवल 58 मेगालीटर प्रतिदिन पानी का ट्रीटमेंट किया जाता है। यह पानी नर्मदा तथा हिरन नदी में मिलाया जाता है। कोर्ट को बताया गया कि प्लांट्स की कुल क्षमता 154.38 मेगालीटर प्रतिदिन की है। इसके लिए समय-समय पर करोड़ों रुपए की राशि का आवंटन भी किया गया है। हाल ही में नगर निगम जबलपुर को अमृत 2.0 (सीवर) योजना अंतर्गत 1202.38 करोड़ राशि स्वीकृत हुई है।

### फेकल कोलिफॉर्म मिला

प्रदूषण बोर्ड की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ सेठ ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर कृषि अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी और प्रदूषण बोर्ड की संयुक्त टीम ने 23 नवंबर 2025 को ओमती नाला, मोती नाला, खूनी नाला, उदरना नाला सहित अन्य नालों से पानी का सेंपल लेकर जांच की थी। जांच के बाद इनके पानी में बीओडी, टोटल कोलिफॉर्म या फेकल कोलिफॉर्म की मात्रा निर्धारित मानक सीमा से अधिक है। नमूना रिपोर्ट और जांच से स्पष्ट है कि यह अनुपचारित सीवर का जल है जो पीने, नहाने या खेती सहित किसी भी अन्य उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं है।

### संयुक्त कमेटी बनाएं

डेमोक्रेटिक लॉयर फोरम की ओर से रविंद्र गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि शीघ्र ही सही साफ़ और बिना संक्रमित पानी पीने लायक घरों में सप्लाई करने हेतु नगर निगम सक्षम नहीं है । इसलिए संपूर्ण मामले की पर सही कार्रवाई हेतु हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज के नेतृत्व में जबलपुर मेयर, ननि कमिश्नर , कलेक्टर, पीएचई डिपार्टमेंट के हेड , किसी सीनियर सिटीजन सोशल वर्कर और किसी सीनियर एडवोकेट की मॉनिटरिंग कमेटी बनाई जाए । न्यायालय ने कहा कि इस पर बाद में सुनवाई की जाएगी

**पांच रंग की स्वदेशी पतंगों का पतंगबाजी में किया गया उपयोग**

# मकर संक्रांति पर 'स्वच्छता की क्रांति' का अनूठा संदेश

**जबलपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भँवरताल पार्क में नगर निगम जबलपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता और जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य अंशुल राघवेंद्र यादव और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बच्चों के बीच पतंगबाजी कर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। सभी ने स्वच्छता की शपथ लेकर जबलपुर को स्वच्छताधानी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वच्छता के ब्रांड एम्बेस्डर अराध्या तिवारी और श्रेया खंडेलवाल भी मौजूद रहीं।




कार्यक्रम में पांच रंगों की स्वदेशी पतंगों का उपयोग कर कचरा पृथक्करण पर जोर दिया गया। हरा – गीला कचरा, नीला – सूखा कचरा, पीला – सेनेटरी कचरा, काला – घरेलू हानिकारक कचरा और लाल – इलेक्ट्रॉनिक कचरा। महापौर ने कहा, "जैसे पतंगें ऊंचाइयां छूती हैं, वैसे ही जबलपुर स्वच्छता के मानकों में नई ऊंचाइयां हासिल करेगा।" महापौर, निगमाध्यक्ष, एम.आई.सी. सदस्य और निगमायुक्त ने नागरिकों से अनुरोध किया कि कचरा संग्रहण वाहन में कचरे को इन पांच भागों में विभाजित करके दें, ताकि शहर का कचरा प्रबंधन सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीके से हो सके। कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक नारे "आईये मिलकर हम लाएँ स्वच्छता की क्रांति" के साथ हुआ। इस अवसर पर कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

- हाई कोर्ट ने टिप्पणी के साथ कुटुम्ब न्यायालय का आदेश किया निरस्त
- तीन वर्षीय मासूम को पिता से मिलने की अनुमति न देने का मामला

# दंपति के कलह का खामियाजा भुगतने विवश होते हैं नौनिहाल

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि परिवारों के नौनिहाल दंपति के कलह का खामियाजा भुगतने विवश होते हैं। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने इस मत के साथ कुटुम्ब न्यायालय का वह आदेश अनुचित पाते हुए निरस्त कर दिया जिसके जरिए तीन वर्षीय मासूम को पिता से मिलने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था।

हाईकोर्ट ने कुटुम्ब न्यायालय, जबलपुर के आदेश पर ऐतराज करते हुए कहा कि महज आधे वाक्य में यह लिख देना कि पिता अपने बच्चे से मिलना नहीं चाहता, इसलिए कोर्ट किसी को मजबूर नहीं कर सकता। वस्तुतः ऐसा आदेश स्वीकार्य नहीं है। लिहाजा, ऐसे आदेश पर मुहर नहीं लगाई जा सकती। कुटुम्ब न्यायालय को निर्देश दिया जाता है कि वह आवेदन का गुण-दोष के आधार पर पुनः विचार कर नए सिरे से आदेश पारित करे।

### पति-पत्नी की काउंसिलिंग करानी चाहिए थी

हाई कोर्ट ने अभिलेख का अवलोकन करने के उपरांत अपने आदेश में कहा कि तलाक के मुकदमे पति-पत्नी के बीच मानसिक पीड़ा तो पैदा करते ही हैं, लेकिन सबसे अधिक तनाव बच्चों को सहना पड़ता है। बचपन में मिला मानसिक आघात उनके भविष्य के व्यवहार और व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब बच्चा पिता से मिलने की जिद कर रहा था, तब फैमिली कोर्ट को पति-पत्नी की काउंसिलिंग करानी चाहिए थी, या किसी प्रशिक्षित मीडिएटर की मदद लेनी चाहिए थी।

### क्या है मामला

दरअसल, राजधानी भोपाल निवासी महिला ने अपने पति के विरुद्ध हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। पति ने पहले कुटुम्ब न्यायालय में विवाह विच्छेद का प्रकरण दायर किया था, जो बाद में भोपाल स्थानांतरित हो गया। दंपति का तीन वर्ष का बच्चा फिलहाल मां के साथ रह रहा है। बच्चे ने अपने पिता से मिलने की इच्छा जताई, लेकिन पिता मिलने से इनकार कर रहा था। इस पर महिला ने कुटुम्ब न्यायालय में आवेदन दिया, जिसे नौ अप्रैल, 2025 को निरस्त कर दिया गया। इसी आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई।

### पति का तर्क पत्नी परेशान करना चाहती है

हाई कोर्ट के समक्ष पति ने दलील दी कि पत्नी पहले बच्चे से कहती थी कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। अब जबलपुर से भोपाल बुलाने की मंशा से बच्चे को आधार बनाकर यह आवेदन किया गया है।



## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 51 क्विंटल खिचड़ी का भंडारा

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में सन 1994 से लगातार 33 वे वर्ष में मकर संक्रांति पर्व पर आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास महाराज के सानिध्य में भगवान राधा कृष्ण को खिचड़ी का प्रथम भोग लगाकर श्रद्धालुओं को वितरित किया। आश्रम में संकीर्तन भजन और कवि सम्मेलन ने सबका मन मोह लिया भेड़ाघाट में आश्रम के व्यवस्थापक एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया आज से 32 साल पहले 11 किलो खिचड़ी से चालू किया गया भंडारा जो धीरे-धीरे 51 कुंटल पर पहुंच गया कई भक्तों ने नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ लिया कार्यक्रम का संचालन शरद अग्रवाल ने किया।

**विद्युत मुख्यालय में गणतंत्र दिवस की तैयारियां**

# समीक्षा बैठक में कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा तय

**जबलपुर।** विद्युत कंपनियों द्वारा पाण्डुताल मैदान में आयोजित होने वाला 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस बात का निर्णय एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालनक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आयोजन से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की रूपरेखा पर समीक्षा की गई।

गणतंत्र दिवस आयोजन समिति की बैठक में अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग नायक, अधीक्षण अभियंता सिविल धर्मेन्द्र वर्मा, महाप्रबंधक आलोक श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक सिविल मिलिन्द चौधरी, मैनेजर मानव संसाधन पराग मिश्रा व अंकुर चौरसिया, उद्यान सलाहकार ज्ञान सनोरिया पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कम्युनिकेशन विभाग के कार्यपालन अभियंता दीपक कुमार, सहायक अभियंता राकेश सोनी व सुरक्षा अधिकारी आरएन यादव उपस्थित थे।

## ट्रेनों में चोरी करने वाला बदमाश जीआरपी की गिरफ्त में

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ एवं अपराधों की रोकथाम हेतु टीम गठन किया गया, जिसने रेलवे स्टेशन जबलपुर से आरोपी दुर्गेश गाँठरिया पिता स्व. बलदेव सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी याम चरगांवमान थाना बीजाडांडी जिला मंडला के कब्जे से कुल 4 चोरी के मोबाईल जप्त किया। आरोपी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया, आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर SHO संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाहा, अरुण तिवारी, आर. संजीत शर्मा, आर. राजकुमार तथा आरपीएफ पोस्ट जबलपुर के आरक्षक हरिकेश दुबे एवं सूर्यनाथ यादव का विशेष योगदान रहा।

### बिजली उपभोक्ताओं पर दोहरी मार

**जबलपुर।** पावर मैनेजमेंट कम्पनी ने 29 दिसम्बर को आदेश जारी कर प्रदेश के तीन वितरण कम्पनियों को फ्यूल सरचार्ज 1.05 प्रतिशत से वसूलने को कहा है। यह वसूली 24 जनवरी तक उपभोक्ताओं से की जायेगी। पूर्व में नवम्बर में फ्यूल सरचार्ज मायनस 2.23 प्रतिशत था। लेकिन अब इसमें 3 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है, इससे उपभोक्ताओं से औसतन 30/-रूपये की ज्यादा वसूली की जायेगी। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि जब 22 सितम्बर से कोयले का कम्पेनसेशन सेस 400/- रूपये प्रति टन हटाया गया तब बिजली उत्पादन सस्ता होकर बिजली विक्रय रेट भी घटना चाहिये था। किन्तु पावर मेनेजमेंट कम्पनी द्वारा जारी आदेशों से यह खुलासा हुआ है की पावर परचेस कास्ट घटना तो दूर उल्टे वह बढ़ गयी है। अक्टूबर में वह 3 रूपये 53 पैसे / कि. वैट थी, उसमें 20 पैसे की बढ़ोत्तरी होकर नवम्बर में वह 3 रू. 73 पैसे हो गयी। एक तरफ बिजली रेटस में 10.19 प्रतिशत की भारी वृद्धि का प्रस्ताव तो दूसरी तरफ फ्यूल सरचार्ज में भी वृद्धि। यह उपभोक्ताओं पर दोहरी मार है। जन संगठनों के रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के. रायघटक, डी.के. सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, डी.आर. लखेरा, पी.एस. राजूपत, के.सी. सोनी आदियों ने विरोध जताकर जन आन्दोलन की चेतावनी दी है।

*मॉडल से साध्वी बनी हर्षा रिछारिया ने नर्मदा स्नान के बाद पत्रकारों से की चर्चा*

# समाज आज भी पुरुष प्रधान मानसिकता से है ग्रसित

**जबलपुर।** प्रयागराज महाकुंभ से चर्चा में आयी मॉडल से साध्वी बनी हर्षा रिछारिया बुधवार को मकर संक्राति पर पुण्य की डुबकी लगाने जबलपुर के गौरीघाट नर्मदा तट पहुंचीं। यहां स्नान के बाद उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए धर्म व सनातन पर कुछ बयान दिए। हर्षा ने कहा कि हमारे धर्म के भीतर ही एकता का अभाव है तो वहीं अहंकार इस कदर हावी है कि यदि कोई महिला धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ती है तो जिन लोगों को हम अपने आराध्य के समान पूजते हैं वही लोग उसे नीचा दिखाने एक हो जाते हैं। हर्षा ने कहा कि लडकियों के आगे बढने में यदि कोई युक्ति काम नहीं करती तो लोग उसका मनोबल गिराने चरित्र हनन तक से बाज नहीं आते। यह पुरातन काल से आज तक हो रहा है जो दुखद है।

हर्षा रिछारिया ने आगे कहा कि बीते एक साल में उन्होंने अनगिनत परीक्षाएं दीं, सबको मनाने की कोशिश की, लेकिन अब वह विराम ले रही हैं। हर्षा ने स्वीकार किया कि एक्टिंग और मॉडलिंग के दौर में उन्हें कभी इस तरह का विरोध नहीं झेलना पड़ा और वे शांति से जीवन जी सकती थीं। धर्म के रास्ते पर चलकर उन्हें उम्मीद थी कि सुकून मिलेगा, लेकिन यहां उन्हें अकेली लड़ाई लड़नी पडी। हर्षा रिछारिया ने देश की सामाजिक सोच पर भी सवाल उठाए और कहा कि यह समाज आज भी पुरुष प्रधान मानसिकता से ग्रसित है, जहां नारी के आगे बढ़ने को सहजता से स्वीकार नहीं किया जाता। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि वह सनातन धर्म को नहीं छोड़ रहीं, बल्कि खुले मंच से धर्म प्रचार पर विराम लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि कोई धर्म को तब तक नहीं अपनाता जब तक कि धर्म उसे न अपनाए। इस मामले में वे सौभाग्यशाली हैं कि उनका जन्म सनातन में हुआ और वे इसे अपनाती हैं, इस पर उन्हें गर्व है।

हर्षा रिछारिया ने देश की सामाजिक सोच पर भी सवाल उठाए और कहा कि यह समाज आज भी पुरुष प्रधान मानसिकता से ग्रसित है, जहां नारी के आगे बढ़ने को सहजता से स्वीकार नहीं किया जाता। हर्षा ने स्वीकार किया कि एक्टिंग और मॉडलिंग के दौर में उन्हें कभी इस तरह का विरोध नहीं झेलना पड़ा और वे शांति से जीवन जी सकती थीं। उन्होंने बताया कि वे अब पुनः अपना पुराना काम करेंगी। मौनी अमावस्या के दिन माघ मेले में गंगा स्नान के बाद वह सार्वजनिक रूप से 'अपने इस फैसले की घोषणा करेंगी।

# जबलपुर में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट से स्वच्छता और बिजली उत्पादन में तेजी

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने कुंदन ग्रीन एनर्जी द्वारा संचालित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट को पूरी तरह सक्रिय किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि प्लांट में प्रतिदिन 400 टन कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन हो रहा है और इससे बिजली भी उत्पादन हो रही है। इस प्लांट की कुल क्षमता प्रतिदिन 800 टन कचरे को जलाने की है। निगमायुक्त ने प्लांट का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और कम्पनी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि दिन-रात प्लांट चलाकर कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन सुनिश्चित करें और बिजली उत्पादन में वृद्धि करें। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेन्द्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा एवं कम्पनी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम सिर्फ घरेलू कचरे तक ही सीमित नहीं है, बल्कि निर्माण और विध्वंस से निकलने वाले मलबे का रचनात्मक उपयोग कर शहर के लिए गमले और पेवर ब्लॉक तैयार कर रहा है। इनका उपयोग स्थायी सौंदर्यीकरण कार्यों में किया जाएगा।

इसके साथ ही निगमायुक्त ने अमृत योजना फेस-2 और स्वच्छता कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छता मानकों के अनुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थायी सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा, ₹जैसे ही कचरे का संग्रह बढ़ेगा, यह प्लांट शहर को शत-प्रतिशत 'कचरा मुक्त' बनाने में सक्षम होगा। स्वच्छता और ऊर्जा उत्पादन में यह कदम जबलपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस पहल से शहर में कचरा प्रबंधन, बिजली उत्पादन और स्थायी सौंदर्यीकरण तीनों में सुधार होगा और जबलपुर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में नए मानक स्थापित करेगा।


कैबिनेट की बैठक में टेबलेट लेकर पहुंचे सीएम।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव टैबलेट लेकर कैबिनेट की बैठक में पहुंचे

# प्रदेश में पेपरलेस कार्य प्रक्रिया, समय की बचत व पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी ई-गवर्नेंस व्यवस्था

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले किया मंत्रियों को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में ई-गवर्नेंस व्यवस्था को विस्तार देते हुए कैबिनेट की बैठक में टैबलेट लेकर पहुंचे। 6 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश में ई-कैबिनेट की प्रक्रिया शुरू करने के उद्देश्य से मंत्रियों को टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। साथ ही कैबिनेट के समक्ष ई-टैबलेट एप्लीकेशन का प्रस्तुतिकरण हुआ था। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल से पेपरलेस कार्य प्रक्रिया अपनाने, समय की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' से शुरू किया गया है।

यह अभियान चार चरणों में 31 मार्च तक चलेगा। इस अभियान में शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाएगा। इसमें 16 विभागों की 91 योजनाएं, सेवाएं शामिल है। यह नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में साथ-साथ चलेगा। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक आवेदन प्राप्त करने की कार्रवाई होगी। द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन, शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन होगा। तृतीय चरण में 16 मार्च से 26 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें अनिराकृत शेष आवेदन और शिकायतों का निराकरण होगा। चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर आवेदन एवं शिकायत का निराकरण होगा।


कैबिनेट में ई-टैबलेट एप्लीकेशन का प्रस्तुतिकरण।

### संक्रांति का दिन परिवर्तन, आत्मबल, सकारात्मकता का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति की अग्रिम मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति वह शुभ समय है। जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं और प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पावन अवसर पर 15 जनवरी को बाबई नर्मदापुरम से लाडली बहनों के खाते में जनवरी माह की 1500 रुपए की किश्त डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का दिन शुभ परिवर्तन, आत्मबल और सकारात्मक सोच का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंग उड़ाने, रंगोली प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों से उत्साह और उमंग का संचार करने वाले इस त्यौहार पर चाइनीज मांझे के उपयोग के प्रति विशेष सतर्कता बरती जाए।

### 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं कर रही हैं लीड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन चुका है। मप्र में 6500 से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं लीड कर रही हैं। भोपाल में पिछले दिवस मप्र स्टार्टअप समिट 2026 आयोजित किया गया। समिट के दौरान 156 स्टार्ट-अप को 2.5 करोड़ रूपए से अधिक प्रोत्साहन राशि तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 21 स्टार्ट-अप को 8.17 करोड़ रूपए से अधिक की ऋण राशि अंतरित की।

### *स्वच्छ जल अभियान की सघन मॉनिटरिंग की जाए सुनिश्चित*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी को शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में 'स्वच्छ जल अभियान' आरंभ किया जा रहा है, जो दो चरणों में संचालित होगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा। आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये हर मंगलवार को जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है। अभियान के तहत समस्त जल शोधन यंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की सफाई होगी, जिसकी निगरानी जीआईएस मैप आधारित एप से होगी।*

## खबर संक्षेप

### विधायकों के आवासों, वेतन भत्ते सहित अन्य मामलों पर चर्चा

**भोपाल।** विधानसभा में आज विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और तीन मंत्रियों को बुलाया। तोमर द्वारा बुलाई गई बैठक में सीएम यादव के अलावा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल भी मौजूद रहे। बैठक में विधायकों के वेतन भत्ते और विश्राम गृह के अलावा विधानसभा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष तोमर की अध्यक्षता में विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में हुई इस बैठक में सीएम सचिवालय के अपर सचिव नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह और विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा भी शामिल हुए। बताया जाता है कि विधायकों के वेतन भत्तों के लिए बनाई गई कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। शीतकालीन सत्र में विधायकों का दबाव था कि उनका वेतन भत्ता बढ़ाने का फैसला किया जाए, लेकिन तब सरकार निर्णय नहीं ले पाई थी। अब जबकि एक माह बाद फरवरी के अंतिम सप्ताह में बजट सत्र शुरू हो सकता है तो सरकार इस मामले में अंतिम फैसला ले सकती है और कैबिनेट ने प्रस्ताव मंजूर किए जाने के बाद विधानसभा में लाकर इसे मंजूरी दी जा सकती है। इसके अलावा विधायक विश्राम गृह कैम्पस में विधायकों के लिए बनाए जा रहे आवासों को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई है।

### कैबिनेट ने राजगढ़ एवं रायसेन जिले की तीन सिंचाई परियोजनाओं को दी मंजूरी

# प्यासे खेतों तक जल पहुंचाना हमारा लक्ष्य हर कीमत पर इसे पाकर रहेगी मप्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान हमारा अभिमान हैं। किसानों का मान बढ़ाने हमने कोई कमी नहीं की। प्यासे खेतों तक पानी पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और हर खेत तक पानी पहुंचाकर हम यह लक्ष्य जल्द ही पाकर रहेंगे। मप्र में अभी कृषि का सिंचित रकबा 56 लाख हेक्टेयर है। हमारी सरकार ने इसे जल्द से जल्द 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए संकल्पित है। प्रदेश के किसान समृद्ध और सशक्त बनें, इसी मंशा से हमने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना और ताप्ती ग्राउंड वॉटर रिचार्ज मेगा परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इन तीनों नदी परियोजनाओं के पूरा होने पर प्रदेश का लगभग सम्पूर्ण कृषि रकबा सिंचित हो जाएगा।

### *सारंगपुर, भोजपुर और उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताकर किया अभिनंदन*

**खास बातें**

- मुख्य जांच आयुक्त बड़े अफसरों के भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करेंगे
- सामान्य प्रशासन विभाग से संबद्ध होगा निदेशालय


किसानों को संबोधित करते सीएम।

### नदियां हमारे लिए जीवन रेखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक किसान परिवार से आते हैं और खेती के लिए सिंचाई का महत्व उन्हें अच्छी तरह ज्ञात है। उन्होंने कहा कि मप्र नर्मदा, चंबल, बेतवा, ताप्ति, क्षिप्रा जैसे अनेक नदियों का मायका है और इन्हीं के कारण हमारा प्रदेश जल संपदा से संपन्न है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा, पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेश में किसानों के कल्याण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. पटवा प्रदेश के एक आदर्श राजनेता थे।

### एक-एक गांव और हर एक खेत तक बिजली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के एक-एक गांव और हर एक खेत तक बिजली और पानी की सतत आपूर्ति बरकरार रहे, यही हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री का राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र और रायसेन जिले की भोजपुर एवं उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन कर आभार जताया। 13 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकारकी ओर से इन तीन विधानसभा क्षेत्रों के किसानों के हित में करीब 900 करोड़ रुपए लागत वाली तीन अलग-अलग सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। किसान इसी सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने मुख्यमंत्री निवास आए थे।

**इन विस क्षेत्रों के किसान होंगे लाभान्वित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में राजगढ़ एवं रायसेन जिले की कुल 898.42 करोड़ रुपए लागत वाली तीन सिंचाई परियोजनाओं के लिए की स्वीकृति दी गई है। राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में 396 करोड़ 21 लाख रुपए लागत वाली मोहनपुरा विस्तारीकरण (सारंगपुर) सिंचाई परियोजना से सारंगपुर तहसील के 26 ग्रामों की 11,040 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी। इस परियोजना से 10 हजार 400 किसान परिवार लाभांवित होंगे।

### स्कूलों के समय-सीमा में हों सभी निर्माण


विभागीय समीक्षा करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री।

## विभाग में गठित की जाएगी नई विंग, कार्यों की होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की मंगलवार को समीक्षा की। बैठक में मंत्री सिंह ने सभी वर्किंग एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूरे किए जाएं।

उन्होंने कहा कि यदि कोई एजेंसी तय टाइमलाइन में कार्य पूर्ण नहीं करती है, तो उसके विरुद्ध निर्माण अनुबंध की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, आईडीए, बीडीए, यूडीए और भवन विकास निगम सहित विभिन्न वर्किंग एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए मंत्री सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग में एक तकनीकी विंग गठित करने के निर्देश दिए, जो विभागीय जांच दल के रूप में कार्य करेगा और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं मानकों की नियमित जांच करेगा। उन्होंने कहा कि चेक एंड बैलेंस का मजबूत सिस्टम विकसित किया जाना आवश्यक है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय शिल्पा गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

### स्टेप-बाय-स्टेप और मंथ-बाय-मंथ लक्ष्य तय करें

उन्होंने निर्देश दिए कि मासिक आधार पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए तथा स्टेप-बाय-स्टेप और मंथ-बाय-मंथ लक्ष्य तय कर निर्माण कार्य पूरे किए जाएं। प्रत्येक एजेंसी अपनी कार्ययोजना स्पष्ट रूप से विभाग को उपलब्ध कराए। मंत्री सिंह ने सभी वर्किंग एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से विभाग को प्रस्तुत करें।

## लोकगीत मंच पर टीकमगढ़ की सविता राज रहीं विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बुंदेलखंड के सबसे बड़े लोकगीत मंच का ग्रैंड फिनाले रविवार को छतरपुर के अंबेडकर भवन में संपन्न हुआ। सुरों की विभिन्न कसौटियों को पार कर टीकमगढ़ कीं सविता राज ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, पन्ना कीं सेजल सोनी ने दूसरा और बांदा कीं ज्योति पटेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता को 50 हजार मूल्य के पुरस्कार दिए गए, जिसमें नकद पुरस्कार समेत गिफ्ट हैंपर्स और ब्रांडिंग आदि शामिल है।

साथ ही, उन्हें प्रसिद्ध यूट्यूबर अंकित पांडे के साथ गायन और विराज फोटोग्राफी के एल्बम में शामिल होने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक ललिता यादव कार्यक्रम में मौजूद रहीं। बुंदेली लोकगीतों के सम्राट पं. देशराज पटेरिया के पुत्र की भी उपस्थिति रही। ललितपुर के अंकित परिहार और सागर के दृष्टिबाधित गायक सुनील लोधी ने क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

### यह जीत बुंदेलखंड की हर बेटी की

विजेता का खिताब हासिल होने पर भावुक स्वर में टीकमगढ़ कीं सविता राज ने कहा, यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड की हर उस बेटी की है, जो लोकगीतों को अपनी साँसों में बसाए हुए है। इस मंच ने मुझे अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की ताकत दी है। मैं इस सम्मान को अपने बुंदेलखंड को समर्पित करती हूँ। वहीं, द्वितीय और तृतीय विजेता के रूप में सेजल सोनी और ज्योति पटेल ने भी कृतज्ञता व्यक्त की। जजेस द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद पहले राउंड में 13, दूसरे राउंड में 8 और तीसरे राउंड में ऐसे 5 प्रतिभागी चुने गए, जिनके सुरों में परंपरा भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी और संस्कृति की बेशकीमती झलक भी।

रायपुर के भाठागांव स्थित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का मामला

## बस स्टैंड की पार्किंग में खड़ी पांच बसों में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाठागांव स्थित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) में मंगलवार देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बस स्टैंड की पार्किंग में अचानक आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते वहां खड़ी पांच बसों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे सभी बसें पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात पार्किंग क्षेत्र से धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही पलों में आग भड़क उठी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल



घटना के वीडियो बनाए, जिनमें बसों को आग की लपटों में घिरा देखा जा सकता है।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बसों को भारी नुकसान हो चुका था। घटना के बाद बस संचालकों में दहशत का माहौल है। प्रारंभिक तौर पर शरारती तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

सीसीटीवी में कैद पूरा मामला, आरोपी गिरफ्तार

## गर्लफ्रेंड के सिर पर बोतल मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का एक बीयर बार का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस खौफनाक वीडियो में एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड पर हमला करता दिख रहा है। घटना 21 दिसंबर 2025 की है। युवती का इलाज अस्पताल में चल रहा था। 12 जनवरी को उसकी मौत हो गई। युवती की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया है। वहीं, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बीयर बार में बैठे हैं। लंच करने के लिए खाना ऑर्डर किया था। तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद बॉयफ्रेंड ने शराब की बोतल से वारकर अपनी गर्लफ्रेंड का सिर फोड़ दिया। युवती चीखने लगी। उसके बाद उसने युवती के बाल खींच कर उसे कुर्सी से नीचे पटक दिया। इसके बाद भी उसके कई बार उस पर हमला किया।

### आजाद चौक थाना क्षेत्र का मामला

पिटाई के बाद बॉयफ्रेंड ने युवती को गले लगाकर रोया, फिर भाग गया। मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है। युवती की पहचान वेदिका सागर के रूप में हुई है। जबकि लड़के का नाम सुनील राव उर्फ शीनू है। मारने का लाइव वीडियो अभी सामने आया है। दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद था इसकी जानकारी नहीं है। दरअसल, घटना 21 दिसंबर दोपहर 3 बजे की है। दोनों रायपुर स्थिति मेट्रो बार में लंच करने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ने शराब भी ऑर्डर की थी। सीसीटीवी में लड़का-लड़की बात करते दिखाई दे रहे हैं। पहले किसी बात पर लड़की गुस्सा होती है उसके बाद लड़का अचानक कुर्सी के उठकर लड़की के पास आता है और फिर उस पर शराब की बोतल से हमला कर देता है। शराब की बोतल से हमला करने से लड़की का सिर फट गया। बहुत सारा खून निकला।

### सुकमा में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# 27 पुरुष नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, मुख्यधारा में लौटने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक उल्लेखनीय कामयाबी मिली है। लगातार बढ़ रहे दबाव और प्रभावी रणनीति के चलते 29 पुरुष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। यह घटनाक्रम क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गोगुंडा कैंप की स्थापना के बाद से ही इस इलाके में सुरक्षा बलों की उपस्थिति काफी बढ़ गई थी। इसके कारण नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना संभव हुआ। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन, एरिया डॉमिनेशन और अन्य दबाव की रणनीतियों से प्रभावित होकर, इन नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला किया। यह दर्शाता है कि सरकार की नीतियां और सुरक्षा बलों का अथक प्रयास रंग ला रहा है।

शांति स्थापित करने की दिशा में सराहनीय कदम | सरकारी नीतियां दिखा रहीं सकारात्मक असर



### *पुलिस अधीक्षक के समक्ष किया सरेंडर*

आत्मसमर्पण करने वाले सभी 29 नक्सलियों ने सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण के समक्ष अपना समर्पण किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें सरकार की पुनर्वास नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस नीति के तहत नक्सलियों को समाज में पुनः स्थापित होने और बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस जानकारी ने नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए और अधिक प्रोत्साहित किया। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस सामूहिक आत्मसमर्पण के बाद, केरलपाल एरिया कमेटी अब नक्सल-मुक्त होने के अंतिम चरण में पहुंच गई है। यह सुकमा जिले के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास की राह प्रशस्त करेगी। सुरक्षा बल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि नक्सल विरोधी अभियान इसी तरह जारी रहे, ताकि क्षेत्र में विकास और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह सफलता अन्य नक्सलियों को भी आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित कर सकती है।

# इंग्लिश लीग कप : फाइनल की दहलीज पर मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ▶▶| लंदन।

मैनचेस्टर सिटी के नए खिलाड़ी एंटोनी सेमेन्यो ने लगातार दूसरे मैच में गोल किया, जिससे उनकी टीम न्यूकैसल को 2-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गई। पिछले सप्ताह बोर्नमाउथ से 87 मिलियन डॉलर में मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए इस फॉरवर्ड खिलाड़ी ने सेंट जेम्स पार्क में सेमीफाइनल के पहले चरण में 53वें मिनट में पहला गोल दागा।

मैनचेस्टर सिटी के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी रेयान चेर्की ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया। सेमेन्यो ने सप्ताहांत में एफए कप में एक्सेटर के खिलाफ मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से पदार्पण करते हुए गोल किया था। उनकी टीम ने यह मैच 10-1 से जीता था। मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप आठ बार जीता है और पेप गार्डियोला के मुख्य कोच बनने के बाद उसने चार बार यह खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर सिटी ने आखिरी बार 2021 में यह खिताब जीता था। लीग कप का दूसरा सेमीफाइनल चेल्सी और आर्सेनल के बीच खेला जाएगा।



# कोपा डेल रे : क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

एंटोनी ग्रिज़मैन ने फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया, जिससे एटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से पराजित करके कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ग्रीजमैन ने 61वें मिनट में बाएं पैर से करारा शॉट लगाकर यह गोल किया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस तरह से 34 वर्षीय ग्रीजमैन ने पिछले छह मैचों में पांचवां गोल दागा। एटलेटिको मैड्रिड की टीम सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से 1-2 से हार गई थी।

कोपा डेल रे के अन्य मैचों में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैच नियमित समय और अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबर रहा था। एथलेटिक बिलबाओ ने दूसरी डिवीजन की टीम कल्चरल लियोनेसा को 4-3 से हराया।

ग्रीजमैन का दर्शनीय गोल



## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान की महिला टीम के 'मेंटोर' बने रियाज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की राष्ट्रीय महिला टीम का 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि वहाब टीम के 'मेंटोर' होंगे और उन्हें पूर्व खिलाड़ियों इमरान फरहत और अब्दुल रहमान सहित कोचिंग स्टाफ का सहयोग मिलेगा। पाकिस्तान की महिला टीम की कप्तानी फातिमा सना करेंगी। भारत और श्रीलंका में पिछले साल नवंबर में खेले गए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में मिली करारी हार के बाद यह टीम का पहला दौरा होगा। पाकिस्तान आठ टीमों की प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहा था, जिसके बाद मुख्य कोच मोहम्मद वसीम को बर्खास्त कर दिया गया था।

### कर्नाटक और विदर्भ के बीच पहला सेमीफाइनल पडिक्कल पर रहेगी नजर



**बेंगलुरु।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल कर्नाटक और विदर्भ के खिलाफ गुरुवार 15 जनवरी को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर पैदा कर सकते हैं। पडिक्कल इस समय शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बेहतरीन फॉर्म का नजारा मुंबई के खिलाफ सेमीफाइनल में किया था, जहां उनके नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने जीत हासिल की थी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में चार शतक लगाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### पाकिस्तान में तीन मैच खेलेगा ऑस्ट्रेलिया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया लाहौर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले 29 और 31 जनवरी तथा एक फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दिन रात्रि टी20 मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के ग्रुप मैच भारत में खेलेगा, जबकि पाकिस्तान को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने हैं। यह अप्रैल 2022 के बाद पहला अवसर होगा जबकि ऑस्ट्रेलिया टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम 28 जनवरी को लाहौर पहुंचेगी।

## क्रिकेट : न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट ने बनाया रिकार्ड

# रनों की रेस में तेंदुलकर से आगे निकले कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ किया बड़ा कारनामा

एजेंसी ▶▶| राजकोट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने पहला रन बनाते ही सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह कीवी टीम के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो विराट कोहली के ऊपर इस मामले में रिकी पोंटिंग टॉप पर हैं। वहीं भारतीयों के मामले में विराट नंबर 1 बन गए और ओवरऑल सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली लगातार एक के बाद एक सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर रहे हैं। वह वनडे शतकों के मामले में पहले ही सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं।

### शानदार फॉर्म में कोहली

कोहली इन दिनों शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली पांच वनडे पारियों में दो शतक और तीन अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने मौजूदा सीरीज के पहले मुकाबले में भी 93 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। वह अपने 54वें वनडे और 85वें इंटरनेशनल शतक से चूक गए थे। इस शानदार फॉर्म का उन्हें फायदा भी मिला और वह मौजूदा वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज भी बन गए।





**न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज**

| | |
|---|---|
| रिकी पोंटिंग | : 1971 रन (50 पारी) |
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| कुमार संगकारा | : 1568 रन (45 पारी) |
| सनथ जयसूर्या | : 1519 रन (45 पारी) |

**न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले भारतीय**

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| वीरेंद्र सहवाग | : 1157 रन (23 पारी) |
| रोहित शर्मा | : 1123 रन (31 पारी)* |
| मोहम्मद अजहरुद्दीन | : 1118 रन (39 पारी) |

### राहुल ने किया कमाल

राजकोट में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज केएल राहुल ने बल्ले से बड़ा कमाल कर दिया। मिडिल ऑर्डर के बुरी तरह लड़खड़ाने के बाद केएल राहुल ने मजबूती से एक छोर संभालते हुए बेहतरीन शतक ठोक दिया। केएल ने महज 87 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका दूसरा वनडे सैकड़ा है। उन्होंने वनडे करियर का 8वां शतक जड़ा। राहुल राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में वनडे शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं। केएल से पहले कोई भी भारतीय बल्लेबाज वनडे में यहां तीन डिजिट का स्कोर नहीं बना पाया था। इस धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर राहुल मोहम्मद अजहरुद्दीन से आगे निकल गए। केएल ने भारत की ओर से सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने के मामले में अजहरुद्दीन को पछाड़ा। अजहरुद्दीन अपने 334 मैचों के वनडे कॅरियर में सिर्फ सात शतक ही लगा पाए थे। हालांकि, राहुल ने यह कारनामा अपने करियर के सिर्फ 93वें वनडे में ही कर दिखाया।

### खास अंदाज में सेलिब्रेट किया शतक

केएल ने अनोखे अंदाज में अपना शतक का सेलिब्रेशन किया। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद मुंह में उंगली दबाकर शतक का जश्न मनाया, जिसे उनके बेटी से जोड़कर देखा जा रहा है। इस सेलिब्रेशन का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## आईसीसी रैंकिंग

# कोहली की बादशाहत फिर कायम एक बार फिर बने नंबर वन



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण पूर्व कप्तान रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

भारत ने रविवार को खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। इस मैच में कोहली ने 91 गेंदों पर 93 रन बनाए। उन्होंने पिछले पांच मैच में कम से कम अर्धशतक जरूर लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 74 रन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135, 102 और नाबाद 65 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन बनाए। कोहली ने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने 11वीं बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह अब तक कुल 825 दिन शीर्ष पर रह चुके हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड है।

### गिल पांचवें स्थान पर बरकरार

शुभमन गिल ने अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है, जबकि श्रेयस अय्यर शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेलने से एक पायदान आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह कोहली (785 अंक) से केवल एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मिचेल के साथी खिलाड़ी डेवोन कॉनवे तीन पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# इंडिया ओपन : श्रीकांत जीते पहले दौर से बाहर सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीवी सिंधू बुधवार को इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद कड़े मुकाबले में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं जबकि किदांबी श्रीकांत हमवतन थारुन मानेपल्ली को हराकर दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी और 2017 की चैंपियन सिंधू को एक घंटा और आठ मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में दुनिया की 23वें नंबर की वियतनाम की खिलाड़ी एनगुएन के खिलाफ 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एनगुएन के खिलाफ सिंधू की यह लगातार तीसरी हार है और उनके लिए यह नतीजा बड़ा झटका है क्योंकि वह पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में पहुंची थी और घरेलू प्रशंसकों को उनसे यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी।



### श्रीकांत की जोरदार वापसी

इंडिया ओपन 2015 के चैंपियन और दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मान्नेपल्ली को 53 मिनट में 15-21, 21-6, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में एकतरफा जीत दर्ज की और फिर निर्णायक गेम में थारुन की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए जीत दर्ज की।

## पार्ल रॉयल्स की रोमांचक जीत, रजा ने आखिरी गेंद पर लगाया छक्का

**पार्ल।** जिंबाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा, जिससे पार्ल रॉयल्स ने बोलैंड पार्क में खेले गए एसए20 क्रिकेट मैच में डरबन सुपर जायंट्स पर छह विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। रॉयल्स को डेविड विसे के आखिरी ओवर में छह रन और आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी। ऐसे में रजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। डरबन सुपर जायंट्स ने कप्तान एडेन मार्क्रम (66) के अर्धशतक और लियम लिविंगस्टोन के 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 186 रन बनाए थे। रॉयल्स ने चार विकेट पर 191 रन बना कर जीत हासिल की। रजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। उनसे पहले रुबिन हरमन (नाबाद 65) और डैन लॉरेंस (63) ने महत्वपूर्ण पारियां खेली। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की।

# अंडर19 विश्व कप : अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| बुलावायो

कई युवा सितारों से सजी भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में छठा खिताब जीतने के लिए अमेरिका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके गुरुवार 15 जनवरी को अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। अब तक खेले गए 16 अंडर-19 विश्व कप में भारत पांच बार का विजेता रहा है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1988 में की गई थी और ऑस्ट्रेलिया ने पहला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। विराट कोहली, रोहित शर्मा, केन विलियमसन, जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों ने इसी टूर्नामेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था और बाद में उन्होंने खुद को खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के रूप में स्थापित किया। भारत ने 2018 के अलावा 2000, 2008, 2012 और 2022 में ट्रॉफी जीती है। वह 2024 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था लेकिन इस बार वह खिताब का प्रबल दावेदार है।

पश्चिम मध्य रेल
वाणिज्य विभाग जबलपुर मंडल
क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/26
दिनांक 13/01/2026
वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एसएलआरलीजिंग ठेके हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है, **श्रेणी-** पार्सल लीजिंग, **कैटेलाग-JBP-C-PLS-26-1, एसेट विवरण-** जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 22181 एवं 12189 के एसएलआर लीजिंग हेतु।, **ऑक्शन प्रारंभ-** 28/01/2026, 12:30 hrs, **ऑक्शन समापन-** 28/01/2026, 13:10 hrs, 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. देखे।, 2. उक्त ई-ऑक्शन आई. आर. ई.पी. एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।, 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।, 4. बोलीदाता IREPS मे उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन मे भाग ले सकते है।, 5. सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहे।
(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## रविवार से शुरू होगा साल का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अल्काराज और सबालेंका को शीर्ष वरीयता

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबलेंका को रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को डाले जाएंगे, जिससे एक दिन पहले पुरुष और महिला वर्ग में 32 वरीय खिलाड़ियों की घोषणा की गई।

पुरुष वर्ग में दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर को दूसरी वरीयता मिली है, जबकि अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को तीसरी और 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को चौथी वरीयता दी गई है। शीर्ष 10 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में लोरेंजो मुसेटी, एलेक्स डी मिनौर, फेलिक्स ऑगर-अलियासिम, बेन शेल्टन, टेलर फ्रिट्ज और अलेक्जेंडर बुब्लिक भी शामिल हैं। दानिल मेदवेदेव 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में कोर्ट पर उतरेंगे। महिला वर्ग में सबालेंका, इगा स्वियातेक और कोको गॉफ लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को नौवीं वरीयता दी गई है। वह शीर्ष 10 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं।



## नए साल की शेल्टन ने की जीत से शुरुआत ऑकलैंड के क्वार्टरफाइनल में एंट्री

**ऑकलैंड।** अमेरिका के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी बेन शेल्टन ने ऑकलैंड ओपन एटीपी टूर प्रतियोगिता में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके वर्ष 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन कैस्पर रूड को हार का सामना करना पड़ा। शेल्टन ने अर्जेंटीना के विश्व में 68वीं रैंकिंग के खिलाड़ी फ्रांसिस्को कोमेसाना पर 7-5, 6-4 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होने के कारण शेल्टन को इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पहले दौर में बाई मिली थी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है। वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट रविवार से मेलबर्न में शुरू होगा। इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त रूड दूसरे दौर में हंगरी के गैर वरीयता प्राप्त फैबियन मारोजसन से 6-4, 6-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मारोजसन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स को हराया था। पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटिश खिलाड़ी कैमरुन नॉरी भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए।

कार्यालय आधुनिक कृषि ग्रामीण कल्याण संस्थान
विज्ञापन संख्या 634802/2026
प्रत्येक जिले की प्रत्येक ग्राम सभा मे 2 कृषि सहायक, 1 कृषि कार्यकर्ता व प्रत्येक न्याय पंचायत मे 1 कृषि अधिकारी, प्रत्येक विकास खण्ड मे 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं एक क्लर्क के पदो पर भर्ती-

| क्रम सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | पदों की सख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कृषि ग्राम विकास अधिकारी | स्नातक पास | प्रत्येक न्याय पंचायत में एक | 29,500/ |
| 2 | कृषि ग्राम विकास कार्यकर्ता | 12वीं पास | प्रत्येक ग्राम सभा में एक | 25,500/ |
| 3 | कृषि ग्राम विकास सहायक | 10वीं पास | प्रत्येक ग्राम सभा में दो | 24,500/ |
| 4 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 12वीं + डिप्लोमा | प्रत्येक विकास खण्ड में एक | 27,500/ |
| 5 | क्लर्क | 12वीं + डिप्लोमा | प्रत्येक विकास खण्ड में एक | 26,500/ |

1. आवेदन फार्म केवल Online ही भरा जायेगा। 2. आवेदन फार्म भरने के लिए कार्यालय की वेबसाइट akgks.org पर लॉग इन करें। 3. आयु सीमा 18 वर्ष से 42 वर्ष 4. सभी जातियो महीला / पुरूषों के लिए 5.आरक्षण नियम अनुसार दिया जायेगा। 6. अन्तिम तिथि 13/02/2026 हेल्पलाइन नंबर +919643046834

## चिंतन

# दुनिया में गंभीर संकट पैदा कर रहे ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में बिगड़ते हालात (आर्थिक संकट, सरकार विरोधी प्रदर्शन और हालिया इजराइल-ईरान संघर्ष के बाद की स्थिति) दुनिया को युद्ध की ओर धकेल रहे हैं, क्योंकि इससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे एक बड़े टकराव की आशंका पैदा हो गई है, खासकर अमेरिका और इजराइल के साथ। इस बीच भारत ने भी ईरान में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है। वहीं, विश्लेषकों का कहना है कि ईरान कमजोर हुआ है और आंतरिक असंतोष के बीच सरकार दबाव में है, जबकि बाहरी शक्तियां हस्तक्षेप की फिराक में हैं, जिससे स्थिति और विस्फोटक हो सकती है। किसी भी छोटी सी चूक से क्षेत्र में बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है और विश्वभर में गंभीर संकट पैदा हो सकता है। ईरान में अमेरिका के दखल के बाद से हालात और पेचिदा हो रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्रुथ सोशल पर ईरानी प्रदर्शनकारियों से कहना कि मदद रास्ते में है। ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखिए। हत्यारों और अत्याचारियों के नाम सुरक्षित रखिए। वे इसकी भारी कीमत चुकाएंगे। ट्रंप की इस टिप्पणी के गंभीर मायने हैं। इससे दुनिया में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के करीबी तीन खाड़ी अरब देश सऊदी अरब, कतर और ओमान ईरान पर किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ये डिप्लोमैटिक लेवल पर सक्रिय हैं, क्योंकि ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है। हालांकि ट्रंप ने ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई का प्लान फिलहाल होल्ड पर रख दिया है, लेकिन अमेरिकी सेना को तैयार रहने के लिए कहा गया था, ताकि आदेश मिलते ही तुरंत एक्शन लिया जा सके। अब सवाल यह है कि अमेरिका आखिर चाहता क्या है। क्योंकि ट्रंप दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहे हैं। इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो वह कतर से ईरान को निशाना बना सकता है। चूंकि कतर को मध्य पूर्व में अमेरिका का अहम सैन्य साझेदार माना जाता है। यहां स्थित अल उदीद एयर बेस अमेरिका का सबसे बड़ा और रणनीतिक सैन्य अड्डा है, जहां 10 हजार से ज्यादा अमेरिकी सैनिक, आधुनिक फाइटर जेट और ड्रोन तैनात हैं। इसके अलावा पाकिस्तान भी हमले के लिए अमेरिका को अपना एयरबेस देने के लिए तैयार है। इस तरह के हालात डरावने हो सकते हैं। निश्चित रूप से युद्ध जैसी स्थिति के परिणाम दुनिया के लिए गंभीर खतरा होंगे। ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ख़िलाफ़ सड़कों पर उबाल जारी है। एक अधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अब तक करीब 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है, लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। अब ईरान सरकार जल्द से जल्द आर्थिक सुधार लागू करे और साथ ही धार्मिक कट्टरता कम करके उदार और प्रगतिशील साथियों की मदद ले, उसी से पूंजीवादी गिद्धों को दूर रखा जा सकेगा और बाहरी ताकतों को रोककर देश में शांति व्यवस्था को कायम किया जा सकेगा।



ऊर्जा नीति
रोहित माहेश्वरी

# भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से होता विस्तार

**भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। अब भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी।**

मोदी सरकार के प्रयासों से भारत की सौर ऊर्जा क्षमता में पिछले दशक में उल्लेखनीय रूप से विस्तार हुआ है। विशाल सौर पार्कों से लेकर शहरों, कस्बों और गांवों की नीली छतों तक, हर जगह सोलर पैनल नजर आते हैं। सिर्फ एक दशक पहले, भारत का सौर ऊर्जा परिदृश्य अपनी प्रारंभिक अवस्था में था, जहां सोलर पैनल केवल कुछ छतों और रेगिस्तानों में ही दिखते थे। आज, देश इतिहास रचने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। असल में, नवीकरणीय ऊर्जा देश की जलवायु रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। दरअसल, भारत उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कर्क रेखा कई राज्यों से होकर गुजरती है। इससे देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय महाद्वीप की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 748 गीगावाट है। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देश की सबसे अधिक सौर ऊर्जा क्षमता है, जो उन्हें भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रमुख चालक बनाती है। चूंकि सौर ऊर्जा अब भारत के ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है तथा भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी। जम्मू-कश्मीर का पल्ली गांव एक उल्लेखनीय उदाहरण बन गया, जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने के कारण भारत की पहली कार्बन-न्यूट्रल पंचायत के रूप में उभरा। भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। देश में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु शीर्ष सौर उत्पादक राज्यों में शामिल हैं, जिनमें राजस्थान की सौर क्षमता अत्यधिक है तथा वहां निरंतर विस्तार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। पीएम सूर्य घर मिशन, नवीकरण ऊर्जा और नेट-जीरो उत्सर्जन की ओर भारत के प्रयासों के मुख्य स्तंभों में से एक है। 13 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ शुरू की गई इस योजना का कुल खर्च 75,021 करोड़ रुपये है। इसका मकसद एक करोड़ घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली देना है, जिससे हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह योजना नवीकरण ऊर्जा स्रोत अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के वादे को समर्थन मिलता है। दिसंबर 2025 तक, 23.9 लाख घरों में पहले ही 7 जीडब्ल्यू स्वच्छ ऊर्जा की स्थापित क्षमता के साथ रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके हैं और पीएम सूर्य घर के तहत 13,464.6 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई है, जिससे यह योजना 1 करोड़ सौर ऊर्जा आधारित घरों के अपने लक्ष्य को पाने की राह पर है। सरकारी आंकड़ों के




मुताबिक सब्सिडी योजना के तहत लगभग 24 लाख घरों में सौर ऊर्जा प्लांट लगे हैं। पीएम-कुसुम योजना किसानों को डीजल के बजाय सौर ऊर्जा का उपयोग करने में सहायता करती है। सरकार बिजली ग्रिड से जुड़े बड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए 'सोलर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विकास' नामक एक योजना चला रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2014 के बाद भारत की सोलर पीवी सेल बनाने की क्षमता लगभग 21 गुना बढ़ गई है। मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क, एशिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पार्कों में से एक है, जिसकी नियोजित क्षमता 600 मेगावाट है। इसकी लागत 330 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार 49.85 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान करेगी। सौर ऊर्जा की बढ़त से भारत की कोयले पर निर्भरता कम हो गई है। हालांकि थर्मल और अन्य गैर-नवीकरणीय स्रोतों से अब भी कुल क्षमता का आधे से ज्यादा हासिल होता है। सौर ऊर्जा अब कुल ऊर्जा में 20 फीसदी से अधिक का योगदान करती है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि तो है लेकिन इसके साथ एक चुनौती भी है। बेशक यह इस्तेमाल में साफ यानी प्रदूषण मुक्त है, लेकिन अगर सही तरीके से प्रबंधन न किया जाए तो सोलर पैनल पर्यावरण के लिए खतरा बन सकते हैं। सोलर पैनल का ज्यादातर हिस्सा रिसाइकल किया जा सकता है। इनमें कांच, एल्युमिनियम, चांदी और पॉलिमर होते हैं। लेकिन इनमें थोड़ी मात्रा में ही मौजूद सीसा और कैडमियम जैसी जहरीली धातुओं को अगर ठीक तरीके से संभाला न जाए तो ये मिट्टी और पानी को प्रदूषित कर सकती हैं। आमतौर पर सोलर पैनल लगभग 25 साल तक चलते हैं, उसके बाद उन्हें हटाकर फेंक दिया जाता है। फिलहाल भारत में सौर कचरे को रिसाइकल करने के लिए अलग से कोई बजट नहीं है और पुराने पैनलों को प्रोसेस करने के लिए कुछ छोटे-छोटे केंद्र ही हैं। भारत के पास सौर कचरे का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। एक अध्ययन के मुताबिक 2023 तक लगभग 1 लाख टन और 2030 तक 6 लाख टन तक सौर कचरा पैदा हो सकता है। अभी यह मात्रा कम है, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि कचरे का असली बोझ आगे आने वाला है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के एक नए अध्ययन के मुताबिक, भारत में 2047 तक 1.1 करोड़ टन से ज़्यादा सौर कचरा पैदा हो सकता है। इसे सुरक्षित रूप से ठिकाने लगाने के लिए लगभग 300 विशिष्ट रीसाइक्लिंग केंद्र चाहिए होंगे और अगले दो दशक में करीब 47.80 करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। संभावित खतरों को देखते हुए भारत में 2022 में सोलर पैनलों को ई-वेस्ट नियमों के तहत लाया गया। इससे अब यह निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि पैनलों की उम्र पूरी होने पर वे (निर्माता) उन्हें इकट्ठा करें, स्टोर करें, तोड़ें और रिसाइकल करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत की सौर ऊर्जा की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित नीति, प्रौद्योगिकी नवाचार और रणनीतिक सहयोग किसी देश के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं। असल में सौर ऊर्जा न केवल भारत के नवीकरण ऊर्जा मिश्रण की रीढ़ बन गई है, बल्कि सतत आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और क्लाइमेट लीडरशिप के लिए अहम कारक है। अंतरराष्ट्रीय सौर अलायंस और ओएसओडब्ल्यूओजी जैसी पहलों के जरिए वैश्विक भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर योजनाओं पर अमल के साथ, भारत यह दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा एक घरेलू समाधान और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा प्रगति का जरिया, दोनों हो सकती है। जैसे-जैसे भारत अपनी सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है, नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और सबको साथ लेकर चलने वाली पहुंच मुमकिन बना रहा है, यह एक मजबूत, निम्न-कार्बन वाले भविष्य की ओर एक साफ रास्ता बना रहा है-दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा राष्ट्रीय और वैश्विक, दोनों तरह के जलवायु लक्ष्यों को पाने के लिए जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अंगीठी का दंश

मनोज कुमार अग्रवाल




# घर-घर में साइलेंट किलर जरा सी चूक जीवन पर भारी

इन दिनों देश के अनेक भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने से तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। ऐसे में ताप के लिए चंद लोग कमरों में अंगीठी जलाकर सोने के कारण जहरीला धुआं चढ़ने से मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। वहीं सैकड़ों लोग बिना वेंटिलेशन वाले बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से आक्सीजन कम होने पर जान गंवा देते हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से हर कुछ महीनों में एक जैसी खबरें सामने आती हैं। बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से निकली जहरीली गैस, दम घुटना और फिर अचानक बाथरूम में नहाने वाले की मौत हो जाना। ये खबरें चौंकाती जरूर हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दी जाती हैं। यही भूल सबसे खतरनाक है। क्योंकि गैस गीजर कोई अचानक खराब होने वाली मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा खामोश खतरा है, जो जरा सी लापरवाही पर जान ले सकता है। आपको पता हो कि कमरे में लकड़ी या कोयले की अंगीठी जलाकर रखने से 'ऑक्सीजन' की कमी हो जाती है और 'कार्बन मोनोआक्साइड' सीधे दिमाग पर असर डालती है, जो सांस के जरिए पूरे शरीर में फैल जाती है। इससे शरीर में ' हीमोग्लोबिन' कम हो जाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह बाथरूम में गैस गीजर चलाने पर भी आक्सीजन कम हो जाती है और कई लोग हर साल जान गंवा देते हैं। कुछ दुखद घटनाओं की बानगी देखिए 22 दिसंबर को यूपी के पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। 2 जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई। 27 दिसम्बर, 2025 को 'छपरा' (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को 'गयाजी' (बिहार) के 'कुर्किहार' गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे 'सुजीत कुमार' और 'अंशु कुमारी' नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी 'मीना देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में 'गुरमीत सिंह' तथा उनकी पत्नी 'जसबीर कौर' की ठंड से बचने के लिए जला कर कमरे में रखी लकड़ियों की गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को ही 'पटौदी' (हरियाणा) में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी सुलगा कर सोना एक श्रमिक के परिवार पर आफत बन कर टूटा तथा दम घुटने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मृत्यु एवं परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। 9 जनवरी, 2026 को 'हजारीबाग' (झारखंड) के 'बानादाग' गांव में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे दम्पति की दम घुटने से जान चली गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'कोडरमा' (झारखंड) के 'पूरना नगर' में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कोयला जलाकर सो रहे पति-पत्नी 'वीरेंद्र शर्मा' और 'कांति देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'उत्तर काशी' (उत्तराखंड) के 'चाम्पकोट' में कमरे में जल रही अंगीठी की गैस के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से बीमार हो गया। 10 जनवरी, 2026 को 'आरा' (बिहार) के 'छोटकी सिंगरी' गांव में एक कमरे में अपने माता-पिता और बहन के साथ ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे 12 वर्षीय बच्चे 'बजरंगी सिंह' की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से बीमार हो गए। और अब 11 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे' अर्शदीप सिंह' (20), उसकी पत्नी' जशनदीप कौर' (19) तथा 2 महीने के मासूम बेटे 'गुरबाज सिंह' की दम घुटने से मौत हो गई और 'अर्शदीप सिंह' का साला 'किशन सिंह' बेहोश हो गया। उक्त सब घटनाओं का सबक यही है कि बंद कमरे में अंगीठी नहीं जलानी चाहिए और यदि जलानी ही पड़े तो सोने से पहले उसे बुझा देना चाहिए ताकि धुआं पैदा न हो। स्थानीय प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी चाहिए कि इस बारे लोगों को जागरूक करे, ताकि इस तरह की दर्दनाक और असामयिक मौतों से बचा जा सकें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदाहरण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# अर्जुन को विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### मकर संक्रांति और संस्कृति

मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन, सामाजिक सहभागिता और लोकजीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह वह समय है जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है और प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पर्व से जुड़ी पतंगबाज़ी की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसने समय के साथ स्वयं को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी आयामों को भी अपने भीतर समाहित किया है। आज पतंग उड़ाना सिर्फ छतों पर खड़े होकर डोर खींचने का खेल नहीं, बल्कि सामूहिक उत्सव, मानसिक प्रसन्नता और शारीरिक सक्रियता का प्रतीक बन चुका है। *-गिरीश देवांगन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मकर संक्रांति व पोंगल की बधाई



पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है। मकर संक्रांति और पोंगल कि देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### देशवासियों के कल्याण की कामना



स्वसंस्कृति व स्वधर्म की रक्षा के लिए सरबंस दानी गुरु गोबिंद सिंह जी ने त्याग व बलिदान के जो आदर्श स्थापित किए थे, वे हर देशवासी के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। आज अहमदाबाद के थलतेज में गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेक कर देशवासियों के कल्याण की कामना की।
**-अमित शाह, गृह मंत्री**

### वेटरन्स को उचित सम्मान



सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन का एक नया अध्याय शुरू होता है। सरकार का प्रयास है कि यह अध्याय गरिमा और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण हो। अपने वेटरन्स के साथ-साथ हम उन सैनिकों को भी उचित सम्मान दे रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**


### तमिल संस्कृति पर हमला



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से 'जना नायकन' को रोकने की कोशिश तमिल संस्कृति पर हमला है। मिस्टर मोदी, आप कभी भी तमिल लोगों की आवाज को दबाने में सफल नहीं होंगे। भारत लोकतांत्रिक देश है व लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# मेरी किताब लोगों को जुड़ने को करेगी प्रेरित : पद्मा लक्ष्मी



भारतीय-अमेरिकी टेलीविजन हस्ती और पाक कला विशेषज्ञ पद्मा लक्ष्मी ने कहा कि अमेरिका में मौजूदा वक्त 'अंधकारमय' है और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी नयी किताब ऐसे समय में अलग-अलग समुदायों के लोगों को एक-दूसरे के प्रति जिज्ञासा जगाने, संवाद करने और जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह दौर शायद और भी 'अंधकारमय हो जाएगा', फिर अंत में रोशनी की किरण दिखाई देगी। पाक कला पर लक्ष्मी की नवीनतम पुस्तक 'पद्माज़ ऑल अमेरिकन: टेल्स, ट्रेवल्स, एंड रेसिपीज़ फ्रॉम टेस्ट द नेशन एंड बियॉन्ड' अमेरिका की समृद्ध पाक कला और प्रवासी विविधता का संग्रह है। अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों में प्रवासियों के विरोध की बढ़ती भावना के समय में, लक्ष्मी ने आशा व्यक्त की है कि उनकी नयी पुस्तक लोगों में अन्य समुदायों के प्रति जिज्ञासा जगाएगी और उन्हें अन्य संस्कृतियों और देशवासियों से जुड़ने तथा संपर्क स्थापित करने में सक्षम बनाएगी। लक्ष्मी ने पिछले महीने यहां 'एशिया सोसाइटी' में 'द कल्चर ट्री' के साथ साझेदारी में आयोजित एक वार्ता के दौरान कहा, 'हमारा देश इस समय एक बहुत ही अंधकारमय दौर से गुजर रहा है और मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि प्रकाश वापस आने से पहले शायद यह और भी अंधकारमय होगा।'

## ऑफ बीट

# प्लास्टिक कप से निकल सकते हैं माइक्रोप्लास्टिक के कण



एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि प्लास्टिक या प्लास्टिक-लाइनिंग वाले कॉफी कप के गर्म पेय के संपर्क में आने पर बड़ी संख्या में माइक्रोप्लास्टिक कण निकल सकते हैं, जो सीधे पेय में मिल जाते हैं। शोध के अनुसार, तापमान माइक्रोप्लास्टिक के उत्सर्जन का सबसे अहम कारण है और कप की सामग्री इसमें निर्णायक भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे पेय का तापमान बढ़ता है, प्लास्टिक से सूक्ष्म कणों के निकलने की दर भी बढ़ जाती है। अध्ययन में बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया में हर साल लगभग 1.45 अरब सिंगल-यूज हॉट बेवरेज कप इस्तेमाल किए जाते हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह संख्या करीब 500 अरब प्रतिवर्ष है। यह संख्या अधिक भी हो सकती है। इतने बड़े पैमाने पर उपयोग के कारण संभावित स्वास्थ्य जोखिम भी व्यापक हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पहले 30 अध्ययनों का विश्लेषण किया, जिनमें पॉलीएथिलीन और पॉलीप्रोपाइलीन जैसे सामान्य प्लास्टिक के व्यवहार को परखा गया। इसमें पाया गया कि गर्म तरल के संपर्क में माइक्रोप्लास्टिक का उत्सर्जन कुछ सौ कणों से लेकर लाखों कण प्रति लीटर तक हो सकता है। वहीं, पेय को कप में कितनी देर तक रखा गया, यह उतना महत्वपूर्ण कारक नहीं पाया गया जितना उसका तापमान महत्वपूर्ण होता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**कटनी।** बिलहरी चौकी पुलिस ने कच्ची शराब जब्त की है। चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय को मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम मतवारी हार बगीचा में सुधीर नरगड़िया पिता बुद्धू लाल नरगडिया निवासी ग्राम करहिया कला को पकड़ा गया। जिसके पास से चार डिब्बों में 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी हुई कच्ची महुआ शराब जप्त कर गिरफ्तार किया।

### सूने घर से हजारों की सामग्री किया पार

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरिया में चोरी की एक घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक बुजुर्ग के सूने घर को निशाना बनाते हुए नगदी और घरेलू सामान चुरा लिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरई निवासी समन लाल, पिता हुल्ली चौधरी 73 वर्ष के घर में यह वारदात 12 एवं 13 जनवरी की रात में हुई। बताया गया कि घर के सदस्य बाहर गए हुए थे, इसी दौरान चोरों ने सूने मकान में सेंध लगाई। पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक चोरों ने घर में रखा 5,000 नकद, 2 क्विंटल चावल, एक गैस सिलेंडरचुरा लिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 17,000 रूपये बताई जा रही है।

### एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज बनी कटनी प्रभारी



**कटनी।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद मध्यप्रदेश के लीगल सेल के प्रदेश प्रभारी एडवोकेट विवेक तिवारी ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए कटनी की अधिवक्ता अंजुला सरावगी बजाज को कटनी का प्रकोष्ठ प्रभारी नियुक्त किया गया है आपकी नियुक्ति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे की सहमति से परिषद के कटनी जिला अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया की अनुशंसा पर की गई।

### 85 हजार रुपये लेकर नहीं कराई जमीन की रजिस्ट्री, मामला दर्ज

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पडरवारा–अमीरगंज इलाके में जमीन सौदे को लेकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर 85 हजार रुपये लेने के बाद इकरारनामा कर मुकर जाने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। फरियादी आशुतोष श्रीवास, पिता सुशील श्रीवास उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12, बिलहरी ने माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी रोहित शर्मा, निवासी मानसरोवर कॉलोनी,ने जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए 85,000 की रकम ली थी। आरोप है कि आरोपी ने पहले इकरारनामा किया और जल्द रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में वह अपनी बात से मुकर गया और न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही ली गई रकम वापस की। शिकायत की जांच के बाद माधवनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की विवेचना जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### भागवत कथा आज से

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीप वर्ती ग्राम खमरिया बागरी में आज से श्री विष्णु महायज्ञ की 13 वी वर्षगाठ पर श्री मद भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू होगी । पंडित मानवेंद्र पौंडी वाले कथा का वाचन करेंगे। आयोजन समिति के देवी सिंह बागरी डी एस पी ,प्रकाश सिंह बागरी पूर्व जनपद अध्यक्ष,सरपंच अनिल सिंह बागरी ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि में श्री रामलीला का आयोजन भी होगा।

---

### आबकारी अमले ने पांच गांवों में की कार्यवाही, 10 प्रकरण किये गये पंजीबद्ध

# कार्यवाही: 1.27 लाख से अधिक की हाथ भट्टी मदिरा एवं महुआ लाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रामीण अंचलों में शराब का अवैध कारोबार तेजी से पनप रहा है। सख्त कार्यवाही नहीं होने के चलते शराब माफिया बेलगाम हो गये हैं। गांव गांव गुर्गों के माध्यम से शराब का अवैध कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। आबकारी विभाग की कार्यवाही अधिकतर कच्ची शराब बनाने वालों पर होती है जबकि लायसेंसी दुकानों के ठेकेदार गुर्गों के माध्यम से गांवों एवं मोहल्लों में पैकारियों का संचालन करवा रहे हैं। वाहनों के माध्यम से शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। शिकायतों पर न पुलिस ध्यान देती है और न ही आबकारी अमला। जब कभी सड़क पर उतर कर लोग उग्र प्रदर्शन करते हैं तब फौरी तौर पर कार्यवाही कर इतिश्री कर ली जाती है।

बेजा मुनाफा के चलते इस कारोबार से जुड़े माफियाओं को कानून का भय भी नहीं है। शराब के अवैध कारोबार सुदूरवर्ती ग्रामों में भी किया जा रहा है। जिन ग्रामों में प्रशासनिक सहूलियतें भी मुश्किल से पहुंच पाती है वहां भी अवैध शराब सहज रूप से मिल जाती है। नशा कारोबारियों ने मोहल्ले-मोहल्ले अपनी दुकाने खोल रखी हैं। नशे के इस कारोबार को लठैतों के दम पर संचालित किया जा रहा है। किसी गांव-मोहल्ले में यदि लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो इन्हीं लठैतों द्वारा अभद्र व्यवहार के साथ मारपीट तक करने में उतारू रहते हैं। पुलिस और आबकारी विभाग के सुस्त रवैया से इनके हौसले भी बुलंद हैं।



#### यहां की गई कार्यवाही

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक 03 में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा वृत अंतर्गत ग्राम भगनवारा, टेढ़ी, गुबराधरी, सलैया, लालपुर में दबिश दी गई । जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि टीम द्वारा दविश के दौरान 40 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 1215 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 1 लाख 27 हज़ार रूपये से अधिक आंकी गई है।जब्तक महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं 34 (1) च के तहत कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इस कार्यवाही में वृत्त क्रमांक 03 प्रभारी आंचल प्रजापति, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके, आबकारी आरक्षक, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, राम सिंह, सैनिक रवि शंकर तिवारी का योगदान रहा ।

शराब माफियाओं की नकेल न कसने और शिकायतों पर कार्यवाही न होने से इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नशे का यह गोरखधंधा मिलीभगत से ही किया जा रहा है। देशी व विदेशी शराब गली-कूचो में बिक रही है। युवाओं और बड़ों को नशा करते देख किशोरवय उम्र में नशे का सेवन शुरू कर देने से शारीरिक विकृतियों के साथ मानसिक दोष भी बढ़ रहे हैं। सबसे बुरा हाल मध्यम व मजदूर वर्ग के लोगों का है। इनकी अधिकांश कमाई नशा माफियाओ की जेब में जा रही है।

---




## 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस जनों ने शुरू की भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा बुधवार से भूख हड़ताल पर बैठ गये। दोपहर करीब 1 बजे से कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं तथा समाज सेवियों व जन समर्थन के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल प्रारम्भ हुई है। जिन मांगों को लेकर भूख हड़ताल की जा रही है उनमें मुख्य रूप से 1. स्थाई तौर पर BMO की तैनाती की जाए 2. एंबुलेंस परिचालन की व्यवस्था सुदृढ़ रूप से की जाए ताकि ग्रामीणों को इस सेवा का लाभ मिल सके 3. महिला चिकित्सक की पदस्थापना की जाए 4. शव वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए 5. फ्रीजर की व्यवस्था की जाए 6. रात्रि कालीन व्यवस्था हेतु भी डॉक्टर उपलब्ध कराए जाए7. जनरेटर की 24x7 व्यवस्था की जाए 8. CT स्कैन मशीन की भी व्यवस्था कर उसे मुफ्त किया जाए 9. मरीजों के परिजनों को रुकने हेतु रैन बसेरा का निर्माण कराया जाए।

#### ये हुए भूख हड़ताल में शामिल

विकास निगम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस बड़वारा ओमकार सिंह जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कटनी शैलेष जायसवाल विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस बड़वारा एन डी तिवारी, सुनिल सिंह, राजेश सिंह, संदीप सिंह, ओंकार गौतम, रंजीता सिंह, प्रभा सिंह, अजय सिंह, चंद्रभान सिंह, कृष्णकुमार सोनी, माधव तिवारी, रामकृपाल शर्मा ,गुड्डू राय, जित्तू गुप्ता, संदीप बैरागी, श्याम बिहारी राय, रणजीत सिंह दीपक चौधरी, रवि बैरागी, पदम बर्मन, महेंद्र सिंह, शिवचरण चौधरी, राम अवध कचेर, शरद खटीक, शहजाद खान राहुल मोगरे मनीष पटेल नीरज अहिरवार आदि शामिल रहे।

---

*पार्षद मिथलेश जैन की याचिका पर 4 सप्ताह में मांगा गया है जवाब*

## कचरा संग्रहण योजना में करोड़ों का भ्रष्टाचार, हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा घर घर से कचड़ा संग्रहण की योजना में करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए इस कार्य में ठेकेदार रेमकी इनवायरो इंजीनियर प्राईवेट लिमिटेड एवं नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए यह बतलाया है कि फर्जी बिलों के माध्यम से कंपनी को लाखो रुपये की राशि का भुगतान कर शासन कोष को हानि पहुँचाई जा रही है ।

उक्त संबंध में पार्षद मिथलेश जैन की रिट अपील पर म.प्र. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बैंच में इस मामले में मिथलेश जैन के द्वारा प्रस्तुत अपील याचिका में म.प्र. शासन, आर्थिक अपराध अनुसंधान विभाग, नगर निगम कटनी, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग इत्यादि को नोटिस जारी कर 04 सप्ताह में जवाब मांगा है ।

मिथलेश जैन के द्वारा रिट अपील में बताया गया कि नगर निगम कटनी और रेमकी इनवायरो इंजीनियर प्राईवेट लिमिटेड के बीच 07 मई 2015 को रीजनल इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के तहत समझौता हुआ था। समझौते के अनुसार हर घर से कचरा संग्रहण कर नागरिकों को बिल देना अनिवार्य था। कचरे को छोटे वाहनों से सीधे कम्पैक्टर में डालकर प्लांट तक ले जाना था। कचरे का सेग्रीगेशन (छंटाई) करना जरूरी था। रैमकी इनवायरो कंपनी के द्वारा बिल जारी न होने के बाद भी नगर निगम ने कम्पनी को भुगतान किया और बाद में राशि प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़कर जनता से वसूली की जा रही है। आरोप यह भी है कि लाखों मीट्रिक टन कचरा उस कृषि भूमि पर डंप किया गया, जो प्लांट के लिए आवंटित नहीं थी। अपील में इसे मास्टर प्लान तथा प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन बताया गया है। इन अनियमितताओं की शिकायतें नगर निगम, प्रशासन, पुलिस और ईओडब्ल्यू तक की गईं। वर्ष 2023 में शिकायत दर्ज होने के बावजूद न तो प्रारंभिक जांच पूरी हुई और न ही एफआईआर दर्ज की गई। कंपनी द्वारा कचरा ढोने वाले वाहनों से मलमा सामग्री ढोकर वजन के आधार पर भुगतान लिया जा रहा है। इतना ही नहीं, रेलवे और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कचरे को भी उसी स्थल पर डंप कर कंपनी द्वारा तीन गुना भुगतान लिया जा रहा है, याचिका में अन्य गंभीर आरोप भी लगाये गये हैं।

#### सरकारी धन के दुरूपयोग पर एफआइआर की मांग

पार्षद मिथलेश जैन द्वारा हाईकोर्ट में रिट अपील दाखिल करके नगर निगम अधिकारियों, रैमकी इनवायरो कंपनी के निदेशकों और प्लांट प्रभारी के खिलाफ आर्थिक अनियमितता, पर्यावरण उल्लंघन और सरकारी धन के दुरुपयोग पर एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग हाईकोर्ट से की गई है।

---

### महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया युवा दिवस कार्यक्रम



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती तोषी पटेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख वक्ता सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्या यादव ने युवा दिवस का महत्व एवं आवश्यकता को समझाया । युवा देश के गौरवशाली अतीत एवं भव्य भविष्य की कड़ी हैं। युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लगाना और उन्हें कौशल युक्त बनाना ही नए भारत और विकसित भारत के निर्माण में सहायक होगा। कार्यक्रम में 'विकसित भारत विज़न 2047' पर भी प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों का ज्ञानार्जन हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों की महत्ता एवं प्रासंगिकता को समझा। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के मार्गदर्शन में दौड़ का भी आयोजन किया गया जो कि रन फॉर स्वदेशी थीम पर आधारित थी। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने दौड़ में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों व कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।

---

## चाइनीज मांझा की बिक्री को रोकने के लिए पुलिस का विशेष सर्चिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में चाइनीज मांझा के अवैध विक्रय और उपयोग पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने जिलेभर में विशेष सर्चिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित पतंग दुकानों, जनरल स्टोर्स एवं अन्य संभावित प्रतिष्ठानों में पुलिस टीमों ने अचानक निरीक्षण कर सघन तलाशी ली। इस दौरान दुकानों में रखे सामान की गहन जांच की गई।

पुलिस ने दुकानदारों को चाइनीज मांझा के विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध की सख्त हिदायत दी। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझा पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई, जप्ती एवं अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि चाइनीज मांझा अत्यंत खतरनाक और जानलेवा है। पूर्व में इससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों और पक्षियों के गंभीर रूप से घायल होने तथा मृत्यु की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। धातु और केमिकल मिश्रित होने के कारण यह शरीर के विभिन्न हिस्सों में गहरी चोट पहुंचाता है।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं और अपने बच्चों को चाइनीज मांझा के उपयोग से दूर रखें तथा इसकी बिक्री या भंडारण की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

---

*मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियों का होगा प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे*

## गणतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में हर्षोल्लास से उत्साहपूर्वक गणतंत्रता दिवस समारोह मनाया जायेगा। इसके लिये सभी जरूरी तैयारियां और व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश गणतंत्र दिवस की व्यवस्थित और भव्य आयोजन के मद्देनजर आयोजित बैठक में दिये।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया सहित सभी विभागो के विभाग प्रमुख मौजूद रहें।

गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे पुलिस लाईन ग्राउण्ड झिंझरी में आयोजित होगा। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जावेगा। तत्पश्चात जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल, होमगार्ड, एन.सी. सी. गर्ल्स, बॉयज एवं स्काउड-गाइड, शौर्य दल, वन विभाग कटनी, एन.एस.एस. कटनी के द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, मार्च पास्ट कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। तत्पश्चात शील्ड व पुरस्कार वितरण किया जावेगा। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय कार्यालयों में एक दिन पूर्व रोशनी की व्यवस्था की जावेंगी।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में देशभक्ति, लोक संस्कृति इत्यादि से ओतप्रोत थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये कलेक्टर श्री तिवारी ने चयन समिति का गठन किया है। इस समिति में जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य डाईट स्कूल, सहायक परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला परियोजना समन्वयक और आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक को शामिल किया गया है। यह चयन समिति शासकीय व अशासकीय स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति भौतिक चयन प्रक्रिया के माध्यम से करेगी।

कलेक्टर ने नगर पालिक निगम कटनी, जिला पंचायत कटनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग/जलनिगम, पशु चिकित्सा विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग (संयुक्त रूप से), महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, ऊर्जा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग और उद्यानिकी विभाग को अपनी-अपनी झांकियां प्रदर्शित करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने मुख्य कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन का दायित्व डाईट के व्याख्याता राजेन्द्र असाटी और जैन पू.मा.वि. की प्राचार्य सीमा जैन को दिया। इसके अलावा कलेक्टर श्री तिवारी ने मुख्य समारोह में बैठक व्यवस्था, मंच व्यवस्था, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, परेड अभ्यास आदि के संबंध में भी निर्देश दिये हैं।

---

### प्राथमिक स्कूल में विद्यार्थियों से ली पढ़ाई लिखाई की जानकारी

## उबड़-खाबड़ रास्तों व मेढ़ों पर चलकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखंड ढीमरखेड़ा के भ्रमण के दौरान खेतों, मेढ़ों और उबड़-खाबड़ रास्तों से करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर जलग्रहण मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम झिर्री में करीब 15 लाख रूपये की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहे। कलेक्टर को निरीक्षण के दौरान झिर्री तालाब में पानी की पर्याप्त उपलब्धता मिली। बताया गया कि यहां तालाब के समीपवर्ती 8-9 किसानों द्वारा करीब 25 एकड़ खेतों के फसलों की सिंचाई इसी तालाब से की जा रही है।



भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने प्राथमिक शाला मढ़िया टोला झिर्री पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा 3 की छात्रा रिया से 2 का पहाड़ा और कक्षा 5 के छात्र विवेक सिंह से स्कूल परिसर में ही मौजूद खंबों की संख्या का जोड़ पूछा। दोनों ही छात्रों ने सही उत्तर दिया, जिस पर कलेक्टर ने छात्रों को शाबाशी दी। कलेक्टर ने पूछा हाथ उठाकर बतायें कितने बच्चें प्रतिदिन स्कूल आते हैं, जिस पर सभी ने हाथ उठाकर बताया कि वे सभी आते हैं। आज मध्यान्ह भोजन में सभी बच्चों ने खीर, सब्जी और पूरी मिलने की जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्कूल के किचन शेड बनवाने के भी निर्देश दिये। स्कूल में शिक्षक गोरेलाल यादव और नीतू साहू मौजूद मिले। कलेक्टर ने स्कूल के समीप जल ग्रहण मिशन के वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया और कम पौधारोपण पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये यहां विभिन्न प्रजातियों के और अधिक पौधे रोपकर इसे उद्यान के स्वरूप में विकसित करने के निर्देश दिये।

#### दिव्यांग से मिले कलेक्टर

कलेक्टर जब झिर्री से कार्यों के निरीक्षण के बाद निकल रहें थे, तभी उन्हे झिर्री निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग जगदीश यादव दिखें। इस पर कलेक्टर ने गाड़ी रूकवाकर तत्काल जगदीश के पास जाकर जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी को निर्देशित किया कि जगदीश को ट्राइसाइकल दिलाना सुनिश्चित करें। ताकि इन्हें कहीं भी जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

---

## विवेकानंद के बताए मार्ग को आत्मसात करे युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला एवं ग्रामोदय से अभ्युदय के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन की उपस्थिति रही। अतिथियों के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर चित्रा प्रभात, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी, वेद प्रकाश परोहा कौशल विकास केंद्र, अनिल कांबले डीपीएल आनंद विभाग, प्रफुल्ल कुमार सोनी जिला समन्वयक गायत्री परिवार एवं डॉ तेज सिंह केशवाल जिला समन्वयक जन अभियान परिषद की मौजूदगी रही। जिला समन्वयक डॉ



तेज सिंह केशवाल ने बताया कि परिषद महापुरुषों की जयंती का आयोजन करते हुए समाज को महापुरुषों के जीवन के संदेश को समाज तक पहुंचाने का प्रयास करता रहता है।

#### 26 तक चलेगा अभियान

स्वामी विवेकानंद की जयंती के आयोजन के साथ ही 12 जनवरी से 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अपने जीवन में उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी, साथ ही मध्य प्रदेश शासन के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई देते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचाने में जन अभियान परिषद की भूमिका का उल्लेख करते हुए सभी से इस कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की , साथ ही ग्रामों को समृद्ध बनाने के लिए शिक्षा स्वास्थ्य जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण ऊर्जा संरक्षण नशा मुक्ति स्वच्छता जैविक एवं प्राकृतिक कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों में ग्रामों में काम करने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपनी विरासत को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई नर्मदा तटों में आस्था की डुबकी

# पर्वः तारीख वालों ने मनाई, तिथि वाले आज मनायेंगे मकर संक्रांति



**जबलपुर।** मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी बुधवार को शहर में पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। तिथि को लेकर आज गुरुवार को भी संक्रांति का पर्व मनाया जायेगा। आज भी नर्मदा के तटों पर डुबकी लगेगी। श्रद्धालुओं की भीड़ का ध्यान रखते हुए प्रशासन ने यातायात के व्यापक पैमाने पर प्रबंध कर रखे हैं। इस अवसर पर पुण्य सलिला पावन मां नर्मदा के तटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार को नर्मदा के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई। भगवान सूर्य देव की उपासना के इस पर्व पर हवन पूजन और भंडारों के आयोजन भी हुआ। गौरीघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट में संक्रांति पर्व पर कड़ाके की ठंड के बावजूद नर्मदा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने तड़के 4 बजे से नर्मदा में डुबकी लगाना प्रारंभ कर दिया था। ज्यो-ज्यों दिन चढ़ता गया त्यों-त्यों नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। गौरीघाट और तिलवाराघाट में भीड़ का आलम यह था कि घाटों पर पैर रखने की जगह नहीं थी। सुबह 9 बजे से सुख सागर वैली के पास से ही वाहनों को रोक दिया गया था। जबकि चौपाया बड़े वाहनों को रेल्वे फाटक के पार नहीं जाने दिया गया। पुलिस ने रेतनाका, गौरीघाट बस स्टेण्ड और झंडाचौक में बैरीकेटिंग करके रखी थी।

शनैः-शनैः मकर संक्रांति पर्व भी आधुनिकता में शामिल हो गया है। पहले नर्मदा तटों के किनारे बड़े-बड़े टेंट लगा करते थे और ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में बैलगाड़ियों में सवार होकर नर्मदा तटों की ओर भजन कीर्तन करते चले आते थे। गौधूलि बेला में बैलों के गले में पड़ी घंटियों की गूंज और उनके पैरों के खुर से उड़ती धूल मकर संक्रांति के आने की आहट सुना देती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। यद्यपि संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में कूम्ही सतधारा (सिहोरा), बरमान (नरसिंहपुर), डिंडौरी (मण्डला) के नर्मदा तटों पर अभी भी मेले भरते हैं। पहले मकर संक्रांति पर्व पर नर्मदा के बरमान घाट और जबलपुर के तिलवारा घाट का विशेष महत्व था। अब गौरीघाट, तिलवारा, लम्हेटा, भेड़ाघाट आदि सभी तटों पर मकर संक्रांति के मेले में लोग वाहनों से पहुंचकर स्नान ध्यान कर लौट पड़ते हैं। कभी यह मेला हफ्तों चला करता था। मकर संक्रांति पर्व पर तिल का लेप लगाकर स्नान करने और तिल व गुड़ से बनी वस्तुओं का दान और सेवन करने का विशेष महत्व है।

### घाटों में सुरक्षा के इंतजाम

जिला व पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने मकर संक्रांति पर घाटों मे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। घाटों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के अलावा स्थानीय गोताखोर और एसएएफ के तैराक मौजूद रहें। मोटर बोट से गोताखोर निगरानी करते रहे। वहीं सुरक्षा कानून व्यवस्था के लिये जिला कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी।

### दो किलोमीटर पैदल चलना पड़ा

भीड़ का आलम यह था कि वाहनों को गौरीघाट में रेतनाका के पहले सुखसागर वैली के पास ही रोक दिया गया। इसी प्रकार तिलवाराघाट में भी घाट से दो किलोमीटर पहले टेम्पो, ऑटो, कार, टैक्सी आदि चौपाया वाहनों को रोक दिया गया था। श्रद्धालुओं को 1 से 2 किलोमीटर तक पैदल चलकर घाट तक पहुंचना पड़ा। केवल निःशक्त लोगों को घाट तक पहुंचाने की सुविधा दी गई थी।

### आज भी लगेगी डुबकी

इस बार पूरे देश में संक्रांति दो दिनों तक है। तारीख वालों ने जहां मकर संक्रांति बुधवार को ही मना ली, वहीं तिथि मानने वाले पर्व आज गुरुवार को संक्रांत मनाएंगे। वैदिक ज्योतिष और पंचांग के मुताबिक मकर संक्रांति बुधवार अपरान्ह बाद से शुरु हो रही है लेकिन पारंपरिक रूप से पर्व बुधवार को ही मनाया गया। चूंकि 14 जनवरी को सालों से मकर संक्रांति मनाई जा रही है। जिसके चलते सुबह से ही नर्मदा तटों पर पहुंच कर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाने का सिलसिला शुरु हुआ। इसके लिए कल शाम से ही आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने ठंड के बावजूद तटों पर डेरा डाल रखा था।

# सरकारी स्कूलों की बदहाली पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में संचालित सरकारी स्कूलों की जर्जर स्थिति और अव्यवस्थाओं को लेकर मंगन सिद्दीकी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कई स्कूलों के भवन बेहद जर्जर हैं, छतें गिर चुकी हैं और बारिश के मौसम में बच्चों को बैठने तक की जगह नहीं मिलती, जिससे उनकी जान को खतरा बना रहता है। ज्ञापन में बिजली, पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी, उर्दू माध्यम स्कूलों की उपेक्षा और पर्याप्त भवन व मैदान होने के बावजूद कुछ स्कूलों को 12वीं तक मान्यता न मिलने की समस्या भी उठाई गई। प्रमुख रूप से ठक्करग्राम, शास्त्री वार्ड, गोहलपुर और बड़ी मदार टेकरी क्षेत्र के स्कूलों की स्थिति में तत्काल सुधार और कुछ विद्यालयों को 12वीं तक मान्यता देने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि गरीब वर्ग के बच्चों के लिए सरकारी स्कूल ही शिक्षा का एकमात्र सहारा हैं, ऐसे में उनकी बदहाली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कलेक्टर से स्कूलों की जर्जर स्थिति सुधारने और आवश्यक मान्यता दिलाने का अनुरोध किया गया।



### पं मदनमोहन अवस्थी बने प्रदेश संयोजक

**जबलपुर।** संस्कारधानी के वरिष्ठ पत्रकार पंडित मदनमोहन अवस्थी को श्रमजीवी पत्रकार परिषद, मध्यप्रदेश इकाई का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेयी, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष और संभागीय अध्यक्षों ने उन्हें बधाई दी। पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में परिषद नए आयाम हासिल करेगी और उन्नति के पथ पर और मजबूती से अग्रसर होगी।

## जबलपुर में 'मंडल मसीह' शरद यादव की पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई



**जबलपुर।** सामाजिक न्याय और मंडल आंदोलन के प्रखर समर्थक, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव की पुण्यतिथि पर शहर के घंटाघर स्थित कॉफी हाउस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवी, पत्रकार, वकील, डॉक्टर और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शरद यादव को "मंडल मसीह" बताते हुए कहा कि उन्होंने पिछड़े वर्गों के अधिकारों और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके सिद्धांतों, वैचारिक प्रतिबद्धता और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण को याद करते हुए वक्ताओं ने युवाओं से उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया। सभा में सर्वसम्मति से शरद यादव की प्रतिमा स्थापना के लिए एक समिति गठित करने और प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान



**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर में 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के रूप में उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सूर्यनमस्कार, प्राणायाम एवं ध्यान, रन फॉर स्वदेशी के अंतर्गत शपथ ग्रहण, दौड़ एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके उच्च आदर्शों और शिक्षाओं को जीवन में अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के प्रेरक वाक्य "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको" को जीवन का मार्गदर्शन सूत्र बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम में डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. रामेश्वर झारिया, डॉ. पुष्पा तनेजा, डॉ. आभा रंजन, डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. रीता घोष, उपस्थित रहे।

# सिटी बंगाली क्लब ने शताब्दी समारोह में टाइम कैप्सूल स्थापित किया

**जबलपुर।**



स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब (करमचंद चौक) ने अपनी शताब्दी पूर्ण होने पर ऐतिहासिक 'टाइम कैप्सूल' (काल पात्र) भूमिगत किया। इसे गूगल द्वारा पंजीकृत कर वैश्विक 'टाइम कैप्सूल लाइब्रेरी' में शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, अमरीश मिश्रा, संस्था अध्यक्ष सुब्रत पाल, सचिव प्रकाश साहा, एनएन मुखर्जी, डीके रॉय, अनुराग पाल और समाज के कई विशिष्टजन उपस्थित रहे। काल पात्र में संस्था से जुड़े दस्तावेज, शताब्दी समारोह के फोटोग्राफ, डिजिटल रिकॉर्ड, संस्था का ध्वज, लोगो, संविधान, नक्शा तथा बंगाली संस्कृति, भाषा, कला और सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों के प्रमाण रखे गए। काल पात्र लगभग पाँच फुट गहरे गड्ढे में पत्थर और आरसीसी से सुरक्षित रूप से भूमिगत किया गया। इसका स्थान गूगल मैप द्वारा चिन्हित किया गया है और भविष्य में वर्ष 2125 में संस्था के 200 वर्ष पूरे होने पर खोला जाएगा। इसके साथ ही संस्था के सामने वाली सड़क और चौराहे का नामकरण क्रमशः सिटी बंगाली क्लब मार्ग और सिटी बंगाली क्लब चौक किया गया। कार्यक्रम में सुब्रत पाल और प्रकाश साहा ने स्वागत भाषण दिया, आभार प्रकट किया गया और प्रियंका ने संचालन किया। सैकड़ों समाजजन इस ऐतिहासिक अवसर में शामिल हुए।

## ब्रह्म मुहूर्त से हिरन नदी सहित अन्य घाटों पर डुबकी

# सतधारा सहित क्षेत्रीय मेलों का शुभारंभ



**सिहोरा।** मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को सिहोरा जनपद अन्तर्गत घाट सिमरिया,मझगवां घाट,सतधारा सहित गंजताल,एंव अन्य सरोवर में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। भोर की प्रथम किरण फूटने से पूर्व ब्रम्हमुहूर्त से लोगों का घाटों तट पर आने का सिलसिला शुरू हो गया। जैसे ही भोर की किरण फूटी तट पर मानों आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।लोगों ने मंत्रोच्चार के साथ में डुबकी लगाई। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। महिलाओं ने विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन किया इसके बाद श्रद्धालुओं ने दान पुण्य किया। वैसे अनेक जगह आज भी मकर संक्रांति मनाई जायेगी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गंजताल,दुनाएं,रुपनाथ सहित जिले के सबसे बड़े मेले सतधारा का शुभारंभ हो गया है विदित हो कुम्ही सतधारा में प्रतिवर्ष मकर संक्रांति से 7 दिनों तक जनपद पंचायत सिहोरा के सौजन्य से विशाल मेले का आयोजन किया जाता है कास्ठ सामग्री के लिए प्रसिद्ध सत धारा मेले में ग्रामीण दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ-साथ लकड़ी के पटा बिल्ला से लेकर दरवाजे खिड़की सोफा अलमारी आदि की खरीददारी करते हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव




**सिहोरा-** वार्ड क्रमांक 11 में चल रहे साप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ में भक्ति और उल्लास के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।

व्यासपीठ से पंडित रमाकांत पौराणिक भेड़ा वाले ने श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंगों का वर्णन किया। इस पावन अवसर पर स्वामी मुकुंद दास महाराज गुप्तेश्वर मंदिर ने कथा में पहुंचकर आशीर्वाद प्रदान किया। जैसे ही भगवान का जन्म हुआ, पूरा पंडाल 'नन्द के आनंद भयो' के जयकारों से गूँज उठा। इस अवसर पर विशेष झांकी सजाई गई और माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। कथा आयोजक मिथिलेश कुमार शुक्ल एवं श्रीमती उमा शुक्ल ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस दिव्य जन्मोत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। व्यासपीठ का पूजन केशव मिश्रा,सुबोध पाण्डेय, राजेश कुररिया,शीतल दुबे, जगदीश प्यासी,अर्जुन गर्ग,योगेंद्र मिश्रा,सुरेंद्र मिश्रा और जय प्रकाश तिवारी आदि ने किया।

# नरवाई तकनीक से गेहूं की फसल में उल्लेखनीय वृद्धि, अधिकारियों ने किया क्षेत्रीय निरीक्षण


**पनागर।**



जनपद पनागर अंतर्गत ग्राम मोहारी में नरवाई प्रबंधन तकनीक से उगाई गई गेहूं की फसल का कृषि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खेतों में गेहूं की फसल में उत्कृष्ट टिलरिंग (कल्ले) और संतोषजनक वृद्धि पाई गई, जो वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों और उन्नत नरवाई प्रबंधन के सकारात्मक परिणाम को दर्शाती है।

यह निरीक्षण कृषक जितेन्द्र कुमार काछी के खेत में किया गया, जो पिछले चार वर्षों से लगभग 16 एकड़ क्षेत्र में हैप्पी सीडर मशीन के माध्यम से नरवाई प्रबंधन अपनाकर गेहूं की बुवाई कर रहे हैं। इस तकनीक के चलते उन्हें निरंतर बेहतर उत्पादन प्राप्त हो रहा है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज शर्मा एवं कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री आकांक्षा राय ने फसल की स्थिति का विस्तृत आकलन किया। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई प्रबंधन से खेतों में नमी संतुलित रहती है, जिससे गेहूं की जड़ें मजबूत होती हैं और कल्लों की संख्या में वृद्धि होती है। इस अवसर पर किसानों को समय पर सिंचाई, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं प्रभावी खरपतवार नियंत्रण संबंधी तकनीकी जानकारी भी दी गई।

### मझौली में श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर



**मझौली।** भगवान विष्णु के वाराह अवतार की कृपा से मझौली नगर में 19 जनवरी से 27 जनवरी तक भव्य श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर नगर में तैयारियां तेजी से चल रही हैं और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महायज्ञ की शुरुआत 19 जनवरी को विशाल कलश शोभायात्रा से होगी। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे कथा वाचन होगा, जबकि शाम 7 बजे से रोजाना रामलीला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 23 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 24 जनवरी को श्री गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग, 25 जनवरी को रुक्मणी विवाह, 26 जनवरी को श्री सुदामा चरित्र तथा 27 जनवरी को हवन, पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ के यज्ञाचार्य एवं कथा वाचक श्री दत्त जी महाराज रहेंगे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# नगर विकास को लेकर विधायक बरकडे से प्रबुद्धजनों की चर्चा

**सिहोरा।** नगर के लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को लेकर जागरूक नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकडे से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया।

नागरिकों ने कहा कि सरकार द्वारा अनेक विकास योजनाओं की सौगात दी गई, लेकिन प्रशासनिक और राजनीतिक शिथिलता के कारण कई कार्य फाइलों में ही अटके हुए हैं। चर्चा के दौरान खेल मैदानों, स्टेडियम निर्माण, आईटीआई भवन, कम्युनिटी हॉल, उद्यान, सेंट्रल स्कूल, जिला न्यायालय भवन और महिला महाविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। नागरिकों ने बताया कि खेल मैदानों के लिए स्वीकृत राशि और प्रस्ताव होने के बावजूद युवाओं को आज तक स्टेडियम की सुविधा नहीं मिल सकी है। इसी तरह आईटीआई के लिए भूमि और बजट उपलब्ध होने के बाद भी भवन निर्माण अधूरा है, जबकि पड़ोसी विधानसभा क्षेत्रों में आईटीआई अपने भवनों में संचालित हो रही हैं। प्रतिनिधिमंडल में अरुण जैन, रमेश पटेल, प्रकाश पांडे, अनिल जैन, सुनील जैन, शिशिर पांडे, राकेश पाठक, राजेंद्र गर्ग, संजय जैन सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे। विधायक संतोष बरकडे ने सभी मुद्दों पर शीघ्र बैठक बुलाने और संबंधित विभागों से चर्चा कर अधूरे विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया।




**श्री सुरेश कुमार हसिजा-** एमआईजी 10, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री सुरेश कुमार हसिजा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुधा देवी जैन-** हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया निवासी श्री महेंद्र कुमार जैन की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा देवी जैन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रिचा धवन-** मजांट लेन लुइजियाना अमेरिका निवासी श्री मनीष धवन की धर्मपत्नी श्रीमती रिचा धवन (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री दिलीप रैकवार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामचरण-** रामपुर शक्ति भवन रोड निवासी श्री रामचरण (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला-** प्रेमसागर निवासी श्री घनश्याम डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती विमला (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हंसराज मलिक-** तिलहरी निवासी श्री हंसराज मलिक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई चौधरी-** बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री हरी प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रोशन लाल पासी-** चेतना मैदान के पास बिलहरी निवासी श्री नितिन पासी के पिता श्री रोशन लाल पासी (67) का गत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोनम सोमकुंवर-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री सुनील सोमकुंवर की धर्मपत्नी श्रीमती सोनम सोमकुंवर (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री आनंद-** रतन कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री मेघराज आनंद की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री आनंद (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मो. शादाब पिता मो. हफिज निवासी :- म.न 652, अहमदनगर, गोहलपुर थाना के पीछे चितरंजन वार्ड जबलपुर म.प्र. आधार नं. 701517425293 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। मेरा सही नाम MOHD SHADAB जो आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं 10 वी की अंकसूची में दर्ज है। किन्तु मेरे पासपोर्ट में (PASSPORT NO. N6538665) में भूलवश मेरा नाम अंग्रेजी में MOHAMMAD SHADAB त्रुटिवश दर्ज हो गया है। अंग्रेजी में MOHAMMAD SHADAB के स्थान पर MOHD SHADAB दर्ज किया जावे। जो कि सत्य व सही है, मेरे द्वारा दी गयी समस्त जानकारी सत्य व सही है, भविष्य में असत्य पायी जाने पर पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है अन्य किसी की नही है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMMAD SHADAB के स्थान पर MOHD SHADAB दर्ज करने के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सही नाम :- MOHD SHADAB
गलत नाम :- MOHAMMAD SHADAB
DD 699652

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15445195H, RANK- SEP, NAME BHOSALE MADHAV VISHNU S/O VISHNU KISANHARI BHOSALE, OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.), R/O SOMANWADI, BEED MAHARASHTRA 431519 solemnly declare and affirm on oath under, I am presently residing at the above mentioned address. My Mother, Aadhar card my Mother Name (UJVALA VISHNU BHOSALE) which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded (UJWALA) Which is incorrect. True and correct Name of my Mother is (UJVALA VISHNU BHOSALE) and same Name shall be corrected in my Army service Record. Above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.

CORRECT NAME
(UJVALA VISHNU BHOSALE)
INCORRECT NAME
(UJWAL)
BV 738682

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **SHWETA SAMUEL DHANUK** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH 1,SHALL BE KNOWN AS **SHWETA DHANUK** W/O SUNIL DHANUK RESIDENT OF H.NO. 14, RAMPUR, SHANKAR SHAH NAGAR, MILAN COLONY, JABALPUR (M. P.) 482008.
75AA 353073